सूर्योदय 6:31 सूर्यास्त 5:39

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 15 न्यू | 25 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,556 |
| निफ्टी | 25,891 |
| सोना 1,25,890 | चांदी 1,60,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 26 अक्तूबर 2025 | 11 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 298, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702




## शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल के पहले दिन ही हुआ हादसा

**जुन्गा में संतुलन बिगड़ने से पैराग्लाइडर नीचे गिरा**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में शनिवार को शुरू हुए तीसरे फ्लाइंग फेस्टिवल के पहले ही दिन हादसा हो गया। जुन्गा में उड़ान भरने के बाद एक पैराग्लाइडर का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह नीचे गिर गया।

पायलट को हल्की चोटें आई हैं और उसे प्राथमिक उपचार दिया गया है। हादसे के बावजूद कार्यक्रम का जोश कम नहीं हुआ और बाकी पायलटों ने रोमांचक उड़ानें जारी रखीं। तीन दिन चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय फ्लाइंग फेस्टिवल में सात देशों के पायलट हिस्सा ले रहे हैं। चीन, जापान, फ्रांस, नेपाल, कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और भारत के पैराग्लाइडर आसमान में अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। आयोजकों के अनुसार चीन के शीर्ष रैंक वाले पायलट पहली बार इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।




## न्यूज शॉर्ट्स

### मशहूर एक्टर सतीश शाह का मुंबई में निधन



**एजेंसी, मुंबई।** एक्टर सतीश शाह का शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया। वे 74 साल के थे। उनके मैनेजर ने बताया कि शाह का पार्थिव शरीर अस्पताल में ही रखा गया है। अंतिम संस्कार रविवार को किया जाएगा। वह लंबे समय से किडनी से जुड़ी परेशानी से जूझ रहे थे और हाल ही में उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। सतीश शाह टीवी शो साराभाई वर्सेज साराभाई और जाने भी दो यारो से फेमस हुए थे। उन्होंने कई मशहूर फिल्मों में काम किया था। (अनंत ज्ञान)

### रिलायंस-फेसबुक ने बनाई नई एआई कंपनी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने फेसबुक के साथ मिलकर एक नई एआई कंपनी बनाई है। दोनों कंपनियों ने इस ज्वाइंट वेंचर का नाम रिलायंस एंटरप्राइज इंटेलिजेंस लिमिटेड रखा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शनिवार को रेगुलेटरी फाइलिंग में इसका ऐलान किया। इसमें मुकेश अंबानी और मार्क जुकरबर्ग की कंपनियों ने मिलकर शुरुआती तौर पर 855 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह नई कंपनी एआई सर्विसेज को डेवलप करने, मार्केटिंग व बेचने पर काम करेगी। (अनंत ज्ञान)

### इंजीनियर ने कार से 8 को रौंदा, 5 की मौत

**एजेंसी, आगरा।** आगरा में शुक्रवार देर रात एक इंजीनियर ने डिलीवरी बॉय समेत 8 लोगों को गाड़ी से रौंद दिया। हादसे में 5 की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हैं। हादसे वाली जगह के नजदीक पुलिस चेकिंग कर रही थी। यह देखकर कार चला रहा अंशुल घबरा गया। वहां से भागने के लिए उसने स्पीड बढ़ाकर 100 से ज्यादा कर ली। उसने पहले डिलीवरी बॉय को टक्कर मारी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अंशुल फिर भी नहीं रुका। उसने 400 मीटर के दायरे में दो जगहों पर 7 और लोगों को रौंद दिया। इसमें 4 की जान चली गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह एक कंपनी में इंजीनियर है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में होगा पंचायतों का पुनर्गठन

## कैबिनेट ने मेयर का कार्यकाल 5 साल किया; हजारों कर्मियों का मानदेय बढ़ा, पूरे प्रदेश में लागू होगा राहत पैकेज

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में पंचायतों के पुनर्गठन को मंजूरी दी गई, वहीं मेयर का कार्यकाल बढ़ाने से लेकर हजारों कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि तक के निर्णय लिए गए। साथ ही, आपदा प्रभावितों के लिए राहत पैकेज को पूरे प्रदेश में लागू करने का भी फैसला हुआ। कैबिनेट बैठक के बाद उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि पंचायतीराज विभाग को पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग को इस संबंध में सौ से अधिक प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में पंचायत चुनावों को कुछ समय के लिए टालने का निर्णय भी लिया गया है, ताकि पहले पुनर्गठन की प्रक्रिया पूरी हो सके।

कैबिनेट ने मेयर के कार्यकाल को ढाई साल से बढ़ाकर पांच साल कर दिया है। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि ढाई साल के कार्यकाल की वजह से हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका रहती थी। इसे देखते हुए मेयर का कार्यकाल 5 साल कर दिया गया है। पहले भी इनका कार्यकाल पांच साल रहता था। कैबिनेट ने स्पेशल पैकेज पूरे प्रदेश में लागू करने का फैसला लिया। अभी तक स्पेशल पैकेज के तहत राहत राशि केवल मंडी जिला को ही दी जा रही थी, मगर अब पूरे प्रदेश में जिनके मकान नष्ट हुए हैं, उन्हें चार लाख रुपए की पहली किस्त जारी की जाएगी। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मानसून में जिन लोगों के मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें डेढ़ लाख रुपए एक ही किस्त में दिए जाएंगे। उन्होंने कहा- कैबिनेट में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा घोषित 1500 करोड़ रुपए के स्पेशल पैकेज को लेकर भी चर्चा की गई, मगर अब तक केंद्र से राहत राशि नहीं मिली। फिर भी राज्य सरकार अपने कोष से आपदा प्रभावितों की मदद करेगी। कैबिनेट ने 400 पद स्टाफ नर्स के स्वीकृत किए। इन्हें 25 हजार रुपए सैलरी दी जाएगी। इनका चयन राज्य चयन आयोग के माध्यम से किया जाएगा।



शिमला में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

- **बैठक में स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्स के 400 पद स्वीकृत**
- **300 पद जेओए आईटी के भरने को दी स्वीकृति**
- **जलवाहक, एसएमसी टीचर एमडीएम वर्कर्स का मानदेय बढ़ाने को भी मंजूरी**

### 19 खेलों को खेल सूची में शामिल करने की मंजूरी

**बैठक** में उन 19 खेलों को खेलों की सूची में शामिल करने को मंजूरी दी गई, जो राज्य सरकार के विभागों, बोर्डों, निगमों आदि के अंतर्गत समूह-ए, बी, सी और डी के पदों/सेवाओं में नियुक्ति के लिए योग्य मेधावी खिलाड़ियों को योग्य बनाते हैं। इन खेलों में बेसबॉल, पैरा स्पोर्ट्स, रग्बी ट्रायथलॉन, बधिर खेल, मल्लखंब, कूडो, मोटर स्पोर्ट्स, पेनकैक सिलाट, शूटिंग बॉल, सॉफ्ट टेनिस, रोल बॉल, टेनपिन बॉलिंग, रस्साकशी, तलवारबाजी, नेटबॉल, सेपक टकराव, वुशु और किक बॉक्सिंग शामिल हैं।

### 1000 टैक्सियों को इलेक्ट्रिक में बदलने के लिए दी मंजूरी

**कैबिनेट** ने परिवहन विभाग को राजीव गांधी स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 40 प्रतिशत सब्सिडी के प्रावधान के साथ 1000 मौजूदा डीजल/पेट्रोल टैक्सियों को इलेक्ट्रिक टैक्सियों में परिवर्तित करने के लिए आवश्यक अनुमति जारी करने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने 1 अप्रैल 2025 से विशेष पुलिस अधिकारियों के मानदेय में 300 रुपए प्रति माह की वृद्धि को मंजूरी दी, जिससे राज्य के 510 विशेष पुलिस अधिकारी लाभान्वित होंगे, जिनमें गैर-जनजातीय क्षेत्रों के 403 और जनजातीय क्षेत्रों के 107 शामिल हैं।

### टूरिज्म इन्वेस्टमेंट प्रमोशन काउंसिल खोलने को मंजूरी

**हिमाचल** में टूरिज्म इन्वेस्टमेंट प्रमोशन काउंसिल को खोला जाएगा। इसके अध्यक्ष सीएम होंगे। इसे टूरिज्म सिविल एविएशन डिपार्टमेंट के अधीन खोला जाएगा। इसके खुलने से टूरिज्म के प्रोजेक्ट में अनावश्यक देरी नहीं होगी। 50 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट की इस काउंसिल से मंजूरी लेनी होगी। विभिन्न प्रकार के अनापत्ति प्रमाण पत्र 14 दिन के भीतर देने होंगे। कैबिनेट ने बजट घोषणा के मुताबिक 1 अप्रैल 2025 से एसएमसी शिक्षकों (टीजीटी, सीएंडवी, जेबीटी, लेक्चरर, डीपीई), आईटी कंप्यूटर शिक्षकों, मिड-डे मील कार्यकर्ताओं और अंशकालिक जलवाहकों के मानदेय में 500 रुपए प्रति माह की बढ़ोतरी को स्वीकृति प्रदान की। कैबिनेट ने प्रथम चरण में जॉब ट्रेनी के रूप में 300 पद सृजित करके भर्ती निदेशालय के अंतर्गत कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आईटी) के लिए एक अलग और विशिष्ट राज्य कैडर बनाने को मंजूरी दी। इस महाविद्यालय के विस्तार के लिए नव चयनित भूमि पर नाहन मेडिकल कॉलेज के निर्माण को भी मंजूरी दी गई।

### ग्रामीण क्षेत्रों में नक्शे पर मकान बनाने को सब कमेटी गठित

**कैबिनेट** ने ग्रामीण क्षेत्रों में नक्शों पर मकान बनाने के लिए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति गठित करने का निर्णय लिया। प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह, शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह और नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी इस उपसमिति के सदस्य होंगे।

## फोर्ब्स एशिया की '100 स्टार्टअप्स टू वॉच' लिस्ट जारी

**18 स्टार्टअप्स के साथ भारत सबसे आगे**

**एजेंसी, मुंबई।** फोर्ब्स एशिया की '100 स्टार्टअप्स टू वॉच' लिस्ट जारी कर दी है। इनमें 18 स्टार्टअप्स के साथ भारत सबसे आगे है। इसमें 8779 करोड़ तक की वैल्यू वाली कंपनी भी शामिल है। यह लिस्ट क्षेत्रीय इनोवेशन की तस्वीर पेश करती है, जहां एआई, डीपटेक और सस्टेनेबल सॉल्यूशंस पर फोकस बढ़ रहा है। फोर्ब्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का यह प्रदर्शन युवा इकोसिस्टम की ताकत दर्शाता है। दुनियाभर के देशों से तुलना करें तो भारत महज दो दशकों में अमेरिका और चीन से मुकाबला करने की स्थिति में आ गया है। भारतीय स्टार्टअप्स ने स्थानीय चुनौतियों का समाधान करते हुए वैश्विक स्तर पर स्केलेबल मॉडल्स विकसित किए हैं। यानी यह बढ़ती डिमांड के साथ बिना ज्यादा लागत या संसाधन बढ़ाए आसानी से विस्तार कर सकते हैं।

हुरुन रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, आगामी सालों में भविष्य के 152 यूनिकॉर्न 31 शहरों से होंगे। 5 साल में इनकी संख्या दोगुनी हो जाएगी। 2015 तक देश में 450 स्टार्टअप थे। अब 806 जिलों में से 779 में 1.57 लाख स्टार्टअप हैं। देश में अभी 118 यूनिकॉर्न स्टार्टअप है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हिमफेड चेयरमैन सरकारी सुविधाओं का कर रहे गलत इस्तेमाल: राकेश -पेज 2
- हिमाचल में अब नहीं होगी विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी -पेज 3
- 5 दिन में शुरू होगा फिल्म फेस्टिवल पर सड़कें बढ़ा रही मुश्किल -पेज 5
- एचपी शिवा परियोजना से बागवानों को मिल रहा लाभ: चंद्रशेखर -पेज 9
- बघाट अर्बन बैंक के तीन करोड़ 50 लाख का डिफाल्टर गिरफ्तार -पेज 12

# एलआईसी पर अडानी ग्रुप में 33 हजार करोड़ रुपए निवेश करने का बड़ा आरोप

## कांग्रेस ने अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट का हवाला देकर सरकार को घेरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पर अडानी ग्रुप में करीब 33 हजार करोड़ रुपए निवेश करने का बड़ा आरोप लगा है। कांग्रेस ने अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के हवाले से कहा कि बीमा कंपनी ने अडानी ग्रुप को फायदा पहुंचाने के लिए मई 2025 में यह निवेश किया। पार्टी का कहना है कि ग्राहकों की मेहनत की कमाई का गलत इस्तेमाल किया गया। कांग्रेस ने संसद की पब्लिक अकाउंट्स कमेटी से इसकी जांच की मांग की है। वहीं, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया पर द वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट पोस्ट की है, जिसके अनुसार अडानी जब इस साल की शुरुआत में भारी कर्ज में डूबे थे, अमेरिका में घूसखोरी के आरोपों का सामना कर रहे थे, तब केंद्र सरकार और एलआईसी ने अडानी ग्रुप में निवेश किया। (अनंत ज्ञान)

### एलआईसी ने रिपोर्ट का किया खंडन



**एलआईसी** ने वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट को नकार दिया है। कंपनी ने साफ किया है कि उसके सारे निवेश पूरी ईमानदारी और सावधानीपूर्वक जांच के साथ ही किए जाते हैं। एलआईसी ने कहा कि रिपोर्ट में बताए गए किसी भी ऐसे डॉक्यूमेंट या प्लान को उसने कभी तैयार नहीं किया, जो एलआईसी के अडानी ग्रुप में निवेश के प्लान को बताती हो। कंपनी ने कहा कि यह रिपोर्ट एलआईसी की मजबूत और साफ-सुथरी फैसला लेने की प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने, कंपनी की अच्छी इमेज को खराब करन के मकसद से जारी की गई है।

# दावा : पाक ने अमेरिका को सौंप दिए थे परमाणु हथियार

## सीआईए के पूर्व अफसर किरियाकू बोले-हमने लाखों डॉलर में खरीद लिया था मुशर्रफ

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने अपने देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अमेरिका को सौंप दिया था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर जॉन किरियाकू ने शुक्रवार को यह दावा किया है।

किरियाकू ने कहा कि अमेरिका ने मुशर्रफ को लाखों डॉलर की मदद के जरिए खरीद लिया था। उनके शासनकाल में अमेरिका को पाकिस्तान की सुरक्षा और सैन्य गतिविधियों तक पूरी पहुंच थी। किरियाकूने यह बयान न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में दिया। उन्होंने यह भी कहा कि मुशर्रफ ने दोहरे खेल खेले। उन्होंने एक तरफ अमेरिका के साथ दिखावा किया और दूसरी ओर पाकिस्तान की सेना और चरमपंथियों को भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियां जारी रखने दिया। पूर्व सीआईए अधिकारी ने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर खान को अमेरिकी कार्रवाई से बचाने में सऊदी अरब का अहम रोल था। सऊदी ने अमेरिका को कहा कि खान को न छेड़ा जाए, जिससे अमेरिका ने अपने प्लान को छोड़ दिया। (अनंत ज्ञान)

**पाक परमाणु वैज्ञानिक को सऊदी ने बचाया**

### 2002 में भारत-पाकिस्तान युद्ध होने वाला था



**किरियाकू** ने बताया कि 2002 में भारत और पाकिस्तान युद्ध के कगार पर थे। उन्होंने कहा, 'इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों के परिवारों को निकाल लिया गया था। हमें लगा कि भारत और पाकिस्तान युद्ध में उतर सकते हैं।' उन्होंने 2001 में संसद हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन पराक्रम का जिक्र किया। किरियाकू ने दावा किया कि अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने दिल्ली और इस्लामाबाद का दौरा कर दोनों देशों के बीच समझौता करवाया।

### भारत ने संसद और मुंबई हमलों के बाद काफी संयम दिखाया

**किरियाकू** ने कहा कि भारत ने संसद और मुंबई हमलों के बाद संयम दिखाया। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता था कि यह अल-कायदा है। मुझे हमेशा लगता रहा कि ये पाकिस्तान समर्थित आतंकी समूह थे। और ऐसा ही साबित हुआ। असली कहानी यह थी कि पाकिस्तान भारत में आतंकवाद फैला रहा था और किसी ने कुछ नहीं किया।

# हिमाचल में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

## प्रदेश में 27 अक्तूबर से फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश में एक बार फिर मौसम करवट बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र पर एक नया पश्चिमी विक्षोभ 27 अक्तूबर से सक्रिय हो जाएगा, जिसके प्रभाव से राज्य के ऊपरी और मध्य पर्वतीय इलाकों में बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है।

शनिवार को राजधानी शिमला समेत अधिकांश इलाकों में धूप खिली रही और मौसम सामान्य बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक ने बताया कि अगले दो दिनों तक यानी 26 अक्तूबर तक मौसम साफ रहने के आसार हैं, लेकिन 27 अक्तूबर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के बाद मौसम का मिजाज बिगड़ सकता है। इस दौरान लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा, कुल्लू और कांगड़ा के ऊपरी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात की संभावना जताई गई है। वहीं निचले जिलों में आंशिक बादल छाने के साथ ठंडक बढ़ सकती है।

राज्य के उच्च पर्वतीय इलाकों में सुबह और रात के समय ठंडक बढ़ गई है। लाहौल-स्पीति के ताबो और केलांग में पारा शून्य से नीचे चला गया है। वहीं शिमला, मनाली, सोलन और धर्मशाला जैसे स्थानों पर भी रातें ठंडी होने लगी हैं।

मौसम में बदलाव के साथ बर्फबारी की उम्मीद ने पर्यटकों को भी रोमांचित कर दिया है। कुल्लू-मनाली, नारकंडा, चायल और किन्नौर जैसे पर्यटन स्थलों में होटल व्यवसायी पर्यटकों के स्वागत की तैयारियां शुरू कर चुके हैं।

### और गिरेगा तापमान

**मौसम** विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने किसानों और बागवानों को सलाह दी है कि वे अपने कृषि कार्य मौसम पूर्वानुमान के अनुसार करें और खुले में रखी फसलों को ढकने के उचित प्रबंध करें। विशेष रूप से सेब, सब्जी और फूल उत्पादकों को बर्फबारी की संभावना को देखते हुए आवश्यक सावधानी बरतने को कहा गया है।

**आयुर्वेद** | पुरानी बीमारियों, मानसिक तनाव और अस्थि-संधि विकारों में दिख रहा आशाजनक सुधार

# आयुष अस्पताल मंडी में आयुर्वेद से रोगियों को मिल रहा नया जीवन


**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** आयुष अस्पताल मंडी में आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. निशांत कुमार द्वारा पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों की नई श्रृंखला की शुरुआत की गई है, जिससे असंख्य रोगियों को स्थायी लाभ मिल रहा है।

आधुनिक चिकित्सा के साथ समन्वय करते हुए अब अस्पताल में मर्म चिकित्सा, अलाबू चिकित्सा, जालौका चिकित्सा, अग्निकर्म तथा धातु शलाका स्वेद जैसी प्राचीन विधियों को पुनर्जीवित किया गया है। ये पद्धतियां विशेष रूप से अस्थि संधि विकार, पुराने दर्द, त्वचा रोग, रक्त संबंधी अशुद्धियां, मानसिक तनाव और स्नायु तंत्र की बीमारियों में अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही हैं। डॉ. निशांत के अनुसार कई ऐसे मरीज जो वर्षों से इलाज करवा रहे थे, परंतु आराम नहीं मिल रहा था, उन्हें इन पारंपरिक उपचारों से अपेक्षाकृत कम समय में राहत मिली है। मर्म चिकित्सा जहां शरीर के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्य कर पूरे स्नायु तंत्र को पुनः सक्रिय करती है, वहीं जालौका चिकित्सा रक्त को शुद्ध कर रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि करती है। अग्निकर्म द्वारा वातजन्य पीड़ा और सूजन का नियंत्रण किया जाता है और धातु स्वेद के माध्यम से शरीर से विषैले तत्वों का निष्कासन किया जाता है। आयुष अस्पताल में अब इन चिकित्सा पद्धतियों की मांग बढ़ती जा रही है और रोगियों की प्रतिक्रिया बेहद सकारात्मक रही है। डॉ. निशांत का कहना है कि यह प्रयास न केवल रोगियों के उपचार की दिशा में कारगर है, बल्कि भारतीय चिकित्सा विरासत को पुनः समाज में स्थापित करने का एक मजबूत माध्यम भी है।



**डॉ. निशांत ने शुरू की मर्म, जालौका अग्निकर्म प्राचीन चिकित्सा पद्धतियां**



जालौका चिकित्सा पद्धति।



अलाबू चिकित्सा से लाभ ले रहा एक मरीज।

### विभिन्न आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियां और उनके फायदे

**मर्म चिकित्सा:** यह आयुर्वेद की एक विशिष्ट पद्धति है जिसमें शरीर के 107 मर्म बिंदुओं पर नियंत्रित दबाव देकर स्नायु, संधि, रक्त संचार और ऊर्जा प्रवाह को संतुलित किया जाता है। यह विशेष रूप से पुराने दर्द, लकवा, स्पॉन्डिलाइटिस और तनाव में लाभकारी होती है।

**अलाबू चिकित्सा:** इससे विशेष प्रकार के कांच या मिट्टी के पात्र को त्वचा पर लगाकर उसमें नकारात्मक दबाव द्वारा रक्त संचार को बढ़ाया जाता है। यह रक्तविकार, सूजन, थकावट, गठिया, पीठ और गर्दन के दर्द में राहत देने में सहायक है।

**जालौका चिकित्सा:** इसमें प्रशिक्षित जोंकों द्वारा दूषित रक्त को शरीर से बाहर निकाला जाता है। यह विधि त्वचा रोग, एक्जिमा, सोरायसिस, सूजन, नसों में अवरोध और पुराने घावों के उपचार में अत्यंत लाभकारी मानी जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### बढ़ती बेरोजगारी व आर्थिक संकट पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिमाचल प्रदेश की मौजूदा स्थिति पर आम आदमी पार्टी ने राज्य सरकार और विपक्ष दोनों पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के वरिष्ठ नेता जगत राम ने भोरंज के भरेड़ी कस्बे में कहा कि प्रदेश प्राकृतिक आपदा और आर्थिक संकट की मार झेल रहा है, जबकि विधायक अपनी सुविधाओं में व्यस्त हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस के 68 विधायक जनता की नहीं, अपनी जेब की सोच रहे हैं। जगत राम ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी दर 29.6 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और युवाओं को केवल न्यूनतम वेतन पर काम पर लगाया जा रहा है, जबकि मंत्रियों और उनके सहयोगियों को लाखों रुपये वेतन और भत्ते मिल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हाल की आपदाओं पर किसी मंत्री या विधायक ने गंभीर चर्चा की मांग नहीं की। आम आदमी पार्टी नेता ने भाजपा और कांग्रेस पर आरोप लगाया कि दोनों दल केवल सत्ता और लाभ में लगे हैं और जनता के हित की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने चेताया कि अगर मौजूदा राजनीति नहीं बदली, तो 2027 में जनता अपने वोट से जवाब देगी।

### नाबालिगा का अपहरण, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत एक लड़की का अपहरण का मामला सामने आया है। नाबालिगा के पिता ने पुलिस थाना नादौन में शिकायत की है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के अनुसार इनकी बेटी बिना बताए कहीं चली गई है। उक्त लड़की पहले भी तीन बार घर से बिना बताए जा चुकी है, जिस पर थाना नादौन की टीमों द्वारा अलग-अलग स्थानों से बरामद करके लाया गया। यह जानकारी देते हुए एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि नाबालिगा के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी लड़की के द्वारा थाना नादौन में अभियोग 25/23 बलात्कार व पोक्सो अधिनियम (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012) के अधीन पंजीकृत करवाया गया था, जिसमें अभियुक्त को 20 दिसंबर, 2024 को माननीय जिला व सत्र न्यायाधीश जिला हमीरपुर के न्यायालय से 25 साल की सजा हुई है।

### रॉक क्लाइंबिंग ट्रैकिंग कैंप में दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महल के एनसीसी कैडेट्स सुधा और केन्जल ने उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में 12 से 17 अक्टूबर तक आयोजित रॉक क्लाइंबिंग ट्रैकिंग कैंप में शानदार प्रदर्शन किया। इस कैंप में रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, ज़ुमारिन, खेलकूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कैडेट सुधा ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य श्री अशोक कुमार ने कैडेट्स को कैंप सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कैडेट्स को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर सीमा ने 4 एचपी बटालियन एनसीसी हमीरपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जीपी सिंह का धन्यवाद किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### वालंटियर को शिविर में भाग लेने पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, जाहू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पटा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य तेज सिंह ने किया। उन्होंने वालंटियर छात्रों को शिविर में भाग लेने पर बधाई दी और उन्हें समाज सेवा व सहयोग की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि एनएसएस शिविर से बच्चों में आपसी सहयोग और समाज सेवा की भावना बढ़ती है। उन्होंने कहा कि छात्र तन-मन से समाज की सेवा करें और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। प्रोग्राम अधिकारी अश्विनी राणा और अन्य एनएसएस टीम ने बताया कि सात दिनों में बच्चे पटा गांव को गोद लेकर मंदिर, रास्तों और पानी के स्रोतों की सफाई करेंगे और स्थानीय लोगों में समाज सेवा का संदेश फैलाएंगे। इस अवसर पर शिक्षक अनिल कुमार, राजेंद्र कुमार, मधुबाला, नवीन गौतम, वीना ठाकुर, मीरा देवी, संतोष कुमार और पंकज शर्मा उपस्थित रहे।

### बाल नादौन स्कूल को सीबीएसई बोर्ड से एफिलिएशन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल नादौन को सीबीएसई बोर्ड से एफिलिएशन प्राप्त हो गया है, जिससे स्कूल और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। एचआरटीसी के डायरेक्टर मोंटी संधू और खाद्य आपूर्ति विभाग के डायरेक्टर राजेन्द्र बबलू चौधरी ने इसे विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। प्रिंसिपल दिल्ली मोहम्मद ने कहा कि एफिलिएशन सामूहिक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। अब विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शिक्षण पद्धतियां, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और समग्र विकास की दिशा में सभी प्रयास और अधिक सशक्त होंगे।

### सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पट्टा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य तेज सिंह ने किया और वालंटियर्स को आगामी सात दिनों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एनएसएस युवाओं को समाज सेवा की भावना से जोड़ता है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अश्विनी राणा और मीना चौहान ने बताया कि विद्यार्थी विद्यालय में रहकर पट्टा गांव को गोद लेंगे और मंदिरों, रास्तों तथा जल स्रोतों की सफाई कर स्वच्छता एवं समाज सेवा का संदेश देंगे। इस अवसर पर शिक्षक अनिल कुमार, राजेंद्र सिंह, मधुबाला, नवीन गौतम सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शहरी निकाय प्रकोष्ठ के संयोजक अजमेर धूमल से मिले



**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर।** भाजपा शहरी निकाय प्रकोष्ठ के नव-नियुक्त प्रदेश संयोजक ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित आवास पर मुलाकात की। उनके साथ विजय बहल और अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की और भविष्य के प्रयासों के लिए प्रो. धूमल से आशीर्वाद और मार्गदर्शन लिया। अजमेर राजपूत महासभा की हमीरपुर जिला इकाई के अध्यक्ष भी हैं। वे इसी साल ईओ के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद सबसे पहले राजपूत महासभा के जिला अध्यक्ष बने और उसके बाद अब भाजपा के शहरी निकाय के प्रदेश संयोजक।

### धनेटा स्कूल में मासिक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेटा में शनिवार को 'अवंति टेस्ट सीरीज' के अंतर्गत मासिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा हर माह के अंतिम शनिवार को आयोजित की जाती है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को जेईई मेन्स और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद देना और उनकी कमजोरियों को सुधारना है। अवंति टेस्ट सीरीज के को-ऑर्डिनेटर संदीप आनंद और सहायक कोऑर्डिनेटर देश राज के निर्देशन में परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### अंतर महाविद्यालय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का निवार को हर्षोल्लास से शुभारंभ हुआ। शुभारंभ के इस अवसर पर सुजानपुर विधानसभा के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि महोदय ने सरस्वती मां की समक्ष दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने मुख्यातिथि एवं अन्य गणमान्यों का इस कार्यक्रम में आने के लिए स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने हिमाचल के विभिन्न महाविद्यालय से आए हुए समस्त छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेलों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए। खेलों के माध्यम से हम शारीरिक रूप से तो विकसित होते हैं परंतु सामाजिक और मानसिक दृष्टि से भी हम निरंतर उन्नति को प्राप्त होते हैं। साथ में मुख्यातिथि ने संपूर्ण महाविद्यालय परिवार को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय बड़सर, नादौन, हमीरपुर, राजराजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय, बिलासपुर, इवनिंग कॉलेज, जुख्याला, घुमारवीं, बैजनाथ, पालमपुर, राजपूर कॉलेज की 11 टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में पहला मैच राजकीय महाविद्यालय नादौन और राजकीय महाविद्यालय बड़सर के बीच हुआ जिसमें राजकीय महाविद्यालय नादौन की टीम विजय रही।

# हिमफेड चेयरमैन सरकारी सुविधाओं का कर रहे गलत इस्तेमाल : राकेश

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



बोर्ड के चुने हुए सदस्य राकेश ठाकुर सहित अन्य।

**हमीरपुर।** हिमफेड के चुने हुए बोर्ड के कई सदस्यों ने हिमफेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य प्रबंधक पर सरकारी मशीनरी का गलत इस्तेमाल करने और चुने हुए बोर्ड के अधिकार को नजरअंदाज करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि माननीय कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, राज्य सरकार को 30 जून 2025 तक बोर्ड के अध्यक्ष और नॉमिनेटेड सदस्यों को नियुक्त करने का आदेश दिया गया था। इस शर्त के साथ कि यदि सरकार तय सीमा तक यह काम नहीं कर पाई तो बोर्ड के अध्यक्ष को निर्वाचित डायरेक्टरों में से ही चुन लिया जाएगा। सरकार ने इसके बाद बोर्ड के गठन के लिए 16 जुलाई 2025 को चुने हुए डायरेक्टरों की एक मीटिंग बुलाई, लेकिन प्रबंध निदेशक को आपदा प्रबंधन ड्यूटी के लिए मंडी जिले में भेज दिया, और यह प्रक्रिया 26 जुलाई 2025 तक टाल दी गई। बाद में प्रबंध निदेशक बीमारी का बहाना बनाकर छुट्टी पर चले गए। इन सदस्यों में भोरंज जोन से राकेश ठाकुर, हमीरपुर जोन से रविंदर पटियाल और चंबा जोन से सोहन लाल ने आरोप लगाया कि घटनाओं का यह सिलसिला कोर्ट की अवमानना के बराबर है, क्योंकि सरकार न्यायिक आदेश का पालन करने में विफल रही और बजाय इसके, सितंबर 2025 में दो व्यक्तियों को हिमफैड के सदस्य और महेश्वर सिंह को अध्यक्ष के रूप में नॉमिनेट कर दिया। उन्होंने दावा किया कि महेश्वर सिंह ने चुने हुए बोर्ड सदस्यों की मंज़ूरी या अप्रूवल के बिना अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया, और तब से वे सरकारी सुविधाओं और फंड का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। एक तरफ जहां हिमफैड गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रहा है और सरकारी गोदामों में किसानों के लिए खाद बिल्कुल ख़तम हो चुकी है, ऐसे में एमआईएस का काम, जिससे पहले बोर्ड को प्रॉफिट होता था, उसे भी हिमफेड से छीनकर एचपीएमसी को ट्रांसफर कर दिया गया है। जबकि घाटे में चल रही शराब की दुकानें, जो नीलामी प्रक्रिया में किसी भी ठेकेदार ने नहीं लीं, उन्हें ज़बरदस्ती हिमफेड को सौंप दिया गया, जिससे बोर्ड को करोड़ों का नुकसान हुआ। सदस्यों ने सवाल उठाया कि पिछले ढाई साल से जब न तो प्रशासनिक निकाय और न ही बोर्ड का ठीक से गठन हुआ है, तो हिमफेड में वित्तीय कामकाज कैसे चल रहा है। उन्होंने ज़ोर दिया कि प्रशासनिक अधिकारियों को संस्था की बेहतरी और मुनाफे के लिए जिम्मेदारी से काम करना चाहिए, न कि सिर्फ सरकार की मर्ज़ी के हिसाब से चापलूसी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी ये भी जान लें कि भविष्य में हिमफैड में वित्तीय अनियमितत्ताओं के लिए संबंधित अधिकारीयों को भी जवाबदेह होना पड़ेगा।

## भरेड़ी बाजार में धूल से लोग व व्यापारी परेशान
## एफडीआर तकनीक से बन रही सड़क अधूरी

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

**कंपनी की लापरवाही पर ग्रामीणों में रोष, सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाएं**

भरेड़ी बाजार में सड़क निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार और धूल-गर्द के कारण स्थानीय लोग एवं व्यापारी भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। लगभग डेढ़ वर्ष से एफडीआर तकनीक से बनाई जा रही सड़क अब तक पूरी नहीं हो पाई है। निर्माण कार्य में लगी कंपनी द्वारा सड़क पर सुबह और शाम पानी का छिड़काव न करने के कारण पूरे बाजार क्षेत्र में धूल का गुबार उड़ता रहता है, जिससे आमजन का जीना दुश्वार हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी की यह लापरवाही न केवल राहगीरों के लिए असुविधा पैदा कर रही है, बल्कि बाजार में बैठने वाले दुकानदारों के व्यापार पर भी असर डाल रही है। धूल के कारण लोग बाजार आने से कतराने लगे हैं, वहीं दूकानों में रखे सामान पर लगातार धूल जमने से नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों व बाजार के व्यापारियों में बलबीर, पंकज, संजय, संदीप, टेक चंद, पवन, श्याम कालिया, अनिल शर्मा, दिनेश भाटिया, यशवंत भरद्वाज, रमित शर्मा, संजीव, धर्म चंद, बलवीर शर्मा, योग राज, अनूप शर्मा, मोनिका शर्मा, कंचन शर्मा, मनीष शर्मा, निशा शर्मा सहित कई अन्य लोगों ने बताया कि निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार और उचित देखभाल न होने से सड़क की स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है।

लोगों ने लोक निर्माण विभाग और संबंधित निर्माण कंपनी से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और नियमित रूप से धूल को नियंत्रित करने के लिए पानी का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि भोरंज क्षेत्र की अन्य सड़कों की भी शीघ्र सुध ली जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो वे मजबूर होकर प्रशासन से औपचारिक शिकायत करने या विरोध प्रदर्शन करने को विवश होंगे।

## डीएवी भड़ोली में 'एंटी ड्रग्स एडिक्शन' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने दिए सशक्त संदेश

**अनंत ज्ञान, नादौन**



डीएवी भड़ोली में प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा की अध्यक्षता में 'एंटी ड्रग्स एडिक्शन' विषय पर अंतर्सदनीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा आठवीं और नौवीं के विद्यार्थियों के लिए रखी गई थी।

विद्यालय के चारों सदनों गांधी, नेहरू, सुभाष और पटेल के विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। प्रत्येक पोस्टर में यह सशक्त संदेश झलक रहा था कि जीवन की सच्ची चमक नशे में नहीं, बल्कि सपनों और प्रयासों में बसती है।निर्णायक मंडल बच्चों की संवेदनशीलता और विषय की गहराई से प्रभावित हुआ। प्रतियोगिता का परिणाम सेक्शन वाइज घोषित किया गया, जिसमें विजेता विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और सोच से सबका दिल जीत लिया। कक्षा आठवीं रेड से पटेल सदन की अर्शिका सूद ने पहला और गांधी सदन की अनन्या ने दूसरा। कक्षा आठवीं ब्लू से पहले स्थान पर सुभाष सदन की सुजैन और दूसरे पर गांधी सदन की अनिका चौधरी।कक्षा आठवी ग्रीन से सुभाष सदन की शगुन प्रथम और नेहरू सदन की शान्वी चौधरी ने दूसरा। कक्षा नौवीं ग्रीन से पटेल सदन का दिव्यांश राहर ने पहला और दूसरा गांधी सदन की रूपाशी ने दूसरा। कक्षा नौवीं रेड से पटेल सदन की अक्षिता ने पहला और सुभाष सदन के श्रेयांश ने दूसरा ।कक्षा नौवी ब्लू से सुभाष सदन की सान्वी ने पहला और नेहरू सदन की गार्गी ने दूसरा। अंत में प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने विशेष दर्जा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## विकास कार्यों के लिए लाखों की धनराशि मंजूर

**अनंत ज्ञान, जाहू।** कक्कड़ पंचायत के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल पंचायत प्रधान विनोद कुमार की अध्यक्षता में विधायक सुरेश कुमार के निवास स्थान पर मिला। ग्रामीणों ने कक्कड़ तुलसी मार्ग से भड़थू भुक्कड़ तक लगभग तीन किलोमीटर सड़क के रुके हुए निर्माण कार्य सहित अन्य समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। सुरेश कुमार ने निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि कक्कड़ पंचायत में सरकार की ओर से विकास कार्यों के लिए लाखों की धनराशि मंजूर की गई है। इसमें फगलोट महिला मंडल भवन के लिए 3.68 लाख, फगलोट चौक से महिला मंडल भवन की ओर सड़क निर्माण के लिए 5 लाख, मोक्ष धाम चंदरूही और कक्कड़ के लिए क्रमशः 2.50 लाख, कक्कड़ बाजार से पुल की ओर सड़क के लिए 3 लाख और पुली से पुल की ओर सड़क निर्माण के लिए 2 लाख रुपये शामिल हैं। ग्रामीणों ने सौर लाइटों की भी मांग की।

# झूठी गारंटरियां देने पर सुक्खू को लगा देवताओं का श्राप, मानसिक स्थिति हुई अस्थिर : राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता और सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि देवभूमि हिमाचल के देवताओं का श्राप मुख्यमंत्री को लग गया है, क्योंकि उन्होंने जनता को झूठी गारंटरियां देकर छल किया है।

शनिवार को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की बैरी पंचायत में सुजानपुर व बमसन टौणीदेवी भाजपा मंडल द्वारा आयोजित युवा मोर्चा सम्मेलन में राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मानसिक स्थिति अब असंतुलित हो चुकी है, और यही कारण है कि वे अब विपक्षी विधायकों व उनके निर्वाचन क्षेत्रों की जनता पर बेहूदा टिप्पणियां करने लगे हैं। राणा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री उस विधानसभा क्षेत्र की जनता को बेईमान बता रहे हैं, जहां से विपक्ष का विधायक चुना गया, जबकि सत्ता पक्ष के क्षेत्रों की जनता को ईमानदारी का प्रमाणपत्र बांटा जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या मुख्यमंत्री बनने के बाद अब जनता की ईमानदारी तय करने का ठेका भी उन्होंने ले लिया है? भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी को चुनाव में जीत दिलाने के लिए कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक का धन महिला मंडलों पर खर्च किया, ताकि सरकारी तंत्र का फायदा निजी राजनीतिक स्वार्थों के लिए उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई भ्रष्टाचार का उदाहरण है और मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि क्या यह ईमानदार की श्रेणी में आता है। राणा ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ने न केवल इस मामले को दबाया बल्कि कांगड़ा बैंक और बघाट बैंक घोटालों पर भी पर्दा डालने की कोशिश की। जब मुख्यमंत्री के अधीन संस्थान ही गड़बड़ियों से भरे हों, तो जनता उनसे कैसी पारदर्शिता की उम्मीद रखे? उन्होंने सवाल किया। राजेंद्र राणा ने आगे आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने अपनी निजी जमीन पर सरकारी धन से रिटेनिंग वॉल (ढंगे) बनवाए, जो स्पष्ट रूप से सत्ता के दुरुपयोग की श्रेणी में आता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, अगर यह ईमानदारी है, तो फिर भ्रष्टाचार की परिभाषा ही बदल देनी चाहिए।

# मुख्यमंत्री आधा दिन के लिए बड़सर आए जनता को ठगा कर चले गए : लखनपाल

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**बड़सर।** बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने अपने निवास स्थान पर पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री ने बड़सर की जनता को एक बार फिर ठगा है और जनता इसका जवाब आने वाले विधानसभा चुनावों में ब्याज सहित देगी। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा 100 बेड वाले अस्पताल के निर्माण की बात को पूर्णतया झूठ बताया। लखनपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रथम बजट 2023 में 68 विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोलने की घोषणा की थी, लेकिन तीन साल गुजर जाने के बाद भी यह घोषणाएं केवल कागज़ों तक ही सीमित हैं।

लखनपाल ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि वे बार-बार वही बातें दोहरा रहे हैं और ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मुख्यमंत्री अपनी सूझबूझ खो बैठे हैं। उन्होंने बड़सर कॉलेज में नए सत्र से एमए और एमकॉम की कक्षाएं शुरू किए जाने का मुद्दा उठाते हुए बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ने 24 अगस्त 2017 को इसकी घोषणा की थी। लखनपाल ने कहा कि यदि बड़सर कॉलेज में बीबीए और बीसीए की कक्षाएं नहीं चलतीं, तो आज तक कॉलेज का भवन खंडहर हो चुका होता, क्योंकि विद्यार्थियों की संख्या लगातार घट रही थी।

उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि आप हर बार व्यवस्था परिवर्तन की बातें करते हैं, लेकिन बाबा की नगरी में चल रहे व्यवस्थागत गड़बड़ी पर आप और आपके नेता ने अब तक एक शब्द क्यों नहीं कहा। आपदा प्रबंधन के मुद्दे पर भी लखनपाल ने मुख्यमंत्री को घेरा। उन्होंने पूछा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 30 मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो चुके हैं और आप हर एक को 7 लाख रुपए देने का बयान देते हैं, तो अब तक कितनों को यह राशि दी गई है। लखनपाल ने कहा कि आप हर बार बड़सर विधानसभा में शराफत की हार और बेईमानी की जीत की बात करते हैं, लेकिन जो जनता भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर विधानसभा में भेजती है, क्या वे सभी बेईमान हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग अपनी व्यथा के चलते मुख्यमंत्री से मिलने आए थे, लेकिन आप उनसे मिले बिना ही चले गए। लखनपाल ने स्पष्ट किया कि जनता सब जानती है कि कौन ईमानदार है और कौन बेईमान। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री महोदय, उन्हें आपकी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है, बड़सर की जनता उनके लिए सर्वोपरि है।

## स्वयंसेवियों को ट्रैक सूट वितरित किए

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में एनएसएस सत्र 2025-26 के नए स्वयंसेवियों को ट्रैक सूट और वर्दियां वितरित की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार गौतम ने की और स्वयंसेवकों को ट्रैक सूट प्रदान किए। उपप्राचार्य प्रो. कल्पना चड्ढा, डॉ. नितिका, डॉ. सीमा शर्मा, प्रो. अनित शर्मा, प्रो. योगेश कोंडल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन शर्मा और प्रो. आदिका शर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। डॉ. गौतम ने स्वयंसेवियों को समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नशा-निवारण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस केवल समाज सेवा का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तिगत विकास और नेतृत्व क्षमता बढ़ाने का भी अवसर है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन शर्मा ने स्वयंसेवियों को आगामी गतिविधियों, विशेष शिविरों और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से अपेक्षा जताई कि वे पूरे उत्साह और समर्पण के साथ एनएसएस कार्यों में भाग लें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# 1012 रिक्त प्रवक्ता पदों पर जल्द प्रमोशन की आवश्यकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर**

राजकीय टीजीटी कला संघ के महासचिव विजय हीर ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि वर्ष 2019 से 2025 के मध्य टीजीटी से प्रमोट हुए 592 प्रवक्ताओं को डिमोट करने के निर्णय की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि इस समय टीजीटी से प्रवक्ता पदोन्नति कोटे में 1012 रिक्त पद उपलब्ध हैं और विभाग को वरिष्ठता के अनुसार शिक्षकों को इन पदों पर एकमुश्त प्रमोशन देना चाहिए।

हीर ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट भी लंबे समय बाद सेटल वरिष्ठता को छेड़ने से मना करता रहा है। उन्होंने कहा कि पदोन्नत शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस भेजना अनुचित है, क्योंकि उनकी पदोन्नति विभागीय डीपीसी प्रक्रिया के माध्यम से हुई थी और शिक्षक इसके लिए स्वयं उत्तरदायी नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिमोशन वरिष्ठता विवाद का समाधान नहीं है, बल्कि रिक्त पदों पर प्रमोशन इसका हल है। 2022 से 2025 के बीच 338 टीजीटी सेवानिवृत्त हुए और अगस्त 2025 तक प्रवक्ता कैडर में 3208 रिक्त पद मौजूद हैं। पिछले सात वर्षों में कुल 2951 टीजीटी प्रवक्ताओं और 988 टीजीटी हेडमास्टर्स की पदोन्नति हुई है। 2018 से 2025 तक दोनों श्रेणियों में कुल 3939 पदोन्नति हुई। हीर ने कहा कि विभाग ने 2019 से 2025 के बीच प्रमोशन के लिए आवेदन मांगे और डीपीसी आयोजित की। अब उन्हीं 592 शिक्षकों को डिमोशन की चेतावनी देना तर्कसंगत और न्यायसंगत नहीं है। स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को न्यायालयों में लंबित मामलों की जानकारी नहीं होती, इसलिए उनसे जवाब मांगना अनुचित है। उन्होंने आग्रह किया कि शिक्षा विभाग 1012 रिक्त पदों में से 592 पदों पर शीघ्र प्रमोशन कर वैधानिक विवाद सुलझाए और पात्र शिक्षकों को बैंकडेट से प्रमोशन एवं वित्तीय लाभ प्रदान करे। शिक्षकों को आपस में उलझाने की बजाय समस्या का त्वरित समाधान किया जाए।

## सीएम के खिलाफ सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर विधायक के खिलाफ एफआईआर

**अनंत ज्ञान, नादौन**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के खिलाफ सोशल मीडिया में आपतिजनक पोस्ट डालने व अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर युवा कांग्रेस भड़क गई है।

युकां ने कड़ा विरोध जताते हुए विधायक सुधार शर्मा के खिलाफ पुलिस थाना नादौन में एफआईआर दर्ज करवा दी है। नादौन ब्लॉक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अजय अत्री ने बताया कि विधायक सुधीर शर्मा द्वारा प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के खिलाफ सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की है जिससे प्रदेशवासियों में अक्रोश है। युवा कांग्रेस नादौन ने शनिवार को बैठक करके सुधीर शर्मा के खिलाफ नारेबाजी करके कड़ा विरोध जताया है। बैठक में युकां कार्यकर्ता नीरज कुमार, अंकुश, अभिषेक कुमार, आयुष, विवेक चैधरी, राहुल शांडिल, शम्मी कुमार, रोहित आदि ने हिस्सा लिया और एक स्वर में कहा कि मुख्यमंत्री का अपमान नहीं सहेंगे। इसलिए बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित करके विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ एएफआईआर दर्ज करवाने का निर्णय लिया है। अजय अत्री ने कहा कि सुधीर शर्मा को लोक प्रिय मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के खिलाफ टिप्पणी करने से पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए। अजय अत्री ने कहा कि युवा कांग्रेस नादौन ने विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ एक शिकायत पत्र पुलिस थाना नादौन में एसएचओ को सौंपा है जिसमें शीघ्र उचित कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ नादौन निर्मल सिंह ने बताया कि विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ एक शिकायत पत्र आया है उस आधार पर मामला दर्ज करके मामले की छानबीन की जाएगी।

**राजनीति** सीएम सुभाष को दे गए तवज्जो, कैसे बदलेगी क्षेत्र में कांग्रेस की राजनीति

# मनजीत को क्यों लगा बड़सर क्षेत्र में उलटफेर की है गुंजाइश

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



शुक्रवार को मुख्यमंत्री के दौरे पर सुभाष ढटवालिया, मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ।

**हमीरपुर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की राजनीति भी अजीबोगरीब मरहले में लग रही है।

उपचुनाव में पार्टी की थोड़े से मतों से हार क्या हुई? अब टिकट के चाहवान अभी से हरकत में होने लगे हैं। क्या क्षेत्र में दमदार नेतृत्व की कमी झलकने लगी है, या फिर कुछ नेताओं को यह भी दिखने लगा है कि यहां अगले विधानसभा चुनावों में फिर से उलट फेर हो जाएगा। प्रश्न ऐसे हैं जिनका अभी जवाब नहीं मिल सकता। लेकिन इतना तय है कि इस क्षेत्र में फिलहाल पार्टी की राजनीति कसौटी पर खड़ा उतरने के लिए मशक्कत कर रही है। चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखों के शुक्रवार के रोज हुए एक दिनी दौरे के दौरान पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा के जो शब्दवाण चले, उन्होंने पार्टी के अंदर कुछ हरकत जरूर पैदा की है। हालांकि जहां से जवाब मिलना था, वह जनसभा के भीतर माहौल के जरिए उन्हें दे भी दिया गया। लेकिन चर्चा तो इसकी होनी ही है। क्योंकि कांग्रेस को यहां और दमदार तरीके से हरकत करनी होगी। अब पुरानी परिस्थितियां यहां रही नहीं हैं। नई परिस्थितियों के अनुकूल वातावरण बनाने में मंजिल तक पहुंचना आसान काम नहीं है। इसीलिए चर्चाओं का यह नया दौर अब क्षेत्र की राजनीति में आने वाले समय में किस करवट बैठेगा? इसकी इंतजार भी रहेगी। दर असल में अब भाजपा के विधायक बन चुके इंद्र दत्त लखनपाल की वजह से क्षेत्र की राजनीति में यहां अजीबोगरीब परिस्थितियां तैयार हुई हैं इसी वजह से दो बार विधायक रह चुके मनजीत सिंह डोगरा को शायद मुख्यमंत्री की मौजूदगी में यह कहने की जरूरत पड़ गई कि वह अभी भी घुड़सवारी के लिए तैयार हैं। 74 बसंत देख चुके मनजीत की राजनीतिक क्षेत्र में शुरू से ही जिस राजनीतिक माहौल में रही है उसकी पार्टी के भीतर हमेशा चर्चा रही है। क्षेत्र की राजनीति में उनका अलग तरह का व्यवहार और स्वभाव रहा है वे जब निर्दलीय चुनाव जीते थे तब दिवंगत वीरभद्र सिंह के खासमखास हुआ करते थे, लेकिन ज्यादातर समय इस क्षेत्र में पार्टी दो घरों में हमेशा बंटी रही। जब इंद्रदत्त लखनपाल को यहां से कांग्रेस प्रत्याशी बनाया गया था, तब कांग्रेस की राजनीति का यहां नया दौर शुरू हुआ था। इसलिए क्षेत्र में उनके मुकाबले में कांग्रेस के पास दमदार नेतृत्व की कमी शायद महसूस हो रही होगी और जो नेता खुद को इसके लिए सक्षम मनवाने का माहौल मुख्यमंत्री की जनसभा में बनाने के प्रयास में थे, उसे ज्यादा तबज्जो नहीं मिली।

मुख्यमंत्री ने सुभाष ढटवालिया को अच्छी खासी तवज्जो दी और उनकी मांगे भी मानी। उन्होंने अभी एहसास करवाने में जरा भर भी कमी नहीं छोड़ी, कि उनके अलावा फिलहाल यहां कोई और दमदार नेतृत्व की पीठ में थपथपाना चाहते हैं। वैसे एक बात यह भी देखी गई है कि क्षेत्र की राजनीति में अब पिछले उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी रहे सुभाष ढटवालिया सियासी तौर पर पार्टी के अंदर ही नए माहौल को बनाने की हसरतें पालने वालों को जवाब देने का दम भी भरने लगे हैं। देखना यही है कि कांग्रेस का कुनबा यहां अगले विधानसभा चुनावों तक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की इस सत्ता में कितना मजबूत हो पाता है?

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा की प्रदेशभर में पद यात्रा 31 से शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सरदार पटेल जयंती के प्रदेश संयोजक बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में 31 अक्तूबर से 25 नवंबर तक पद यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। इन जन जागरण यात्राओं के माध्यम से सरदार पटेल के योगदान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। शर्मा ने बताया कि प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र के जिलों में तीन दिन तक लगभग 6 से 7 किलोमीटर लंबी पद यात्राएं होंगी, जिनमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता भी भाग लेगी। यात्राओं से पहले विद्यालयों और कॉलेजों में निबंध, वाद-विवाद, संगोष्ठी और नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान युवाओं को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई जाएगी, साथ ही योग शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वदेशी मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### स्टूडेंट्स के लिए कहानी वाचन सत्र का आयोजन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाषा एवं संस्कृति विभाग ने शनिवार को गेट्टी थियेटर में स्कूली छात्रों के लिए 'एक समय की बात है' शीर्षक से कहानी वाचन सत्र आयोजित किया। सत्र का उद्देश्य युवा पीढ़ी को सृजनात्मकता और लोक संस्कृति से जोड़ना था। सत्र में साहित्यकार अनुराग पराशर ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लक्कड़ बाजार और राजकीय उच्च विद्यालय कृष्णानगर के विद्यार्थियों को लघु लोककथाओं के माध्यम से सामाजिक संस्कार, बड़ों के प्रति आदर और समय का सदुपयोग का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों को प्रेरक कहानीकारों की रचनाएं पढ़ने और स्कूल पत्रिकाओं में लेखन के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने कहानीकार से संवाद कर लेखन की प्रक्रिया और तकनीक के बारे में सवाल पूछे। सत्र में सेंट एडवर्ड स्कूल के छात्रों ने म्यूजिकल बैंड में लोकगीत, फिल्मी और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरंजन किया।

### रिज मैदान में 31 को राष्ट्रीय संकल्प व एकता दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में शनिवार को रिज मैदान में राष्ट्रीय संकल्प दिवस और राष्ट्रीय एकता दिवस के आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने बताया कि 31 अक्तूबर को प्रातः 10:30 बजे दोनों कार्यक्रमों को संयुक्त रूप से मनाया जाएगा। राष्ट्रीय संकल्प दिवस पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मनाया जाता है। इस दौरान उनकी प्रतिमा पर गणमान्य व्यक्ति पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और जनता को राष्ट्रीय संकल्प की शपथ दिलाई जाएगी। वहीं, राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर मनाया जाएगा, जिसमें लोगों को देश की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम में भजन और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति भी होगी। अनुपम कश्यप ने संबंधित विभागों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने और युवाओं में राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना को मजबूत करने के निर्देश दिए।

### सुलह को पूर्ण तहसील बनाने पर सीएम का जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने उपतहसील सुलह को पूर्ण तहसील का दर्जा दिए जाने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023 में ही सुलह को तहसील का दर्जा देने की घोषणा की थी, जिसे अब मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी देकर साकार किया गया है। चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमेशा प्रदेश के चौमुखी विकास के लिए कार्य किया है और सुलह उनके दिल के करीब रहा है।

# हिमाचल में अब नहीं होगी विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी

## सुपर स्पेशियलिटी कोर्स के लिए बॉन्ड राशि अब 90 लाख रुपए की तय

सत्यदेव भारद्वाज अनंत ज्ञान ब्यूरो



**शिमला।** प्रदेश की सुक्खू सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी बड़ी नीति में संशोधन किया है। राज्य सरकार ने पीजी और सुपर स्पेशियलिटी डिग्री प्राप्त करने वाले डॉक्टरों के लिए नई नीति अधिसूचित की है। इसके तहत अब सुपर स्पेशियलिटी कोर्स के लिए बॉन्ड राशि 90 लाख रुपए और एमडी या एमएस जैसी स्नातकोत्तर डिग्री के लिए 40 लाख रुपए तय की गई है। यह फैसला प्रदेश में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को पूरा करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार नई नीति के अनुसार राज्य में कार्यरत जनरल ड्यूटी ऑफिसर यानी, जीडीओ वर्ग के डॉक्टरों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। अधिसूचना के मुताबिक राज्य सेवा में कार्यरत डॉक्टरों के लिए स्नातकोत्तर की 67 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेंगी, जबकि सीधे एमबीबीएस के बाद आने वाले डॉक्टरों के लिए 33 प्रतिशत सीटें होंगी। यह निर्णय लंबे समय से मांग कर रहे सरकारी डॉक्टरों के लिए राहत लेकर आया है।

नई नीति में यह प्रावधान किया गया है कि कोई भी डॉक्टर बॉन्ड से बचने के लिए अपना मानदेय (स्टाइपेंड) नहीं छोड़ सकेगा। उसे पूरी डिग्री अवधि में मानदेय लेते हुए बॉन्ड की शर्तों का पालन करना होगा। सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया है ताकि दूसरे राज्यों के डॉक्टर हिमाचल में पढ़ाई करके अपनी सेवाएं किसी और प्रदेश में न दें। इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए नीति में सख्त नियम जोड़े गए हैं।

### कोर्स पूरा करने के दस दिन में सरकार को देनी होगी रिपोर्ट

**नई** अधिसूचना के तहत पीजी कोर्स पूरा करने वाले डॉक्टर को दस दिन के भीतर सरकार को रिपोर्ट देना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उम्मीदवार ने बॉन्ड की शर्तों का उल्लंघन किया है। साथ ही, स्नातकोत्तर डिग्री के बाद अतिरिक्त अवकाश या अध्ययन अवकाश लेने पर भी रोक लगा दी गई है। यह व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि डॉक्टर अपनी सेवाएं समय पर राज्य सरकार को दे सकें।

### बॉन्ड तोड़ने पर 18 प्रतिशत ब्याज सहित होगी वसूली

**सरकार** ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई डॉक्टर बॉन्ड की शर्तों का पालन नहीं करता, तो उससे स्पॉन्सरशिप अवधि के दौरान प्राप्त वेतन और भत्ते की राशि 18 प्रतिशत ब्याज सहित वसूल की जाएगी। स्वास्थ्य निदेशालय को ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार दिया गया है। साथ ही, नियम तोड़ने वाले डॉक्टरों के मूल प्रमाण पत्र तब तक जारी नहीं किए जाएंगे जब तक वे सरकार को बकाया राशि अदा नहीं करते।

# भाजपा ने संगठन विस्तार में पूरी की नई संरचना, छह मोर्चों का गठन पूर्ण : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा ने संगठनात्मक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश के छह मोर्चों का गठन पूर्ण कर लिया है। इनमें युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, किसान मोर्चा और ओबीसी मोर्चा शामिल हैं। सभी मोर्चे संगठन विस्तार और जनसंपर्क कार्यों में सक्रिय रूप से जुट गए हैं। इसी क्रम में आज प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा पदाधिकारियों की एक अहम बैठक पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुई।

**कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ किया छल**

डॉ. बिंदल ने शिमला से जारी बयान में कहा कि प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार पूरी तरह से युवा विरोधी और बेरोजगारों के प्रति असंवेदनशील साबित हुई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के इतिहास में यदि किसी सरकार ने युवाओं को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया है, तो वह कांग्रेस की वर्तमान सरकार है। चुनाव से पहले किए गए वादे और घोषणाएं केवल छलावा साबित हुई हैं। साल 2022 में सत्ता में आने से पहले कांग्रेस नेताओं ने बेरोजगार युवाओं को लुभाने के लिए बड़े-बड़े वादे किए थे। राष्ट्रीय स्तर से कांग्रेस नेताओं ने हिमाचल आकर यह घोषणा की थी कि सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में एक लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा था कि 67 हजार पद रिक्त हैं और 33 हजार नए पद सृजित किए जाएंगे, साथ ही पांच वर्षों में पांच लाख रोजगार देने का वादा किया गया था। लेकिन सत्ता में आने के बाद इन वादों का नामोनिशान तक नहीं रहा।

### भर्ती प्रक्रिया हुई ठप रोजगार संस्थान बंद

**डॉ.** बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के बाद नौकरी देने वाले संस्थानों को ही बंद कर दिया। भर्ती आयोग निष्क्रिय कर दिया गया और पिछले तीन वर्षों में एक भी नियमित भर्ती नहीं हुई। सरकार ने युवाओं को गुमराह करने के लिए नए-नए फार्मूले निकाले जैसे वन मित्र, रोगी मित्र, पशु मित्र आदि, लेकिन ये योजनाएं भी धरातल पर नहीं उतरीं। उन्होंने कहा कि चार से साढ़े चार हजार रुपये की नौकरी के लिए युवा दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।

### हजारों पद समाप्त, सरकारी संस्थान बंद

**भाजपा** प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में रोजगार के अवसर खत्म करने का अभियान चला रखा है। उन्होंने कहा कि हाउसिंग बोर्ड के 137 सृजित पद समाप्त कर दिए गए, जबकि बिजली बोर्ड में भी हजारों पदों को रद्द कर दिया गया। प्रदेश के विभिन्न विभागों में एक लाख 45 हजार रिक्त पदों को भी समाप्त किया गया है। यहां तक कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में भी अनेक पदों को खत्म कर कर्मचारियों को बाहर करने की तैयारी चल रही है।

# नशे में स्कूल पहुंचने वाला शिक्षक सस्पेंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में शिक्षा विभाग ने स्कूलों में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। शिमला जिला के रोहड़ू उपमंडल के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय खोड़सू में शराब के नशे में पाए गए जेबीटी शिक्षक हित्तू मच्छान को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि शिक्षक पिछले एक महीने से लगातार शराब पीकर स्कूल पहुंच रहा था, जिससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही थी।

जानकारी के अनुसार शिक्षक की हरकतों से परेशान स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान विनोद कुमार, अन्य सदस्य, महिला मंडल और वार्ड मेंबरों ने एसडीएम रोहड़ू को लिखित शिकायत सौंपी थी। शिकायत में कहा गया था कि शिक्षक अक्सर नशे की हालत में स्कूल आता है और पढ़ाई की बजाय कक्षा में बच्चों पर चिल्लाता रहता है। शिकायत मिलने के बाद एसडीएम रोहड़ू विजय वर्धन ने शुक्रवार को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भी शिक्षक नशे की हालत में पाया गया। इसके बाद उसे सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई। एसडीएम ने तत्काल शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की।

शिक्षा विभाग ने जांच रिपोर्ट के आधार पर हित्तू मच्छान को सस्पेंड कर दिया है। उसे सेंटर सिविल सर्विस क्लासिफिकेशन, कंट्रोल एंड अपील रूल्स 1965 के तहत निलंबित किया गया है और फिलहाल उसे ब्लॉक एलीमेंट्री एजुकेशन ऑफिस कुपवी से अटैच किया गया है। इस दौरान वह बिना अनुमति स्टेशन नहीं छोड़ पाएगा। अभिभावकों के अनुसार, शिक्षक की शराबखोरी के चलते कई बच्चे दूसरे स्कूलों में दाखिला लेने को मजबूर हो गए थे। वहीं, एलीमेंट्री एजुकेशन निदेशक आशीष कोहली ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने पर विभाग ने त्वरित कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में अनुशासन और शिक्षण गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा।

## शिमला में हेरोइन के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के कुमारसैन क्षेत्र में पुलिस ने नशे की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को 3.97 ग्राम चिट्टे (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर रारी खड्ड के पास गश्त के दौरान की गई। कुमारसैन थाना की विशेष टीम क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान चला रही थी। इसी दौरान टीम ने संदिग्ध वाहन की तलाशी ली, जिसमें यह प्रतिबंधित पदार्थ बरामद हुआ।

जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकुश परमार (31) पुत्र राज कुमार निवासी गांव नाहल, राकेश (35) पुत्र डैनी निवासी गांव चलान और अनितुन (35) पुत्र मोहन लाल निवासी गांव मटाल के रूप में हुई है। तीनों आरोपी कुमारसैन तहसील के रहने वाले हैं। पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में संदेह है कि आरोपी नशे की खेप को आगे सप्लाई करने की योजना बना रहे थे।पुलिस ने तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीएसपी नरेश शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

# लवी मेले में प्रस्तुति देने के इच्छुक कलाकार 5 तक भेजें अपने ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

रामपुर में 11 से 14 नवंबर तक आयोजित होने वाले ऐतिहासिक लवी मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। इस अवसर पर सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के इच्छुक कलाकारों को अपने ऑडिशन वीडियो 5 नवंबर तक भेजने होंगे। उपायुक्त एवं अध्यक्ष लवी मेला समिति अनुपम कश्यप ने बताया कि कलाकार अपने ऑडिशन वीडियो तैयार कर जिला लोक संपर्क अधिकारी शिमला और जिला भाषा अधिकारी शिमला के ई-मेल पर भेज सकते हैं।

उपायुक्त ने कहा कि ऑडिशन वीडियो की गुणवत्ता बेहतर होनी चाहिए, जिसमें ऑडियो स्पष्ट रूप से सुनाई दे। वीडियो की अवधि एक मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार के इफेक्ट या एडिटिंग का प्रयोग न किया जाए। वीडियो पर्याप्त रोशनी में बनाया जाए ताकि आवेदक का चेहरा साफ दिखाई दे। आवेदन करते समय कलाकार को अपना पूरा नाम, पता, मोबाइल नंबर और विधा जैसे गायन, वादन या नृत्य का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा।

जिला शिमला के वे कलाकार जो आकाशवाणी या दूरदर्शन से 'ए' या 'बी हाई' ग्रेड में अनुमोदित हैं, उन्हें इस ऑनलाइन ऑडिशन प्रक्रिया में भाग लेने की आवश्यकता नहीं होगी। लवी मेला समिति ने कहा है कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और अधिक जीवंत बनाना है।

# नवंबर में हर स्कूल में बजेगी नशा मुक्ति की घंटी : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



एनकॉर्ड नार्को समन्वय केंद्र की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त।

जिला स्तरीय एनकॉर्ड नार्को समन्वय केंद्र की बैठक में शनिवार एक बड़ा निर्णय लिया गया। उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में तय किया गया कि नवंबर माह में पूरे जिले के प्रत्येक शिक्षण संस्थान में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सभी पुलिस अधिकारी विद्यालयों में जाकर छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेंगे। खास बात यह रहेगी कि पुलिस अधिकारी वर्दी में ही बच्चों को संबोधित करेंगे, बिना वर्दी के ऐसा करना पूरी तरह से वर्जित रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि जब भी पुलिस का फील्ड स्टाफ समय निकाल सके, वह नजदीकी शिक्षण संस्थानों में बच्चों को नशे के प्रति सजग बनाए।

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि कोई भी गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) अब जिला उपायुक्त कार्यालय से अनुमति लिए बिना शिक्षण संस्थानों या पंचायत स्तर पर नशे के विरुद्ध कार्य नहीं कर सकेगा। उन्होंने बताया कि कुछ एनजीओ केवल कागजों में सक्रिय हैं, जबकि जमीनी स्तर पर उनका प्रभाव नहीं दिखता, इसलिए अब यह अनिवार्य कर दिया गया है कि किसी भी संस्था को पहले अनुमति लेनी होगी। उपायुक्त ने सभी उपमंडल दंडाधिकारियों को यह आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस विभाग ने बताया कि जन प्रतिनिधियों के सहयोग से पंचायत स्तर तक सूचना तंत्र का 90 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जिससे अब नशे से जुड़ी जानकारी तेजी से मिल रही है। वहीं अवैध भांग की खेती पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने ड्रोन सर्वे भी शुरू कर दिया है।

बैठक में उपायुक्त ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी व्यक्ति को बिना चिकित्सीय पर्ची के सिरिंज न दी जाए। मेडिकल स्टोरों को यह भी कहा गया कि वे सिरिंज लेने वाले व्यक्ति के पहचान पत्र की प्रति लेकर रिकार्ड में सुरक्षित रखें। नशे के खिलाफ पुलिस ने इस वर्ष अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 224 मामले दर्ज किए गए हैं।

## ठियोग में दो मकान जलकर राख, चार परिवार हुए बेघर

**नमोली गांव में हादसा फायर ब्रिगेड की टीमों ने आग पर पाया काबू**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के ठियोग उपमंडल के ग्राम पंचायत क्वार के नमोली गांव में शनिवार को दो घरों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने दोनों मकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे चार परिवार बेघर हो गए। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में घरों का सारा सामान जलकर राख हो गया।

सूचना मिलते ही ठियोग और कोटखाई से दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। फायर स्टेशन इंचार्ज बलवीर सिंह ने बताया कि संकरी सड़कों के कारण दमकल वाहनों को मौके तक पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार प्रभावित घरों के मालिक हरीराम, संत राम, बालक राम और लायक राम हैं। आग लगते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत बाल्टी और पाइपों की मदद से आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिससे आग के और फैलने से रोका जा सका।

फायर विभाग के अनुसार आगजनी में किसी भी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन दोनों मकान पूरी तरह जलकर खाक हो गए हैं। लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की विस्तृत रिपोर्ट मौके पर गई टीम की जांच के बाद तैयार की जाएगी। स्थानीय प्रशासन ने राहत व पुनर्वास के तहत प्रभावित परिवारों को अस्थायी आश्रय और आवश्यक सहायता प्रदान कर दी है।

# युवा मोर्चा की बैठक में संगठन विस्तार और पदयात्राओं की रणनीति पर बनी सहमति




युवा मोर्चा की परिचयात्मक बैठक की अध्यक्षता करते डॉ. राजीव बिंदल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता युवा मोर्चा हिमाचल प्रदेश की परिचयात्मक बैठक आज प्रदेश भाजपा कार्यालय शिमला में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा और युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनी शुक्ला ने युवा कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूती देने का आह्वान किया।

बैठक में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्तूबर से शुरू होने वाली पदयात्राओं की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। यह पदयात्राएं जिला स्तर पर आयोजित होंगी। पदयात्राओं को सफल बनाने के लिए सभी जिलाध्यक्षों और पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि अधिक से अधिक युवा इन कार्यक्रमों से जुड़ सकें।

बैठक में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ और मंडल स्तर पर युवाओं को भाजपा से जोड़ने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि युवा शक्ति संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक स्तर पर युवाओं की सक्रिय भागीदारी ही भविष्य की सफलता की कुंजी बनेगी।

बैठक में वक्ताओं ने सभी युवा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे समाज के बीच जाकर भाजपा की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन के प्रति निष्ठा और अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

# हाईकोर्ट बोला-बीमारी के कारण गैरहाजिर आईटीबीपी जवान को बर्खास्त करना अनुचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के एक जवान की बर्खास्तगी को कठोर और अनुचित करार दिया है। न्यायमूर्ति संदीप शर्मा ने कहा कि जब कोई जवान बीमारी की स्थिति में है और उसने छुट्टी बढ़ाने का अनुरोध किया है, तो उसे भगोड़ा घोषित कर सेवा से हटाना न केवल अन्यायपूर्ण बल्कि असंवेदनशील कार्रवाई है। हमीरपुर के बड़सर निवासी कांस्टेबल महेंद्र सिंह सन् 1988 में आईटीबीपी में भर्ती हुए थे और 18 वर्ष तक ईमानदारी से सेवा की। दिसंबर 2005 में वे ड्यूटी पर जाते समय सड़क हादसे का शिकार हुए। उन्हें गंभीर तंत्रिका संबंधी (न्यूरोलॉजिकल) समस्या हुई और इलाज के लिए लुधियाना अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उन्हें क्षय रोग (टीबी) की भी पुष्टि हुई, जिसके बाद उनका इलाज देहरादून स्थित सेना अस्पताल में चला। न्यायालय के अनुसार, महेंद्र सिंह ने इलाज के लिए छुट्टी बढ़ाने का अनुरोध किया, लेकिन अधिकारियों ने इसे मंजूरी नहीं दी। छुट्टी समाप्त होने के बाद वे ड्यूटी ज्वाइन नहीं कर पाए, क्योंकि डॉक्टरों ने आराम की सलाह दी थी। इसके बावजूद, विभाग ने उनकी स्थिति की सच्चाई जांचने के बजाय उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया।

न्यायालय ने यह भी पाया कि आईटीबीपी ने जवान की बीमारी की जांच कराने की कोई पहल नहीं की। न तो चिकित्सीय जांच कराई गई और न ही अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि वह वास्तव में ड्यूटी पर लौटने की स्थिति में हैं या नहीं। इसके बाद विभाग ने उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया। न्यायमूर्ति संदीप शर्मा ने कहा कि 18 साल तक बेदाग सेवा देने वाले जवान के साथ विभाग ने असंवेदनशील व्यवहार किया। बीमारी की स्थिति में छुट्टी न देना और बिना जांच उसे भगोड़ा घोषित करना प्रक्रियागत रूप से गलत था। अदालत ने टिप्पणी की कि आईटीबीपी की कार्रवाई कठोर, अनुचित और पूरी तरह से कानून के खिलाफ थी।

**रोमांच** | मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने किया शुभारंभ

# मानव परिंदों से सराबोर हुई जुन्गा घाटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**




फ्लाइंग फेस्टिवल और हॉस्पिटैलिटी एक्सपो के शुभारंभ के बाद उपस्थित नरेश चौहान व अन्य।

जुन्गा की वादियां शनिवार को रंग-बिरंगे मानव परिंदों से सराबोर हो उठीं, जब शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल और हॉस्पिटैलिटी एक्सपो-2025 का तीसरा संस्करण बड़े उत्साह और रोमांच के साथ आरंभ हुआ। मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने फेस्टिवल का विधिवत शुभारंभ किया और झंडी दिखाकर पैराग्लाइडिंग पायलटों को उनके गंतव्यों के लिए रवाना किया।

चार दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में सात देशों के 59 से अधिक पैराग्लाइडिंग पायलट भाग ले रहे हैं। इनमें चीन, नेपाल, मलेशिया, स्पेन, और जर्मनी के पायलट शामिल हैं, जबकि भारत के दस राज्यों से भी प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। फेस्टिवल के साथ चल रहे हॉस्पिटैलिटी एक्सपो में एमएसएमई और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े 50 से अधिक निवेशकों और ब्रांड्स ने अपने स्टॉल लगाए हैं, जिनमें ऑर्गेनिक उत्पाद, हैंडीक्राफ्ट, फूड एंड बेवरेज, वेलनेस और ट्रैवल सर्विसेज से जुड़े उद्यमी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यातिथि नरेश चौहान ने कहा कि फ्लाइंग फेस्टिवल और हॉस्पिटैलिटी एक्सपो जैसे आयोजन हिमाचल प्रदेश के पर्यटन की नई पहचान बना रहे हैं।



आसमान में उड़ता मानव परिंदा

जुन्गा जैसे अनदेखे पर्यटन स्थलों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने की दिशा में यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार और छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। राज्य सरकार प्रदेश में पर्यटन के विविध स्वरूपों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। एडवेंचर टूरिज्म, वेलनेस और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के विकास से हिमाचल में पर्यटन के नए द्वार खुलेंगे। चौहान ने फ्लाइंग फेस्टिवल स्थल पर विभिन्न स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी अवलोकन किया और उनकी सराहना की। नेपाल के अमन थापा, जो पिछले दो फ्लाइंग फेस्टिवल में विजेता रह चुके हैं, इस बार भी अपने खिताब को बरकरार रखने के इरादे से पहुंचे हैं।

वहीं, चीन के अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग चैंपियन यांगचिन पहली बार जुन्गा पहुंचे हैं। इस उद्घाटन अवसर पर सीएम के ओएसडी सौरभ चौहान, स्टेट फूड कमीशन के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल, एपीएमसी शिमला-किन्नौर अध्यक्ष, जिप सदस्य संतोष शर्मा, तहसीलदार जुन्गा नारायण सिंह वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण में दें सटीक जानकारी का सहयोग : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा है कि जिला में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण का 80वां चरण जुलाई 2025 से जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। यह सर्वेक्षण भारत सरकार के सांख्यिकी तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक पहलुओं से जुड़ी सटीक जानकारी एकत्र करना है। इन आंकड़ों के आधार पर नीतियां तैयार की जाती हैं, जो देश और प्रदेश के विकास की दिशा तय करती हैं।

उन्होंने बताया कि इस बार का सर्वेक्षण घरेलू पर्यटन व्यय पर केंद्रित रहेगा। इसमें यात्राओं के उद्देश्य, यात्रा के प्रकार, ठहरने की व्यवस्था, गंतव्य स्थल और यात्रा पर हुए व्यय की विस्तृत जानकारी जुटाई जाएगी। यह आंकड़े पर्यटन मंत्रालय के लिए पर्यटन उपग्रह खाता तथा यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक तैयार करने में सहायक सिद्ध होंगे। जिला सांख्यिकी कार्यालय शिमला के प्रशिक्षित कर्मचारी चयनित गांवों और शहरी वार्डों में घर-घर जाकर टैब उपकरण के माध्यम से जानकारी एकत्र करेंगे। इन कर्मचारियों के पास पहचान पत्र और अनुमति पत्र होंगे। उपायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे सर्वेक्षण टीम को सटीक और सही जानकारी देकर सहयोग करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्राप्त सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी और केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए ही प्रयोग में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सर्वेक्षण प्रदेश के विकास और नीतिगत सुधारों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

# जयराम ठाकुर का सुक्खू सरकार पर वार पंचायत चुनावों पर गुमराह कर रही सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर पंचायत चुनावों को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पंचायत चुनावों के नाम पर प्रदेश के लोगों को गुमराह कर रही है। जयराम ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में चुनाव समय पर करवाना चाहती है, तो अब तक आरक्षण रोस्टर जारी हो जाना चाहिए था। हाई कोर्ट ने अपने आदेशों में स्पष्ट कहा है कि पंचायत और नगर निकाय चुनावों में आरक्षण रोस्टर कम से कम 90 दिन पहले जारी किया जाना अनिवार्य है।

जयराम ने कहा कि अगर 25 सितंबर तक आरक्षण रोस्टर जारी कर दिया जाता, तो पंचायत चुनाव समय पर हो सकते थे। लेकिन सरकार की ओर से उठाए गए कदम चुनाव टालने की दिशा में ही दिखाई देते हैं। उन्होंने बताया कि पंचायतीराज सचिव ने 15 सितंबर को सभी जिला उपायुक्तों को 25 सितंबर तक रोस्टर जारी करने के निर्देश दिए थे, मगर इसके बजाय उपायुक्तों ने सरकार को चुनाव टालने का प्रस्ताव भेज दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने न केवल अदालत के आदेशों की अनदेखी की है, बल्कि मुख्यमंत्री और पंचायतीराज मंत्री जनता को झूठे दावे करके गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार अधिकारियों के आगे बेबस है या पर्दे के पीछे कोई और खेल चल रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में लोकतंत्र में विश्वास रखती है, तो उसे समय पर और पारदर्शी चुनाव करवाने चाहिए। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री प्रदेश के लोगों के सामने सच्चाई रखें और अगर सरकार चुनाव टालना चाहती है, तो अपनी नाकामी खुले तौर पर स्वीकार करे। जयराम ठाकुर ने कहा कि अदालत के आदेश स्पष्ट हैं, आरक्षण रोस्टर जारी किए बिना चुनाव प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती। सरकार को विपक्ष पर आरोप लगाने की बजाय लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने की दिशा में काम करना चाहिए।

# डाइट धर्मशाला में 28 को सजेगा जिलास्तरीय रंगोत्सव का मंच

## स्कूल, ब्लॉक और जोन स्तर से किया गया है 32 बच्चों का चयन

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) धर्मशाला में 28 अक्टूबर को जिला स्तरीय रंगोत्सव का मंच सजेगा। स्कूल, ब्लाक व जोन स्तर पर आयोजित रंगोत्सव के माध्यम से जिला स्तरीय आयोजन के लिए 32 बच्चों का चयन किया गया है। जिला स्तरीय रंगोत्सव में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां रहेंगी, जिनमें तीसरी से आठवीं कक्षा के बच्चों को प्रथम रहने पर राज्य स्तरीय रंगोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा, जो कि 6 से 8 नवंबर तक जिला चंबा में आयोजित किया जाएगा। गौरतलब है कि रंगोत्सव एक जिला-स्तरीय कला महोत्सव है, जिसका उद्देश्य छात्रों में कलात्मक प्रतिभा को पहचानना और बढ़ावा देना है। यह एक कला उत्सव है जिसमें गायन, नृत्य, दृश्य कला, नाटक और कहानी कहने जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को अपनी रचनात्मकता दिखाने का मंच मिलता है।

### जिले में बनाए गए थे चार जोन

**जिलास्तरीय** रंगोत्सव के लिए बच्चों के चयन के लिए जिला कांगड़ा में चार जोन बनाए गए थे। पहले बच्चों ने स्कूल, फिर ब्लाक स्तर के आयोजन में भाग लिया। इसके उपरांत जिला में बनाए गए चार जोन में यह आयोजन किया गया, जिसमें किए गए प्रदर्शन के आधार पर बच्चों का चयन जिला स्तरीय के लिए हुआ है।

### रंगोत्सव भी कला उत्सव का हिस्सा

**गौरतलब** है कि डाइट की ओर से बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए कला उत्सव व रंगोत्सव का आयोजन किया जाता है। रंगोत्सव भी कला उत्सव का हिस्सा होता है। कला उत्सव का आयोजन 9वीं से 12वीं तक के बच्चों के लिए जाता है, जबकि रंगोत्सव में तीसरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चे भाग लेते हैं।

**जिला** स्तरीय रंगोत्सव का आयोजन डाइट में 28 अक्टूबर को किया जाएगा, जिसमें जिला भर के 32 बच्चे भाग लेंगे। जिला स्तर आयोजन में पहला स्थान पाने वाले बच्चों का चयन प्रदेश स्तरीय के लिए किया जाएगा। राज्य स्तरीय रंगोत्सव का आयोजन चंबा में 6 से 8 नवंबर तक किया जाएगा।



**-मीना चौहान, जिला कोआर्डिनेटर रंगोत्सव, डाइट धर्मशाला**

# चार नशा तस्करों के घरों पर चला पीला पंजा

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



भद्रोया में नशा तस्करों के घरों पर चला पीला पंजा, प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी से चार मकान किए ध्वस्त।

**इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा चलाए गए नशे के खिलाफ अभियान के चलते लगातार बड़ी से बड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जिसके चलते पिछले कुछ महीनो में कई नशा तस्करों की संपत्ति जिन्होंने नशा बेचकर अर्जित की थी उनके उनकी संपत्ति को फ्रीज करने के आदेश सरकार द्वारा प्राप्त कर लिए गए थे, जिसके चलते उन्हें फ्रीज कर दिया गया था। कुछ दिन पहले थाना डमटाल के अंतर्गत नशे का गढ़ माने जाने वाले भद्रोया में चार घरों को जिनको सरकार के आदेशों द्वारा फ्रीज किया गया था। इसको डिमोलिश करने के आदेश प्राप्त होने पर इसकी सूचना एसडीएम इंदौर डॉ सुरिंदर ठाकुर को दी गई थी, जिसके चलते उन्होंने इन चारों नशा तस्करों को अपना सामान वहां से निकलने के लिए कहा गया था, परंतु कुछ लोगों ने अपना सामान बाहर निकाल लिया था जब के कुछ ने अपना सामान अंदर ही रखा हुआ था। इस मौके पर डीएसपी इंदौरा संजीव यादव, थाना प्रभारी डमटाल विशाल राठौर तथा नायब तहसीलदार प्रवेश शर्मा, कानूनगो राजकुमार, पटवारी दीपक तथा बिजली विभाग तथा जल शक्ति विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। जिन्होंने सभी के कनेक्शन द्वारा काट दिए गए तथा इन चार नशा तस्करों के घरों पर जेसीबी की मदद से पीला पंजा चला कर नष्ट कर दिया गया। जिनके घरों को नष्ट किया गया उनका विवरण इस प्रकार से है बुआ दास सुपुत्र जगदेव, परमजीत उर्फ गोशा पत्नी अजय कुमार, दीपक उर्फ दीपा सुपुत्र मनोहर लाल तथा सोनिया पत्नी नरेंद्र कुमार जिन पर नशा तस्करी के कई मामले दर्ज थे तथा सरकार के आदेशों के अनुसार इन्हें कुछ महीने पहले फ्रीज कर दिया गया था। इसकी पुष्टि करते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया के एसपी नूरपुर अशोक रतन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार नशे के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे ही नशा तस्करों की संपत्ति को पर पीला पंजा चलाया जाएगा।

# एनएसएस के विशेष शिविर का शुभारंभ



अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर में एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। प्रधानाचार्य ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। यह 7 दिवसीय विशेष शिविर 25 अक्टूबर से 31 अक्तूबर तक चलेगा।

### धर्मशाला कॉलेज के रोवर्स की सुजल और शिवांश की बड़ी उपलब्धि

# स्वर्ण जयंती जंबोरी और 19वीं राष्ट्रीय जंबोरी के ग्रैंड फिनाले के लिए चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

धर्मशाला कालेज के लिए यह गौरव का क्षण है, कॉलेज के दो प्रतिभाशाली रोवर्स सुजल और शिवांश का चयन एक साथ स्वर्ण जयंती जंबोरी और 19वीं राष्ट्रीय जंबोरी के ग्रैंड फिनाले के लिए हुआ है। इन दोनों प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आयोजनों का आयोजन आगामी 23 से 29 नवंबर, 2025 तक लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में किया जाएगा। यह दोहरी सफलता न केवल इन दोनों रोवर्स की कड़ी मेहनत, अनुशासन और प्रतिबद्धता का परिणाम है, बल्कि डिग्री कॉलेज धर्मशाला के रोवर/स्काउट दल के उत्कृष्ट प्रशिक्षण और मार्गदर्शन का भी प्रमाण है।

कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. राकेश पठानिया ने इस उपलब्धि पर दोनों छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि सुजल और शिवांश ने अपने परिश्रम और लगन से कॉलेज ही नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि हमारे रोवर कार्यक्रम की गुणवत्ता और समर्पण को दर्शाती है। वहीं रोवर्स लीडर डॉ. अजय कुमार ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा, इन युवाओं ने साबित किया है कि समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के साथ किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। हमें विश्वास है कि राष्ट्रीय मंच पर वे उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। यह चयन न केवल कॉलेज के लिए सम्मान की बात है, बल्कि प्रदेश के सभी युवा रोवर्स के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी है। कॉलेज परिवार ने दोनों रोवर्स के उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।



धर्मशाला कॉलेज के सुजल और शिवांश स्वर्ण जयंती जंबोरी व राष्ट्रीय जंबोरी के ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित।

# कांग्रेस 3 साल में भी नहीं दे पाई गरीबों को आवास की सौगात : त्रिलोक कपूर

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** वरिष्ठ भाजपा प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि कांग्रेस के मित्र अपने कुशासन के तीन वर्ष गुजारने के बावजूद भी जनता को गुमराह करने से बिल्कुल भी संकोच नहीं कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब परिवारों को रहने के लिए पक्की छत हो, अच्छा घर हो इस योजना को प्रधानमंत्री आवास योजना के रूप में आगे बढ़ाने का काम किया। हमने हर वार्ड में अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जनता के सामने यह खुलकर कहा था कि जो नगर निगम पालमपुर के अंतर्गत गरीब परिवार जिनके पास पक्का घर नहीं है, नगर निगम बनने के पश्चात नगर निगम के माध्यम से ऐसे हर व्यक्ति को घर प्रदान करेंगे।

शनिवार को प्रेसवार्ता में कपूर ने कहा कि जैसे ही नगर निगम बनी उसके तुरंत बाद भारत सरकार ने पालमपुर नगर निगम में ऐसे 340 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की सौगात मिली जोकि किसी की कल्पना से बाहर था। उन्होंने कहा कि 2022 विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस झूठी ग्रंटियां देकर सरकार बनाने में कामयाब हो गई थी लेकिन दुर्भाग्य यह है कि 4 सालों में 340 घर अभी लोगों को यह प्रदेश की कांग्रेस सरकार नहीं दे पाई। जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी ने नगर के 340 गरीब परिवारों को घर दिए हैं तो उनको मूर्त रूप देने का काम यहां के विधायक और सरकार का बनता था। जबकि हुआ यह की 340 में से 293 घर लोगों को औपचारिकता पूरी करने के बाद अभी तक मिले हैं जबकि 47 परिवार अभी भी प्रशासन के चक्कर काटने पर मजबूर हैं, 293 में भी 155 घर सिर्फ अभी तक बनकर तैयार हुए हैं जबकि 138 घर अभी भी निर्माणाधीन हैं, यह प्रदेश की असंवेदनशील कांग्रेस सरकार व्यवस्था परिवर्तन का उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि विधायक ने जो मोदी ने दूसरे फेस में पालमपुर को 76 घरों की सौगात दी है उस विषय को लेकर पालमपुर विधायक ने एक कार्यक्रम आयोजित करके अपने द्वारा बांटे गए पत्र मे श्रेय लेने की कोशिश की है, अच्छा होता उसमें प्रधानमंत्री जी गरीबों पर की गई कृपा को लेकर मोदी के धन्यवाद में दो शब्द व्यक्त कर देते।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सुलह को दिया पूर्णतया तहसील का तोहफा : संजय

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने उप तहसील सुलह को पूर्ण रूप से तहसील का दर्जा दिया जाने पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का हार्दिक धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सुलह को तहसील का दर्जा दिए जाने की स्वीकृति घोषणा वर्ष 2023 में ही कर दी थी और शनिवार को मंत्रिमंडल की बैठक में इसे सम्पूर्ण तहसील का दर्जा प्रदान कर दिया गया है। चौहान ने संपूर्ण सुलह विधानसभा क्षेत्र की ओर से मुख्यमंत्री का हार्दिक धन्यवाद किया।

### डीएलएड की री अपीयर का पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण का परीक्षा परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा जून 2025 में आयोजित डीएलएड कोर्स पार्ट-1 (बैच 2023-2025) तथा पार्ट-2 (बैच 2022-2024) री-अपीयर परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण हेतु जिन परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था, उनका परिणाम शनिवार को घोषित कर दिया गया है। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि संबंधित परीक्षार्थी अपना पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए परीक्षार्थी पुनर्मूल्यांकन शाखा के दूरभाष तथा पुनर्निरीक्षण शाखा के दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं।

### धर्मशाला स्कूल के विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** कांगड़ा पुलिस की ओर से चलाए जा रहे नशा मुक्त समाज अभियान के तहत शनिवार को पुलिस कल्याण सप्ताह के तहत नशा मुक्ति कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल धर्मशाला के विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। एएसपी.बीर बहादुर ने बताया कि इस दौरान पुलिस कर्मचारियों ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और एक स्वस्थ, नशा मुक्त जीवन शैली को बढ़ावा देने पर बल दिया।

### धर्मशाला भाजपा शहरी महिला मोर्चा मंडल कार्यसमिति घोषित, वीना बनी उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला शहरी मंडल भाजपा अध्यक्ष डा. विशाल नैहरिया ने शीर्ष नेतृत्व से चर्चा कर महिला मोर्चा की मंडल कार्यसमिति की घोषणा की है। जिसमें वीना कपूर, मधु ठाकुर, कविता चौधरी व अनूप लता को उपाध्यक्ष, सपना भारद्वाज व दीपिका गुप्ता को महामंत्री, हिमांशी हरीश, अदिति सूद, चंपा देवी व माया देवी को सचिव, अनीता डोगरा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त ललिता देवी, संगीता देवी, सरोज देवी, वीना देवी, योगिंद्रादेवी, नीलम देवी, नियती देवी, कविता, हेमा, राजीना को सदस्य बनाया गया है।

### कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बताए आपदा से सुरक्षा के उपाय

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के साथ संबद्ध कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से ग्राम पंचायत भंजराडू और बैरागढ़ में नाट्य दलों के द्वारा आपदाओं से सुरक्षा हेतु आवश्यक उपाय के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान नाट्य दल के कलाकारों ने भूकंप से जीवन रक्षा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भूकंपीय झटके महसूस होने पर शांत रहें व हड़बड़ी न करें, यदि आप भीतर हैं तो खिड़कियों व शीशे के दरवाजों आदि से दूर रहें और बाहर हो तो भवनों, वृक्षों, टेलीफोन व बिजली के खम्बों तथा तारों से दूरी बनाए रखें। इस दौरान कलाकारों ने भूकंप के दौरान और भूकंप के उपरांत ध्यान रखने बाली विभिन्न बातों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अग्निकांड से बचाव हेतु जानकारी देते हुए बताया कि छोटी-छोटी लापरवाहियों व दुर्घटनाओं के चलते आग भीषण रूप ले लेती है।

# स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए तैयार होगी नई रणनीति : डॉ. आरके सूद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला स्वास्थ्य योजना को लेकर ऑनलाइन बैठक आयोजित
- एनएचएम के तहत जिलों में मिलेंगी स्वास्थ्य क्षेत्र की नई सुविधाएं
- जिला स्तर पर बनाया जाएगा प्लान, प्रदेश और केंद्र सरकार से मिलेगी मंजूरी
- अगले वर्ष बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उम्मीद, एनएचएम ग्रांट से होंगे नए कार्य

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की जिला स्वास्थ्य योजना के लिए एनएचएम की ओर से सभी जिलों के साथ ऑनलाइन बैठक की गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में अगले वर्ष क्या कार्य किए जाने हैं, उसको लेकर विस्तृत चर्चा की गई और प्रदेश स्तर से जिलों को दिशानिर्देश जारी किए गए।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी कांगड़ा डॉ. आरके सूद ने बताया कि एनएचएम के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को किस तरह से सुदृढ़ किया जाए, इसको लेकर शीघ्र रणनीति बनाकर प्रदेश सरकार को भेजी जाएगी। जानकारी के अनुसार एनएचएम के तहत जिलों में स्वास्थ्य क्षेत्र में नई सुविधाएं मिलने की संभावना है।

डॉ. सूद ने बताया कि जिला स्तर पर तैयार किए गए प्लान को प्रदेश सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाता है, जबकि प्रदेश सरकार द्वारा तैयार प्लान को केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाता है तथा उसके आधार पर अगले वर्ष की एनएचएम की ग्रांट जारी की जाती है। हमें पूरी उम्मीद है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को आने वाले समय में और भी बेहतर ढंग से चलाया जा सकेगा।

# बैजनाथ में 60 वर्षीय महिला से दुष्कर्म, आरोपी दुकानदार पर मामला दर्ज

- पुलिस ने महिला के बयान के आधार पर की त्वरित कार्रवाई

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत एक महिला से दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 60 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत मे कहा कि बैजनाथ बस स्टैंड क्षेत्र के एक दुकानदार ने अपनी दुकान में उसके साथ जबरन गलत काम किया। पुलिस ने महिला के बयानों के आधार पर आरोपी दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार वो रोज ही बस से बैजनाथ आती है। शनिवार सुबह करीब 9 बजे वह बैजनाथ पहुंची तथा बीज खरीदने के बाद बस अड्डे के पास एक दुकान जहां उसने अपने कपड़े सिलने छोड़े हैं, वहां गई। दुकानदार ने रविवार को कपड़े ले जाने की बात कही। इसके थोड़ी देर बाद मंदिर से वापिस आकर बाजार में वो दोबारा दुकान के पास पहुंची तो दुकानदार ने उसे दुकान में बुलाया तथा दुकान के अंदर दूराचार किया। पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 के तहत मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है। उधर, एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बीसीसीआई वुमन सीनियर इंटर जोनल टी-20 टूर्नामेंट

# नॉर्थ जोन टीम में एचपीसीए की हरलीन व शिवानी शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



बीसीसीआई वुमन सीनियर इंटर जोनल टी-20 टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए घोषित नार्थ जोन टीम में हिमाचली खिलाड़ी हरलीन व शिवानी को शामिल किया गया है। बीसीसीआई की ओर से सीनियर वुमन इंटन जोनल टी-20 ट्राफी का आयोजन 4 से 14 नवंबर तक नागालैंड के दीमापुर में किया जा रहा है। सीनियर वुमन नार्थ जोन सेलेक्शन कमेटी की बैठक शुक्रवार को जम्मू में आयोजित की गई, जिसमें हिमाचली खिलाड़ी हरलीन दियोल को वाइस कैप्टन की जिम्मेवारी दी गई है, वहीं शिवानी सिंह को भी टीम में शामिल किया गया है।

एचपीसीए सचिव अवनीश परमार ने बताया कि नार्थ जोन टीम दीमापुर में 4 नवंबर को साउथ जोन, 6 नवंबर को वेस्ट जोन, 8 नवंबर को इस्ट जोन, 10 नवंबर को सेंट्रल जोन और 12 नवंबर को नार्थ इस्ट जोन के साथ टी-20 मैच खेलेगी, जबकि 14 नवंबर को टूर्नामेंट का फाइनल होगा। अवनीश परमार ने बताया कि एचपीसीए की वीना पांडे को टूर्नामेंट के लिए नार्थ जोन के लिए एस एंड सी कोच नियुक्त किया गया है। परमार ने एचपीसीए की ओर से चयनित खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए टूर्नामेंट में उनके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

# अपर लंबागांव बाजार में सिरदर्द बना जाम

## कारोबारी के साथ ही ग्राहकों को भी हो रही परेशानी, दुकानदार बोले-पुलिस कर्मचारी हो तैनात

**अनंत ज्ञान, लंबागांव**



अपर लंबागांव के पुराने बाजार में जाम आम बात हो गई है। अब यह जाम लोगों के लिए सिरदर्द बन गया है। हालात ये हैं कि बाजार में थोड़ी भी भीड़ बढ़ते ही सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। जाम के कारण जहां खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को दिक्कत होती है वहीं, दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित होता है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक जाम की सबसे बड़ी वजह बाजार में लोगों की ओर से वाहनों को बेतरतीब तरीके से पार्क करना है। प्रशासन ने मुख्य बाजार में लगने वाले जाम से छुटकारा दिलाने के लिए अपर लंबागांव के पुराने बाजार में छोटे वाहनों के लिए वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर रखी है, लेकिन कुछ लोग इस नियम की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हैं। कई दुकानदार और लोग नए-पुराने दोनों बाजारों में ही दिनभर अपने वाहन सड़क के किनारे खड़े रहने देते हैं।

इससे समस्या और बढ़ जाती है। कुछ दुकानदार अपने सामान को दुकानों के बाहर सड़क पर खड़ा कर देते हैं, जिससे रास्ता और संकरा हो जाता है। नतीजा यह होता है कि थोड़ी भीड़ बढ़ते ही बाजार जाम से ठप हो जाता है। स्थानीय दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए अपर लंबागांव बस अड्डे पर प्रतिदिन एक पुलिसकर्मी की तैनाती की जाए।

लंबागांव पुलिस थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने कहा कि अपर लंबागांव बाजार में बेतरतीब ढंग से गाड़ियां खड़ी करने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने लोगों से भी सहयोग की अपील की है जिससे बाजार में यातायात सुचारु रूप से चल सके।

# दिहाड़ीदार का बेटा पंकज हिमाचल पुलिस में चयनित

**अनंत ज्ञान, कोहली/शाहपुर**

धारकंडी क्षेत्र की रिडकमार पंचायत के पंजोल गांव से एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक खबर सामने आई है। यहां के निवासी जरम सिंह और सरोती देवी (आंगनवाड़ी कार्यकर्ता) के पुत्र पंकज कुमार ने हाल ही में घोषित हिमाचल प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सफलता को और विशेष बनाती है यह बात कि पंकज कुमार पंजोल गांव के पहले युवा हैं, जिन्होंने आज तक के इतिहास में पहली बार हिमाचल प्रदेश पुलिस सेवा में चयन प्राप्त किया है। यह उपलब्धि पूरे गांव के लिए गौरव और प्रेरणा का क्षण बन गई है। परिणाम घोषित होते ही गांव में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई। पंचायत के उपप्रधान जगन्नाथ ने पंकज और उनके परिवार को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह केवल रिडकमार पंचायत नहीं, बल्कि पूरी धारकंडी की शान है। पंकज की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और माता-पिता के त्याग का परिणाम है। उनके पिता ने दिहाड़ी मजदूरी कर बेटे की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी, जबकि



मां ने आंगनवाड़ी कार्य के साथ बेटे के सपनों को साकार करने में हरसंभव योगदान दिया। पंकज ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दरिणी स्कूल से प्राप्त की, उसके बाद धर्मशाला कॉलेज से 2020 में बी.एससी. की डिग्री हासिल की। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी और दूसरे प्रयास में पुलिस भर्ती परीक्षा में सफलता प्राप्त की। पंकज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को देते हुए कहा माता-पिता की मेहनत और दुआओं ने ही मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया है। मैं चाहता हूं कि गांव के अन्य युवा भी मेहनत करें और अपने सपनों को सच करें।

# पांच दिन में शुरू होगा फिल्म फेस्टिवल, पर सड़कें बढ़ा रही मुश्किल

## बढ़ने लगी पर्यटकों की आमद, नहीं जा पा रहे बड़े वाहन, धर्मशाला में पार्क कर टैक्सियों से जाने को मजबूर पर्यटक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

इंटरनेशनल टूरिस्ट डेस्टीनेशन मैक्लोडगंज 30 अक्तूबर से फिर से अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का गवाह बनने जा रहा है, जबकि धर्मशाला से मैक्लोडगंज को जाने वाला नेशनल हाइवे और लिंक रोड्स आज भी जगह-जगह से खस्ताहाल हैं, बरसात के बाद जिनकी दशा नहीं सुधर पाई है। नतीजतन जहां नेशनल हाइवे आज भी बड़े पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए पूरी तरह से खुल नहीं पाया है तो वहीं लिंक्स रोड्स पर छोटे वाहनों की आवाजाही आसान नहीं है। पर्यटकों की आमद मैक्लोडगंज में शुरू हो गई है, लेकिन सड़क मार्ग बदहाल होने के चलते बड़े वाहनों व बसों में आने वाले पर्यटकों को अपने वाहनों को धर्मशाला में पार्क कर टैक्सियों के माध्यम से पर्यटन नगरी की ओर रुख करना पड़ रहा है। ऐसे में मैक्लोडगंज के व्यापारियों और पर्यटन कारोबारियों व लोगों ने प्रशासन और सरकार से इस ओर ध्यान देने और सड़क मार्ग को तुरंत दुरुस्त करने की मांग की है।



धर्मशाला से मैक्लोडगंज को जाने वाला नेशनल हाइवे और लिंक रोड्स जगह-जगह से खस्ताहाल हैं।

### 3 माह में पूरी तरह दुरुस्त हो जाएंगे रोड : एडीएम



**एडीएम** कांगड़ा कांगड़ा शिल्पी वेक्टा ने कहा कि अगले तीन महीनों में मैक्लोडगंज नेशनल हाईवे पहले की तरह बिल्कुल दुरुस्त हो जाएगा जिस पर पीडब्ल्यूडी की एनएच विंग लगातार काम कर रही है । वहीं लिंक्स रोड्स को भी खुलवाने के लिए पीडब्ल्यूडी और नगर निगम को आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मैक्लोडगंज में बड़े इवेंट्स को मद्देनजर रखते हुए कांगड़ा पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों से भी इस बाबत बातचीत की गई है और मैक्लोडगंज और धर्मशाला के एसएचओ को ट्रैफिक दुरुस्त रखने के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। शिल्पी वेक्टा ने कहा कि इस बार मानसून सीजन में धर्मशाला से मैक्लोडगंज जाने वाले सड़क मार्ग को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है।

### मार्ग बदहाल, तो कैसे बढ़ेगा कारोबार : राहुल



**होटल** एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला के अध्यक्ष राहुल धीमान का कहना है कि वीकंड पर अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है। पर्यटकों ने मैक्लोडगंज की ओर रुख करना शुरू कर दिया है, लेकिन बड़े वाहनों के न आ पाने के कारण पर्यटन कारोबार कुछ हद तक प्रभावित हो रहा है। फेस्टीवल सीजन के दौरान पर्यटकों को जाम की स्थिति से भी दो-चार होना पड़ा। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि मैक्लोडगंज को जोड़ने वाले सड़क मार्गों की दशा जल्द सुधारी जाए, जिससे पर्यटन को गति मिले और पर्यटन कारोबारी अच्छे कारोबार का लाभ उठा सकें।

# वॉलीबाल स्पर्धा में भगत सिंह सदर के लड़कों ने मारी बाजी



सन्हूं स्कूल में अंतर सदन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सन्हूं में अंतर सदन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महीने के अंतिम शनिवार जो कि बैग फ्री डे था, में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें वॉलीबाल बैडमिंटन एवं विभिन्न रोचक खेलों में विद्यार्थियों ने भाग लिया। भगत सिंह सदन के लड़कों ने वॉलीबाल में प्रथम स्थान हासिल किया जबकि रानी लक्ष्मी बाई सदन दूसरे स्थान पर रहा।

लड़कियों की वॉलीबाल प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मी बाई सदन प्रथम एवं भगत सिंह सदन दूसरे स्थान पर रहा। लड़कों एवं लड़कियों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में भगत सिंह सदन प्रथम एवं रानी लक्ष्मी बाई दूसरे स्थान पर रहा। अंडर-14 लड़कों की प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मी बाई सदन प्रथम रहा। विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित करने उपरांत प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी भाग लेना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। जिसमें अर्नव का हरयाणवी नृत्य सबने पसंद किया। इस अवसर पर मीना, कृतिका, राजेश रोशन,अश्वनी, विशाल, वनिता, शिप्रा, निशा, नवीन, प्रवीण, अजीत, गौरव, नरोत्तम, संजीव, अजय, शमशेर, सरिता एवं पीटीए प्रधान त्रिलोचन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस सरकार की युवा विरोधी नीतियों की वजह से प्रदेश का 6 लाख बेरोजगार युवा परेशान : सुधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि जहां वर्तमान कांग्रेस सरकार, उनके मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस की मित्रमंडली हिमाचल प्रदेश के युवाओं से रोजगार के अवसर छीन रही है। वहीं केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर देने में अग्रिम भूमिका निभा रही है।

उन्होंने कहा कि अभी तक लगभग 10000 से अधिक युवाओं को आउटसोर्स की नौकरी से निकाल दिया गया है, डेढ़ लाख स्वीकृत पदों को एक अधिसूचना से समाप्त कर दिया गया और सेवानिवृत्ति ना करते हुए रोजगार के अवसर के ऊपर ग्रहण लगा दिया गया। एक के बाद एक प्रदेश में रिंप्लॉयमेंट के केस सामने आ रहे हैं, युवा नौकरी ले तो ले कहां। सुनने में तो यह आ रहा है कि जिन आउटसोर्स युवाओं को सरकार से निकाला जा रहा है वही अपने मित्रों की बैक डोर एंट्री दे कर उनको नौकरी दी जा रही है। प्रदेश की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में वर्तमान में 1007 पद कंप्यूटर साईंस प्रवक्ता के रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 593457 युवा बेरोजगार है, अगर हम 2021-22 की बात करें तो बेरोजगारी दर 4 फीसदी थी जो बढक़र अब 6 फीसदी हो गई है। रोजगार मेले युवा भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक सशक्त माध्यम बन गए हैं और हाल के दिनों में इन मेलों के माध्यम से 11 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। शर्मा ने कहा कि ये प्रयास केवल सरकारी नौकरियों तक ही सीमित नहीं हैं। सरकार ने 3.50 करोड़ युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना आरंभ की है। उन्होंने कहा कि कौशल भारत मिशन जैसी पहल युवाओं को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर रही है, जबकि राष्ट्रीय करियर सेवा जैसे मंच नए अवसरों से जोड़ रहे हैं।



### भाजपा प्रदेश संयोजक कर्ण नंदा ने की भेंट

शनिवार को भाजपा प्रदेश संयोजक कर्ण नंदा ने भाजपा नेता एवं विधायक सुधीर शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की उनके साथ प्रदेश सह संयोजक विश्व चक्षु विशेष रूप ने उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स की अधूरी देनदारियों को पूरा करे प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पेंशनर संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने हिमाचल प्रदेश सरकार तथा मुख्यमंत्री से मांग की है हिमाचल प्रदेश के पेंशनर्स की अधूरी एवं लंबित देनदारियों को पूरी करें । प्रधान ने कहा कि सबसे ज्यादा नुक्सान उन पेंशनर्स को हो रहा है जो जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत हुए हैं, उनको उनकी ग्रेच्युटी, लीव इन कैसमैंट, कमोटेशन का केवल अभी तक 20 फीसदी ही लाभ मिला है, बाकी का 80 फीसदी हिस्सा सरकार के पास ही है जिसका पेंशनर्स लम्बे समय से इंतजार कर रहे हैं। प्रधान ने सरकार से मांग की है कि पेंशनर्स की देनदारियों को यदि एक मुश्त नहीं दे सकती तो चरणवद्ध तरीके से भुगतान करे, जिस तरह पंजाब सरकार अपने पेंशनर्स को कर रही है। प्रधान ने मांग की है कि पेंशनर्स के लिए मेडिकल विकल्प का पत्र जारी किया जाए, ताकि जिन पेंशनर्स को इस का लाभ नहीं मिल रहा उनको इसका लाभ मिल सके। पेंशनर्स के लिए जेसीसी का गठन किया जाए ताकि पेंशनर्स की मांगें तुरन्त पूरी हो सकें।

# अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य करेगा ढगवार मिल्क प्लांट : चंद्र कुमार

## कृषि व पशुपालन मंत्री बोले, मिल्क प्लांट का 41 फीसदी कार्य हुआ पूरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कृषि एवं पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार कहा कि कांगड़ा जिला के ढगवार का मिल्क प्लांट हिमाचल प्रदेश का सबसे उन्नत दुग्ध संयंत्र होगा, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य करेगा। यह संयंत्र पूरी तरह स्वचालित होगा, जिसमें अत्याधुनिक मशीनरी एवं उपकरण लगाए जा रहे हैं ताकि दुग्ध उत्पादों की उच्च गुणवत्ता, स्वच्छता और उत्पादन दक्षता सुनिश्चित की जा सके।

पशु पालन एवं कृषि मंत्री ने ढगवार में निर्माणाधीन लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र के कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों तथा निर्माण कार्य कर रही ठेकेदार फर्म को निर्देश दिए कि परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही संयंत्र की गुणवत्ता और प्रगति की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए गठित समिति में मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारी को शामिल करने के निर्देश भी दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि इस परियोजना की कुल लागत 225 करोड़ है, जिसमें से अब तक लगभग 41 प्रतिशत भौतिक कार्य पूर्ण हो चुका है। यहां पर टोंड मिल्क, डबल टोंड मिल्क, स्टैण्डर्ड मिल्क, फुल क्रीम मिल्क, खोया, दही, लस्सी, पनीर, मोजरेला चीज तथा फ्लेवर्ड मिल्क जैसे विविध दुग्ध उत्पादों का निर्माण किया जाएगा।



कृषि मंत्री ने निर्माणाधीन दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र के कार्यों का निरीक्षण करते हुए।

उन्होंने कहा कि यह संयंत्र प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने, ग्रामीण युवाओं को स्थायी रोजगार के अवसर प्रदान करने, और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अपनी एक और चुनावी गारंटी को पूरा करते हुए सरकार ने पशु पालकों से गोबर की खाद 300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदना शुरू कर दी है। बागवानों की खुशहाली के लिए भी सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए है।

# जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण संरक्षण पर दी प्रेरक जानकारी



अंतरराष्ट्रीय जलवायु कार्रवाई दिवस पर अवस्थी शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

अंतरराष्ट्रीय जलवायु कार्रवाई दिवस पर शनिवार को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन अवस्थी शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सतविंदर कौर, वैज्ञानिक अधिकारी, हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, (धर्मशाला) ने प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग पवन ठाकुर, वरिष्ठ सहायक, हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, (धर्मशाला) का रहा। अपने व्याख्यान में सतविंदर कौर ने जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रदूषण नियंत्रण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने तथा सतत विकास के लिए सामूहिक प्रयास करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजागरूकता बढ़ाना और समाज को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के अंत में डॉ सुमित चौहान (प्राचार्य) ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# आयुर्वेद महाविद्यालय पपरोला को क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया से मिला 'ए' ग्रेड

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

प्रदेश के एकमात्र राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय पपरोला को राष्ट्रीय स्तर पर क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) द्वारा घोषित रैंकिंग में इस संस्थान को 'ए' ग्रेड प्रदान किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर मिले इस अवार्ड की वजह से आने वाले समय में यह संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान के तौर पर विकसित होने में कारगर होगा। क्वालिटी कंट्रोल काउंसिल द्वारा व्यापक अध्ययन के बाद यह ग्रेड आयुर्वेदिक संस्थान पपरोला को दिया गया है।

शिक्षण, शोध, चिकित्सीय सेवाएं और संस्थागत प्रबंधन की उत्कृष्टता का आलम इस संस्थान का यह रहा कि देश के सभी राज्यों में यह संस्थान प्रथम हासिल कर पाया है। इसी के साथ महाविद्यालय को देश के विभिन्न राज्यों द्वारा संस्थान एवं अस्पताल कि प्रबंधन समिति का गुणात्मक देखभाल और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, शोध कार्य, उच्चस्तरीय प्रकाशन और नवाचार,सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता एवं सेवा कार्यक्रम, शिक्षण और प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा संस्थान से स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का देश और विदेश में विभिन्न स्तरों पर प्रथम पायदान पर रहा। राष्ट्रीय स्तर पर ग्रेडिंग आने वाले समय में इस संस्थान को अखिल भारतीय राष्ट्रीय आयुर्वेदिक संस्थान के तौर पर विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण होगी। हिमाचल प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. विजय चौधरी ने कहा कि महाविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस ग्रेडिंग की वजह से आने वाले समय में यह संस्थान अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान के तौर पर विकसित किए जाने की दिशा में मील पत्थर साबित होगा। यह उपलब्धि सभी शिक्षकों, पीजी शोधार्थियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के निरंतर योगदान और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा, स्थानीय विधायक किशोरी लाल, सचिव आयुष विभाग और निदेशक आयुष का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने महाविद्यालय को हर संभव सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया।



# 31 अक्तूबर तक जमा करवाएं बिजली बिल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सिद्धपुर संतोष कुमार ने सिद्धपुर (योल) के अंतर्गत आने वाले समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि, कोई भी बिजली उपभोक्ता अपना बिजली का बिल लंबित न रखें। सभी अपने बिजली के बिल का भुगतान इस माह की 31 अक्तूबर, 2025 तक करना सुनिश्चित करें। अगर किसी भी उपभोक्ता का बिजली का बिल काफी समय से लंबित है तो वह अपना बिजली का बिल तुरंत जमा करवाए। समय पर बिजली के बिल का भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन नियमानुसार बिना किसी आगामी सूचना के काट दिया जायेगा। उन्होंने बताया है कि उपभोक्ता अपने बिजली के बिल का भुगतान उपमंडल कार्यालय सिद्धपुर (योल) के कैश काउंटर या फिर ऑनलाइन माध्यम जैसे की बोर्ड की वेबसाइट और अन्य पेमेंट ऍप से भी जमा कर सकते है। उन्होंने बताया कि यदि उपभोक्ता को किसी भी प्रकार की सहायता या स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो, तो दूरभाष नम्बर 01892246394 पर सुबह 10:00 से शाम 5:00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

# विधायक किशोरी लाल ने घिरथोली में 4 लाख रुपए से बने ओबीसी भवन का किया लोकार्पण

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने नगर पंचायत घिरथोली का दौरा कर 4 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित ओबीसी भवन का विधिवत लोकार्पण किया तथा स्थानीय लोगों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ओबीसी समुदाय के लिए यह भवन सामाजिक गतिविधियों, बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा जनकल्याण से जुड़ी पहलों के संचालन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए प्रयासरत है। विधायक ने कहा कि घिरथोली क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों जैसे सडक़ सुधार, पेयजल आपूर्ति, सामुदायिक ढांचे के सुदृढ़ीकरण तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की नीतियों के अनुरूप ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि हर परिवार तक मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुंच सके। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को घिरथोली में पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने एवं आवश्यकता पड़ने पर ओवरहेड टैंक का निर्माण किए जाने की निर्देश दिए ताकि लोगों को पानी की किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को गांव की सडक़ के मरम्मत कार्य को तुरंत आरंभ करने तथा ओबीसी भवन की ऊपरी मंजिल के निर्माण हेतु शीघ्र ही विस्तृत अनुमान (एस्टीमेट) तैयार के भी निर्देश दिए।



विधायक किशोरी लाल ओबीसी भवन का लोकार्पण करते हुए।

# भक्ति रस में डूबा कोटला तीन दिवसीय श्री राधा रसामृत चर्चा का हुआ शुभारंभ

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** सामुदायिक भवन कोटला में से आरंभ हुई तीन दिवसीय श्री राधा रसामृत चर्चा में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ हरिनाम संकीर्तन के साथ हुआ, जिसमें दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने राधे-राधे के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पहले दिन श्रीहित आशकरण (श्रीधाम वृंदावन) ने श्री राधा चरितामृत रस चर्चा विषय पर भावपूर्ण प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि राधा नाम केवल शब्द नहीं बल्कि वह दिव्य शक्ति है जो जीवन को प्रेम आनंद और शांति से भर देती है। आशकरण ने श्रद्धालुओं को प्रेम भक्ति और सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 25 से 27 अक्तूबर तक चलेगा। दूसरे दिन हरिवंश का चरित्र व्याख्यान व श्री वृंदावन धाम की महिमा पर चर्चा होगी, जबकि अंतिम दिन जीवन जीने का सही तरीका विषय पर प्रवचन दिया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 1:30 बजे से 4:30 बजे तक चलने वाली इस कथा में क्षेत्रभर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। पूरा परिसर भक्ति रस में डूबा हुआ है।



# कड़ोआ स्कूल में एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर शुरू



**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कड़ोआ में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर शनिवार 25 अक्तूबर को विधिवत रूप से आरंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य श्याम मुरारी ने की।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह, मोनिका, संजय शर्मा, विजय सिंह, अनीता रानी, सिंधिया रानी, अरविंद शमी, विशाल राणा, दीपक कुमार, नरेंद्र कुमार और जसवीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी गणेश शमी और महिला कार्यक्रम अधिकारी रानी देवी ने सभी अतिथियों एवं विद्यालय स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में कुल 21 स्वयंसेवी विद्यार्थी भाग ले रहे हैं, जो आगामी 31 अक्तूबर तक विविध सामाजिक एवं जनहित कार्यों में भाग लेंगे।

प्रधानाचार्य श्याम मुरारी व उपप्रधानाचार्य सुरजीत सिंह ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन, स्वच्छता, नशा मुक्ति व समाज सेवा का भाव जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस शिविर से प्रेरणा लेकर समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करें। यह शिविर स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत की भावना को साकार करने का प्रयास है, जिसमें विद्यार्थी स्वच्छता अभियान, नशा उन्मूलन रैली, वृक्षारोपण तथा ग्राम सेवा जैसे कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

# कांग्रेस व भाजपा सरकारों ने प्रदेश पर लादा 1,01,575 करोड़ का कर्ज : बलदेव

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश सरकार एक तरफ गंभीर वित्तीय संकट का राग अलाप कर कर्जा लेती जा रही है वहीं दूसरी ओर विधायकों मंत्रियों के वेतन भत्तों में भारी भरकम वृद्धि भी करती जा रही है। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सरकार वित्तीय संकट का हवाला देकर 200 करोड़ का कर्ज लेने जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तथा भाजपा सरकारों ने पहले ही प्रदेश की जनता को 1,01,575 करोड़ के कर्जे में डूबा दिया है। उन्होंने कहा कि माननीयों के वेतन भत्तों और पेंशन संशोधन विधेयक 2019 में 60 प्रतिशत वृद्धि की थी,अब पुन: बजट सत्र के दौरान सत्ता पक्ष तथा विपक्ष ने ध्वनिमत से 30प्रतिशत मनमानी सेअपने वेतन भत्तों में वृद्धि कर ली। बलदेव राज सूद ने कहा कि सरकार और विपक्ष के इस असंवैधानिक निर्णय का स्वाभिमान पार्टी डटकर विरोध करती है क्योंकि मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक जनता के नौकर हैं तथा खजाने की मालिक जनता है , जनता की जेव से टैक्स के रुप में आने वाली राशी का उपयोग नौकर मनमानी से नहीं कर सकता। उन्होंने ने कहा कि सेवा के नाम पर आने बाले मुख्यमंत्री ने अपना वेतन 2-65 लाख से 3-50, विधानसभा अध्यक्ष ने 2-55से 3-45 लाख, कैबिनेट मंत्री ने 2-45 से 3-10 लाख तथा विधायकों ने 2-80 लाख कैसे कर दिया। इसके अतिरिक्त उनके आवास, यात्रा आदि सब खर्चे सब जनता की जेब से जाते हैं। बलदेव राज सूद ने प्रदेश की जनता से सरकार तथा विपक्ष के इन मनमाने तथा असंवैधानिक निर्णयों के विरोध में एक जुट होने का आह्वान किया।

# 1600 मीटर रेस में रिकी संधु प्रथम



कांगड़ा में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्यातिथि पवन काजल ने सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मेरा युवा भारत कांगड़ा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, द्वारा विकास खंड कांगड़ा में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया । जिसमें विभिन्न युवा मंडलों के युवाओं ने वॉलीबाल, कबड्डी, रस्साकशी, थ्री लेग रेस, 1600 मीटर रेस व स्पून रेस जैसी खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। उक्त ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता विकास खंड कांगड़ा के तकीपुर खेल मैदान में करवाया गया, जिसमें मुख्यतिथि के रूप में पवन काजल विधायक कांगड़ा, विशिष्ट अतिथि के रूप अशोक कपूर इंडियन आर्मी कुमाउं रेजीमेंट सहित विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधान, बीडीसी मेम्बर एवं अन्य समाजसेवी मौजूद थे। ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 1600 मीटर रेस में रिकी संधु, थ्री लेग रेस में रितिका कौंडल, कबड्डी में यूथ क्लब गाहलियां, स्पून रेस प्रतियोगिता में राशि कुमारी, वॉलीबॉल में यूथ क्लब दौलतपुर एवं रस्साकशी प्रतियोगिता में यूथ क्लब तकीपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किये। सभी विजेता तथा उप-विजेता युवा मंडल सदस्यों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किये गए । अंत में मुख्यतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा खेलो भारत नीति को पढने तथा विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में युवाओं को प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### अजय शाहतलाई भाजयुमो के अध्यक्ष नियुक्त



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भारतीय जनता पार्टी के झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शाहतलाई मंडल में अजय शर्मा को भारतीय जनता युवा मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अजय शर्मा मूलतः ग्राम पंचायत दसलेहड़ा के निवासी हैं और लंबे समय से पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में संगठन में योगदान दे रहे हैं। नियुक्ति के उपरांत अजय शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, सांसद अनुराग ठाकुर, विधायक जीतराम कटवाल, झंडूता मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल तथा शाहतलाई मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश गौतम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया जाएगा तथा युवा मोर्चा को गांव-गांव तक मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी अजय शर्मा की नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और आशा जताई कि उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा।

### विद्यार्थियों ने संवारा कॉलेज का नया भवन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के गणित विभाग के विद्यार्थियों ने आज महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर नए भवन तक परिसर को साफ-सुथरा किया। इस सफाई अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पीएस कटवाल ने कहा कि महाविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थी पूर्व निश्चित स्थान पर सफाई का पूरा ध्यान स्वयं रखते है, जिससे समस्त महाविद्यालय साफ-सुथरा और सुन्दर दिखता है। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को सफाई का काम देकर उन्हें जिम्मेदारी का एहसास करवाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है जिससे विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी की भी समझ बढ़े। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गणित विभाग के विद्यार्थियों ने एकदिवसीय सफाई अभियान के अंतर्गत भांग, घास एवं झाड़ियां उखाड़ी और नए भवन में से अतिरिक्त सामग्री को हटाकर साफ-सुथरा किया।

### सांसद अनुराग के जन्मदिन पर करवाए कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर क्रिकेट संघ द्वारा भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के जन्मदिन को लेकर मनाया जा रहा सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए बिलासपुर क्रिकेट संघ के सचिव विशाल जगोता ने बताया कि बीते कल इस पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। जिसके तहत सांसद अनुराग की दीर्घायु और स्वस्थ्य जीवन के लिए महामृत्युंज्य पाठ किया गया तथा इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन भी किया गया। इस यज्ञ में सभी क्रिकेट संघ से जुड़े पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने आहुति डाली और उनके स्वस्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। विशाल जगोता ने बताया कि इसी कड़ी भगेड़ में स्थित अपराजिता अनाथ आश्रम में बच्चों को उनी वस्त्र और अन्य जरूरत का सामान भेंट किया गया।

### सुरक्षित भवन निर्माण के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण बिलासपुर के सौजन्य से आपदा जोखिम न्यूनीकरण और समर्थ 2025 कार्यक्रम के तहत उपतहसील भराड़ी की ग्राम पंचायत डंगार व लेहडी सरेल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संबंधित पंचायतों के प्रधानों ने की। सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा अनुमोदित सांस्कृतिक दल पटियाल म्यूजिकल ग्रुप डंगार, घुमारवीं के कलाकारों ने उपस्थित जनसमूह को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि भूकंप सुरक्षित भवन निर्माण कैसे किया जाना चाहिए। कलाकारों ने लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण के विभिन्न तौर तरीकों और मूलभूत ज्ञान से अवगत करवाया। कलाकारों ने बताया कि भवन चाहे आवासीय हों या गैर आवासीय उसका निर्माण भूकंपरोधी तरीके से किया जाना चाहिए ताकि किसी भी आपदा के समय जानमाल के नुकसान को रोका जा सके। भवनों में किसी भी प्रका का संरचनात्मक बदलाव करने से पहले अभियंता से परामर्श आवश्य लें ताकि भूकंप से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। कलाकारों ने लोगों को भूकंपरोधी भवन बनाने के लिए उत्तम सीमेंट मोर्टर, क्षैतिज भूकंपरोधी बैंड, इंट की दीवारों का सुदृढ़ीकरण और नींव बनाने में प्रयोग होने वाले आवश्यक तत्वों बारे भी जागरूक किया गया।

# बिलासपुर में 100 करोड़ की सीवरेज परियोजना दो साल बाद भी अधूरी

## न ही योजना जमीन पर उतर रही और न ही शहरवासियों की उम्मीदें पूरी

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** दो साल पहले कांग्रेस सरकार ने बिलासपुर शहर में 100 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज लाइन बिछाने और आधुनिक सीवरेज प्रणाली स्थापित करने की घोषणा की थी। यह योजना शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और सतलुज नदी में गंदे पानी के बहाव को रोकने के उद्देश्य से बनाई गई थी, लेकिन अब तक यह योजना जमीन पर नहीं उतरी है और शहरवासियों की उम्मीदें अधूरी हैं। साल 2023 में राज्य सरकार ने फ्रांसीसी विकास एजेंसी एजेंस फ्रैंसे डे दवेलोप्पेमेंट ( एएफडी ) के साथ समझौता (एमओयू) किया था, जिसकी तारीख 22 मार्च, 2023 है। इस समझौते के तहत बिलासपुर समेत हिमाचल के पांच शहरों मनाली, पालमपुर, नाहन और करसोग में जल आपूर्ति और सीवरेज सुधार के लिए



817.12 करोड़ रुपए की परियोजना शुरू की गई। इसमें एएफडी द्वारा 612 करोड़ रुपए और राज्य सरकार द्वारा 204.85 करोड़ रुपए का योगदान शामिल था।

जल शक्ति विभाग के अनुसार, बिलासपुर में प्रस्तावित 7 एमएलडी क्षमता वाला सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तैयार है। हालांकि, विभागीय रिपोर्ट के अनुसार बिलासपुर अभी भी आंशिक रूप से कवर श्रेणी में आता है और पूरे शहर में नेटवर्क लागू नहीं हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकारी घोषणाओं के बावजूद शहर में काम धीमे हैं। बरसात के दिनों में सीवरेज का पानी गलियों में भर जाता है, जिससे बदबू और स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ते हैं। वहीं, विशेषज्ञों का कहना है कि यह देरी धन की कमी के कारण नहीं है, बल्कि राज्य सरकार की हिस्सेदारी, प्रशासनिक मंजूरी और तकनीकी तैयारी में समय लग रहा है।

छोटे क्षेत्रों में काम आरंभ हो चुका है, इसलिए परियोजना पूरी तरह स्थगित नहीं है। बजट 2025-26 में जल आपूर्ति और स्वच्छता के लिए प्रावधान बढ़ाया गया है, लेकिन बिलासपुर के लिए अलग से बजट आवंटन का विवरण स्पष्ट नहीं है। जनता की अपेक्षा है कि सरकार घोषणा को अमल में लाए और शहर को आधुनिक सीवरेज प्रणाली से जोड़े, ताकि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के वादे सिर्फ कागजों तक सीमित न रहें।

### घुमारवीं में 3.6 करोड़ की नई परियोजना का शिलान्यास

**हाल** ही में घुमारवीं नगर परिषद क्षेत्र में 3.6 करोड़ की नई परियोजना का शिलान्यास किया गया। इस परियोजना में मौजूदा सीवरेज नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा, नई पाइपलाइनें बिछाई जाएंगी और घर-घर सीवरेज कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। शाहतालई क्षेत्र में 1.65 एमएलडी क्षमता वाली सीवरेज परियोजना के लिए निविदा भी जारी की गई है। वर्तमान निविदा प्रक्रिया के अनुसार, सब्ज़ी मंडी क्षेत्र में पाइपलाइन और मैनहोल निर्माण के लिए निविदा पूरी हो चुकी है और परिणाम की प्रतीक्षा है। घुमारवीं क्षेत्र में सीवरेज सुधार और एसटीपी निर्माण की निविदा प्रक्रिया चल रही है। इन निविदाओं के आधार पर स्पष्ट है कि बड़े पैमाने पर कार्य अभी धीरे-धीरे ही शुरू हो रहा है।

# बस का समय बदलने से तीन पंचायतों के नागरिक परेशान

**मोरसिंधी, दाबला व पटेर के ग्रामीणों और विद्यार्थियों को करनी पड़ रही पैदल यात्रा**

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

उपमंडल घुमारवीं के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मोरसिंधी, दाबला और पटेर के लोगों को इन दिनों एचआरटीसी बस सेवा के समय परिवर्तन के कारण भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पहले यह बस दोपहर 2:20 बजे घुमारवीं से चलकर वाया दांडी, दाबला, मोरसिंधी, बछड़ी, भटोली होते हुए मटयाल तक पहुंचती थी, लेकिन अब विभाग द्वारा इस बस को 3:00 बजे के बाद चलाया जा रहा है। समय में इस बदलाव से ग्रामीणों, विशेष रूप से विद्यालय के विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

मोरसिंधी स्कूल और आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थी रोजाना बस की प्रतीक्षा में खड़े रहते हैं, लेकिन समय में बदलाव के कारण उन्हें अब कई किलोमीटर पैदल चलकर घर पहुंचना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले बस समय पर चलती थी तो सभी समय से अपने घर पहुंच जाते थे, लेकिन अब देरी के कारण बच्चों को शाम तक रास्ते में रहना पड़ता है। इससे अभिभावकों में भी चिंता का माहौल है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो ग्रामीण एचआरटीसी डिपो के बाहर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### बस को पूर्व समय पर चलाने की मांग

**ग्राम** पंचायत पटेर के पूर्व प्रधान सुरेश कुमार, जोगिंद्र, संतोष कुमारी, प्रेमलता, अमर सिंह और भगीरथ सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बस का समय बदलने से तीनों पंचायतों के सैकड़ों लोग प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने एचआरटीसी विभाग घुमारवीं से मांग की है कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए और बस को पूर्व निर्धारित समय 2:20 बजे ही चलाया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# झंडूता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर्स के आठ पद खाली

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं न मिलने से लोगों में रोष**

झंडूता उपमंडल के ब्लांक में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की गंभीर कमी से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र में कुल 10 डॉक्टरों की पोस्टें स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से केवल 2 डॉक्टर ही कार्यरत हैं, जबकि 8 पोस्टें लंबे समय से खाली पड़ी हुई हैं। इस स्थिति से इलाके के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय निवासी मछेंद्र भारती ने इस मुद्दे पर खुलकर बात करते हुए बताया कि झंडूता अस्पताल में 10 पोस्टें स्वीकृत हैं, लेकिन 8 पोस्टें खाली चल रही हैं। मरीजों को इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। हम प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द यहां डॉक्टरों की तैनाती की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस कमी के कारण केंद्र में आने वाले मरीजों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से भी वंचित होना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण यहां के लोग पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाओं से जूझ रहे हैं, और डॉक्टरों की यह कमी स्थिति को और गंभीर बना रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायतें करने के बावजूद सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वहीं, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश ने फोन के माध्यम से बताया कि तीन डॉक्टरों को आदेश हुए थे, लेकिन उन्होंने अभी तक ज्वाइन नहीं किया हुआ है।

# श्री नयना देवी मंदिर का 100 करोड़ से हो रहा सौंदर्यीकरण

## डीसी बोले-श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर में एकीकृत नियंत्रण केंद्र स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में मंदिर ट्रस्ट श्री नयना देवी जी के निर्माण कार्यों और आगामी प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष मंदिर ट्रस्ट श्री नयना देवी धर्मपाल, सहायक नियंत्रक (वित्त एवं लेखा) मनीष सरीन, मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर तथा सहायक अभियंता प्रमेचंद शर्मा उपस्थित रहे। उपायुक्त ने बताया कि धार्मिक पर्यटन को सुदृढ़ बनाने और श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों पर लगभग 100 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। इन कार्यों में सड़कों का सुधार, शौचालयों एवं वॉशरूम का निर्माण, श्रद्धालु आवास भवन का निर्माण, और मंदिर मार्ग के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ सुविधाजनक पहुंच सुनिश्चित करना शामिल है। मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र स्थापित किया गया है। इसके अंतर्गत पंजाब सीमा (टोबा) से लेकर मंदिर परिसर तक लगभग 150 कैमरे लगाए गए हैं, जिससे संपूर्ण मार्ग पर निगरानी सुदृढ़ हुई है। मंदिर क्षेत्र के चौड़ीकरण के तहत आधुनिक काउंटर कक्ष और आरती हॉल के निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े कृपाली कुंड का जीर्णोद्धार किया जाएगा, जिसमें नई मूर्तियों की स्थापना और प्रकाश व्यवस्था का आधुनिकीकरण किया जाएगा।

### श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए बनाया आगमन हॉल



**उपायुक्त** ने बताया कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए लगभग 1500 से 2000 श्रद्धालुओं के ठहरने की सुविधा हेतु एक विशाल आगमन हॉल का निर्माण किया गया है। मातृआंचल एवं मातृशरण भवनों में श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग की व्यवस्था भी की गई है। बस अड्डा के समीप पुलिस यातायात नियंत्रण कक्ष की स्थापना से ट्रैफिक व्यवस्था और भी सुचारु हुई है, जिससे पर्वो एवं त्योहारों के दौरान भीड़ प्रबंधन में आसानी होगी।

### पुरुषों व महिलाओं के लिए अलग स्नानघर

**कौला** वाला टोबा क्षेत्र में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग स्नानघर बनाए जाएंगे। इसके अलावा गुफा के समीप स्थित स्टेडियम का पुनर्विकास किया जाएगा ताकि धार्मिक आयोजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सुविधाजनक रूप से हो सके। मंदिर ट्रस्ट द्वारा चयनित भूमि पर पर्यटन विभाग द्वारा कैफे निर्माण का कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा। वहीं, स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए एक दुकान भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

# बिलासपुर में ग्रामीण बेरोजगार प्रशिक्षित एसोसिएशन ने बैठक कर बनाई रणनीति



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नगर के डियारा सेक्टर में स्थित श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर परिसर में ग्रामीण बेरोजगार प्रशिक्षित एसोसिएशन (गुरिल्ला संगठन) की बैठक संगठनाध्यक्ष हीरा पाल चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 4 नवंबर को उच्च न्यायालय दिल्ली में विचाराधीन गुरिल्लाओं के संदर्भ में सुनवाई तथा सुनवाई से पहले अपनी त्रुटियों की दुरुस्ती को दूर करने पर चर्चा करना है तथा इसके साथ ही कई अन्य पहलुओं पर भी बहुत ही गहनता और गंभीरता के साथ आपस में विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने संगठन से संबंधित समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों से अपील है कि सभी निर्धारित तिथि को सुबह के ठीक दस बजे 10 बजे श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर के प्रांगण में पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह आम नहीं एक महत्वपूर्ण बैठक है, इसलिए सभी भागीदारी सुनिश्चित करें और साथ में अपने-अपने नाम भी जांच लें। किसी तरह की कोताही के लिए संगठन जिम्मेदार नहीं होगा।

# शहीदों का सम्मान करने का दिया संदेश

## 25 कैडेट्स ने शहीद स्मारक के साथ लगते पार्क को किया चकाचक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**




राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनसीसी आर्मी विंग के 25 कैडेट्स ने शहीद स्मारक के साथ लगते पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। कैडेट्स ने पार्क में स्थापित मूर्तियों की सफाई की तथा स्वच्छता व जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और शहीदों के प्रति सम्मान प्रकट करने का संदेश दिया।

इस रैली का मार्गदर्शन सीनियर अंडर ऑफिसर चंदन कौंडल, अंडर ऑफिसर सक्षम, तथा कंपनी क्वार्टर मास्टर सार्जेंट मनीषा देवी ने किया, जबकि सार्जेंट शुभम ने पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन बनाए रखा। यह पूरा कार्यक्रम एनसीसी अधिकारी कैप्टन (डॉ.) जयचंद की देखरेख में संपन्न हुआ। उसी दिन 2 एचपी बटालियन एनसीसी मंडी से आए सुबेदार मेजर श्याम लाल तथा हवलदार चमन लाल ने महाविद्यालय का दौरा किया। इस कक्षा तथा निरीक्षण के दौरान 60 कैडेट्स उपस्थित रहे। इस अवसर पर हवलदार चमन लाल ने कैडेट्स को ड्रिल तथा एफ.सी.बी.सी. (फील्ड क्राफ्ट एंड बैटल क्राफ्ट) का प्रशिक्षण दिया, जबकि सुबेदार मेजर श्याम लाल ने कैडेट्स को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने सीनियर्स का सहयोग करें और अनुशासन बनाए रखें। कॉलेज प्राचार्य ने सभी का स्वागत किया और इस उत्कृष्ट कार्य के लिए धन्यवाद प्रकट किया।

# इंसानियत संस्था ने स्वयं के पैसे से बना दी लोहे की पुली

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**ग्रामीण बोले- हम संस्था के तहेदिल से शुक्रगुजार**

इंसानियत संस्था ने डाहड गांव के ग्रामीणों के लिए एक सराहनीय कदम उठाया है। संस्था के प्रधान पवन चंदेल ने अपने निजी खर्च पर डाहड से डफेर जाने वाले मार्ग पर बहते नाले के ऊपर लोहे की पुली बनवाकर ग्रामीणों को बड़ी राहत और सुरक्षा प्रदान की है। प्रधान ने बताया कि संस्था ग़रीब लोगों के कल्याण, बेटियों की शादी के लिए भी सहयोग करती है।

उन्होंने बताया कि संस्था के द्वारा हर महिने में एक रक्तदान शिविर अलग अलग स्थानों पर लगाया जाता है। संस्था द्वारा नशे के विरुद्ध भी विशेष अभियान चलाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह रास्ता लगभग एक किलोमीटर लंबा है, लेकिन बीच में बहते नाले के कारण पहले यहां कोई पुली नहीं थी। इस वजह से स्कूल जाने वाले बच्चों और अन्य लोगों को मजबूरन लगभग दो किलोमीटर लंबा घुमावदार रास्ता तय करना पड़ता था। बरसात के दिनों में नाले का उफान और गहराई के कारण यह मार्ग अक्सर खतरे का कारण बन जाता था। गांव की इस परेशानी को देखते हुए पवन चंदेल ने स्वयं पहल करते हुए लोहे की पुली बनवाने का निर्णय लिया। पुली बनने के बाद अब ग्रामीणों और बच्चों को नाले से होकर गुजरने की जोखिम भरी परेशानी से छुटकारा मिल गया है। ग्रामीणों बताया कि पुली बनने से अब आवागमन भी सुरक्षित हो गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल इंसानियत की सच्ची मिसाल है और हम पवन चंदेल तथा इंसानियत संस्था के आभारी हैं। यह पहल न केवल ग्रामीणों को सुविधा प्रदान कर रही है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी अहम भूमिका निभा रही है।



डाहड से डफेर जाने वाले मार्ग पर बहते नाले के ऊपर बनाई गई लोहे की पुली।

**भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी घोषित**

# अमित कुमार और रिंकू चौधरी को सौंपी महामंत्री की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जिला कार्यकारिणी में 4 उपाध्यक्ष, 5 सचिव**

भारतीय जनता पार्टी अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला बिलासपुर के जिलाध्यक्ष खुशी राम ने जिला कार्यकारिणी, पदाधिकारियों और मंडलाध्यक्षों की नियुक्तियों की घोषणा की। जिला कार्यकारिणी में चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, पांच सचिव, एक कोषाध्यक्ष, कार्यालय सचिव, प्रवक्ता, सह प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया संयोजक, आईटी संयोजक और आठ मंडलाध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिलाध्यक्ष खुशी राम ने बताया कि उपाध्यक्षों के रूप में राजकुमार चौधरी (बिलासपुर), बालक राम (श्री नयना देवी जी अपर मंडल), प्रेम लाल चौधरी (झंडूता) और प्रकाश चंद (घुमारवीं) को नियुक्त किया गया है। महामंत्री पद पर अमित कुमार (घुमारवीं) और रिंकू चौधरी (बिलासपुर) की नियुक्ति हुई है। सचिवों में रमेश राणा रिंकू (श्री नयना देवी जी अपर मंडल), राज कुमार (घुमारवीं), जोगिंदर राणा (बिलासपुर), शिव चंद (झंडूता) और गुरदीप सिंह देओल (लोअर मंडल श्री नयना देवी जी) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा बलवंत सिंह (घुमारवीं) को कोषाध्यक्ष, लक्ष्मण दास (श्री नयना देवी जी लोअर मंडल) को कार्यालय सचिव, उपेंद्र पाल राणा (झंडूता) को प्रवक्ता, रामपाल (श्री नयना देवी जी लोअर मंडल) को सह प्रवक्ता, केशव संख्यान (घुमारवीं) को मीडिया प्रभारी, विकास राणा (श्री नयना देवी जी अपर मंडल) को सोशल मीडिया प्रभारी और सुभाष कपिला (झंडूता) को आईटी संयोजक बनाया गया है।

जिला स्तर पर आठ मंडलों के अध्यक्ष भी घोषित किए गए हैं। इनमें नंद लाल (झंडूता), रमेश कोंडल (शाहतलाई), बीरी सिंह (भराड़ी), रामपाल राणा (घुमारवीं), छोटा राम (सदर), राजेश कुमार (बिलासपुर), कमल चौधरी (श्री नयना देवी जी अपर मंडल) और गुरमीत बालू (लोअर मंडल श्री नयना देवी जी) को मंडलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि नई कार्यकारिणी संगठन को नई ऊर्जा देगी और भाजपा की नीतियों एवं योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में सेतु का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पार्टी के सिद्धांतों के अनुरूप संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# बलघाड़ में नेशनल के लिए चयनित छात्राओं का स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय उच्च पाठशाला बलघाड़ में योगा एवं कुश्ती में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित छात्राओं का पाठशाला में अध्यापकों, एसएमसी एवं छात्रों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकारी मुख्य अध्यापिका सुषमा देवी ने जारी बयान में बताया कि 14 से 17 अक्तूबर को राजकीय (कन्या) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऊना में राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रिदमिक योग में शानवी एवं अंजलि ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा आर्टिस्टिक में शानवी एवं अंजलि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा आर्टिस्टिक सिंगल में तृतीय स्थान हासिल किया।

इस प्रतियोगिता में शानवी एवं अंजलि राष्ट्रीय स्तरीय योग प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई हैं, जिसका राष्ट्रीय स्तर का आयोजन पश्चिम बंगाल के कोलकाता में होगा। राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में राजकीय उच्च पाठशाला बलघाड़ की छात्रा अपर्णिता ने अंडर 14 वर्ग में 50 किलोग्राम भार में खेलते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया।

अब यह छात्रा राष्ट्रीय स्तर पर 50 किलो ग्राम भार में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी जो की पाठशाला एवं समस्त इलाके के लिए बेहद प्रसन्नता की बात है मुख्य अध्यापिका ने बताया कि इन छात्रों को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए पाठशाला के शारीरिक अध्यापक सुनील कुमार का बहुत बड़ा योगदान है, जोकि लगातार इन बच्चों के साथ मिलकर कड़ी से कड़ी मेहनत करवाते हैं, जिसके फलस्वरुप पाठशाला के छात्र एवं छात्राएं विभिन्न प्रतियोगिताओं में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। मुख्याध्यापिका ने इन छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर अध्यापक अवनीश कुमार, सुरेश कुमार, अश्वनी, चंद्रशेखर, सुनील, पंकज, सुमन, पवन, वीरेंद्र, प्रियंका, एसएमसी अध्यक्षा गुरविंद्र शर्मा व समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**पीएमजीएसवाई** सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, यह विकास की दिशा तय करने वाली धुरी : जीत सिंह

# 25 वर्ष में बिलासपुर की 624 बस्तियां सड़क से जुड़ीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने बिलासपुर में ग्रामीण आत्मनिर्भरता, सामाजिक सशक्तिकरण और आर्थिक प्रगति की नींव रखी है और आने वाले वर्षों में यह हिमाचल प्रदेश के समग्र विकास में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

योजना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को बिलासपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अधीक्षण अभियंता जीत सिंह ठाकुर ने बताया कि इस योजना ने ग्रामीण भारत के विकास की दिशा बदल दी है। उन्होंने कहा कि योजना ने गांवों को शहरों से जोड़ा, जीवन स्तर में सुधार किया और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिले की 624 बस्तियां अब सड़क सुविधा से जुड़ी हैं, जिससे हजारों परिवारों का जीवन बदल गया है। बेहतर सड़क संपर्क से ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विपणन और रोजगार तक सहज पहुंच मिली है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, 'सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि यह विकास की दिशा तय करने वाली धुरी है। योजना के तीनों चरणों के माध्यम से जिले के दूरदराज और पिछड़े इलाकों को सड़क सुविधा से जोड़ने में सफलता मिली है। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पीएमजीएसवाई-1 में 133 बस्तियों को सड़क से जोड़ा गया। पीएमजीएसवाई-2 में 6 सड़कों के माध्यम से 27 बस्तियों को लाभ मिला, कुल लंबाई 66.32 किमी और पीएमजीएसवाई -3 में 19 सड़कों के माध्यम से 464 बस्तियों को जोड़कर कुल लंबाई 184.62 किमी तक पहुंचाई गई।

योजना के आगामी चरण पारदर्शिता, गुणवत्ता और गति के सिद्धांतों के अनुरूप आगे बढ़ाए जाएंगे, ताकि जिले की शेष बस्तियों को भी सड़क संपर्क से जोड़ा जा सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों, स्थानीय प्रतिनिधियों और ग्रामीण जनता के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि जब सड़क गांव तक पहुंचती है, तो विकास हर घर तक पहुंचता है।

### योजना के तहत अब तक 452 करोड़ रुपए व्यय



**अब** तक कुल 862.71 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है और 112.18 किलोमीटर निर्माणाधीन है। इन परियोजनाओं पर अब तक 452 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, जिससे ग्रामीण संपर्क प्रणाली को मजबूती मिली और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने ग्रामीण जीवन के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। अब छात्र-छात्राएं स्कूल आसानी से पहुंच पा रहे हैं, मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर मिल रही हैं, किसान अपनी फसल को बाजार तक तेजी से पहुंचा पा रहे हैं और युवाओं के रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

# मेहंदी प्रतियोगिता में वर्षा देवी रही अव्वल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय उच्च पाठशाला भोली में विश्व आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के मुख्य अध्यापक बाबूराम ने की। स्वास्थ्य शिक्षक मस्तराम ने बताया कि दुनिया की लगभग एक तिहाई आबादी आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों के खतरे में है। उन्होंने बताया कि आयोडीन की कमी से घेंघा, मानसिक मंदता और बौनापन जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। इसके निवारण के लिए आयोडीन युक्त नमक के प्रयोग पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मेहंदी प्रतियोगिता में वर्षा देवी, निरुपमा और काजल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता में कोमल, निरुपमा और स्नेहा सफल रहीं। भाषण स्पर्धा में कोमल, निरुपमा और सूर्यांश ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किए।

# भरमौर कूड़ा डंपिंग साइट में लगी आग विषैले धुएं ने लोगों का जीना किया दूभर

## दशकों से समस्या जारी, शरारती तत्वों के कारण जलता रहा टनों कूड़ा, प्रशासनिक कार्रवाई नहीं

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के कूड़ा डंपिंग साइट सचिवालय भरमौर पट्टी से मात्र 200 मीटर दूरी पर स्थित है, इसमें शरारती तत्वों द्वारा आग लगाने के कारण यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह कूड़ा डंपिंग साइट दशकों से सुर्खियों पर रही है, लाखों रुपए भरमौर प्रशासन द्वारा इस पर खर्च किए जाने के बावजूद इस समस्या का स्थाई हल नहीं हो पाया है। आग लगने की घटना भी एक आम बात हो गई है, लेकिन आज तक इस पर भरमौर प्रशासन से कोई कडी कार्रवाई नहीं हो पाई।

पूरे भरमौर उपमंडल व मणिमहेश यात्रा का कूड़ा यहां डंप किया जाता है बाद में शरारती तत्वों का हवाला देकर उसे आग के भेंट किया जाता है। टनों के हिसाब से यह कूड़ा जलने से भरमौर पंचायत, संचूई पंचायत,प्रघांला पंचायत, हडसर पंचायत, कुगती पंचायत के हजारों लोगों को इस विशैले धुंए से जूझना पडेगा। आग शुक्रवार को करीब शाम 9 बजे के करीब लगी थी। पूरी रात्रि यह कूड़ा जलता रहा, लेकिन आग बुझाने के लिए रात्रि कोई भी प्रशासनिक अमला नहीं पंहुचा व शनिवार सुबह तक पूरे क्षेत्र में धुंआ ही धुआं हो गया। जिससे स्थानीय पंचायतों संचुई, भरमौर,प्रंघाला हडसर, कुगती के लोगों को इस समस्या से जूझना पड़ा व विषैला धुंआ लोगों की जिंदगी के साथ भी खिलवाड़ करेगा। हालांकि भरमौर प्रशासन द्वारा शनिवार को सुबह अग्निशमन केंद्र खडामुख का बाहन बुलाया गया था लेकिन तब तक टनों के हिसाब से झुलसी आग पर काबू पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी था। क्षेत्र के लोगों चैन सिंह, मिलाप सिंह, गगन सिंह, दीप कुमार, संजय कुमार, पवन कुमार, केवल सिंह ने भरमौर प्रशासन व प्रदेश सरकार से इस समस्या का स्थाई हल ढूंढ़ने की मांग की है।



भरमौर कूड़ा डंपिंग साइट में लगी आग की भयावह तस्वीरें।

## बाबूराम गौतम विशेष आयुर्वेद चिकित्सा अवार्ड 2026 से शुरू करे सरकार : डॉ. दिनेश कुमार

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** आईएमए (इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन) आयुस गवर्निंग बॉडी के राष्ट्रीय सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश पूर्व विधायक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. बाबूराम गौतम के निधन पर आईएमए आयुस हिमाचल प्रदेश इकाई ने गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार और जिला चंबा इकाई अध्यक्ष डॉ. अवधेश पंडित ने बताया कि डॉ. गौतम मृदुभाषी, सरल स्वभाव के और निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले व्यक्तित्व थे। उन्होंने सदैव जनता की सेवा को प्राथमिकता दी, जिसके चलते वे सदर बिलासपुर से विधायक भी बने।



**आईएमए आयुस ने पूर्व विधायक के निधन पर जताया शोक**

प्रदेशाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को याद रखने के लिए सरकार को वर्ष 2026 से डॉ. बाबूराम गौतम विशेष आयुर्वेद चिकित्सा अवार्ड शुरू करना चाहिए। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष धन्वंतरि दिवस पर आयुर्वेद क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों को दिया जाए। साथ ही, आईएमए आयुस हिमाचल प्रदेश उनकी स्मृति में विभिन्न जिलों में नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर आयोजित करेगी।

# कॉलेज छात्रा पर युवक ने किया चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**



**भरमौर।** चंबा शहर में एक कॉलेज पढ़ाई कर रही युवती पर एक युवक ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवती की गर्दन पर गहरी चोट लगी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक की पहचान अर्जुन वीर सिंह पुत्र बलविंद्र सिंह निवासी अमृतसर पंजाब के रूप में हुई है। जो शहर के एक सैलून में काम करता है। जानकारी के अनुसार आरोपी युवक काफी लंबे समय से युवती को परेशान कर रहा था। हमले में घायल युवती शहर के हरदासपुरा मोहल्ले की रहने वाली है और कॉलेज में पढ़ती है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक जो पंजाब का रहने वाला है और शहर के एक सैलून में काम करता है, शनिवार को कॉलेज जाने पर युवती को तंग करने उसके पास पहुंचा। इस दौरान युवती ने महिला थाना का रुख किया। जब युवती महिला थाने से थोड़ी दूरी पर पहुंची,

**युवती गंभीर रूप से घायल, पंजाब निवासी करता है सैलून में काम**

आरोपी भी वहीं पहुंच गया और उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले के दौरान युवती को गर्दन में गंभीर चोट आई। उसने किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटकर अपनी जान बचाई। घायल युवती का इलाज चंबा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही थाना सदर की पुलिस टीम, थाना प्रभारी एसएचओ सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### 6.12 ग्राम चिट्टे सहित एक युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिला पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक और सफलता हासिल की है। पुलिस थाना सदर टीम ने देर रात गश्त के दौरान सरोथा नाला के पास पंच पांडव मंदिर के समीप मुख्य सड़क से एक युवक को चिट्टा (हेरोइन) सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 25 वर्षीय अभिषेक ठाकुर पुत्र पवन कुमार निवासी गांव भरयाठी, डाकघर व तहसील चंबा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 6.12 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### लक्ष्मीनाथ मंदिर में भोग न लगने की समस्या



**अंनत ज्ञान, चंबा।** श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर में पिछले कुछ समय से भोग न लगने की समस्या ने स्थानीय निवासियों में चिंता और आक्रोश पैदा कर दिया है। इस मामले को अब एस.डी.एम. चम्बा, प्रियांशु खाती के संज्ञान में लाया गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पिछले दिनों मन्दिर में ईष्ट देव को भोग नहीं लगाया जा सका, जिससे मन्दिर के नियमित पूजा-पाठ में व्यवधान उत्पन्न हुआ। इससे पहले भी इस प्रकार की समस्या उत्पन्न हो चुकी थी, जिसे प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद ही हल किया गया था। निवासियों ने पत्र के माध्यम से मन्दिर अधिकारी एवं तहसीलदार से अनुरोध किया है कि श्री लक्ष्मीनाथ मन्दिर समूह की भोग और अन्य व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से संचालित हों। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की मांग की ताकि सभी श्रद्धालु आश्वस्त रहें और मन्दिर में पूजा-पाठ और भोग का नियमित प्रवन्धन जारी रह सके। एस.डी.एम. प्रियांशु खाती ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों को समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए हैं।

### मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाडू के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में हिस्सा लिया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। पठानिया ने वर्ष भर बहुआयामी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और उनकी शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में और उन्नति के लिए प्रोत्साहित किया। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के 100 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के विद्यालय राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्रणाली से जुड़ेंगे और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। कुलदीप सिंह पठानिया का स्वागत विद्यालय प्रबंधन समिति एवं स्थानीय लोगों द्वारा गरमी के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी प्रधानाचार्य विजय कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि स्थानीय अधिकारी और गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### दिशा की बैठक 29 अक्तूबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 29 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता लोकसभा सांसद एवं समिति की अध्यक्ष कंगना रणौत करेंगी। यह जानकारी उपायुक्त एवं सदस्य सचिव दिशा कमेटी अपूर्व देवगन ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में कमेटी के सदस्यों के अलावा जिला स्तर के विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# आईटीआई चंबा में बालिकाओं को दिया आत्मविश्वास व सशक्तिकरण का संदेश



आईटीआई चंबा में किशोरियों के लिए मासिक धर्म पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

महिला एवं बाल विकास विभाग चंबा की ओर से आईटीआई चंबा में मिशन हब के तहत किशोरियों के लिए मासिक धर्म पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आईटीआई के प्रधानाचार्य विपिन ठाकुर मुख्यातिथि रहे।

इस अवसर पर सीडीपीओ मैहला राजेश राय ने कहा कि आज की बेटियां किसी से कम नहीं हैं और उनमें अपार संभावनाएं हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है। उन्होंने कहा कि अपराजिता मैं चंबा अभियान प्रशासन की ऐसी पहल है, जो बालिकाओं को समान अवसर देने की दिशा में कार्य कर रही है। जिला मिशन समन्वयक मनोहर नाथ ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, महिलाओं के अधिकारों और घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर की सुविधाओं पर जानकारी दी। अरुण चौहान ने किशोरियों को पोक्सो एक्ट, बाल अधिकार और बाल विवाह के नुकसानों के बारे में बताया। जागोरी संस्था की जिला समन्वयक उमा देवी ने मासिक धर्म से जुड़ी कुरीतियों, स्वच्छता, सेनेटरी पैड के निष्पादन और संतुलित आहार के महत्व पर जानकारी दी।

शिविर में 130 छात्राओं व आईटीआई कर्मचारियों ने भाग लिया। प्राचार्य विपिन ठाकुर ने विभाग का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता बताई।

# सड़क सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी: भारद्वाज

## सांसद की अध्यक्षता में बैठक आयोजित, विधायक और अधिकारी भी रहे मौजूद

**अंनत ज्ञान, चंबा**

लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज की अध्यक्षता में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विधायक चंबा नीरज नैय्यर, विधायक भरमौर डॉ जनक राज, विधायक डलहौज़ी डीएस ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है जिसके लिए प्रशासन, पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग व आम नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहां आवश्यक सुरक्षा संकेतक, स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं।



सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई।

डॉ. राजीव भारद्वाज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए तथा विभागों के बीच समन्वय को और सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकारी दायित्व नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है जिसके लिए जनसहयोग आवश्यक है। सांसद ने कहा कि विद्यालयों और कॉलेजों में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता अभियान चलाए जाएं ताकि युवा पीढ़ी यातायात नियमों का पालन करने के प्रति संवेदनशील बने। बैठक में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एडीएम अमित मैहरा, एडीएम कुलवीर सिंह राणा, अधीक्षण अभियंता विद्युत बोर्ड राजीव ठाकुर, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति राकेश मोंगरा सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजयुमो मंडल की बैठक में आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान की रणनीति की गई तय



भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक मंडल अध्यक्ष अभिषेक हांडा की अध्यक्षता में सरोल कार्यालय में आयोजित की गई।

**राहुल सहगल, अंनत ज्ञान**

**सरोल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को सरोल स्थित स्थानीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अभिषेक हांडा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज नरयाल और भाजपा मंडल करियां अध्यक्ष विनायक रैना विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में भाजयुमो मंडल के जिला महामंत्री सचिन शर्मा तथा मंडल के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

मुख्यातिथि धीरज नरयाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी समय में प्रत्येक कार्यकर्ता को आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाओ, स्थानीय बढ़ाओ जैसे अभियानों को आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि युवा मोर्चा समाज में जागरूकता फैलाने और राष्ट्रहित के अभियानों को गति देने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। इस अवसर पर भाजपा मंडल करियां अध्यक्ष विनायक रैना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान को युवाओं के सहयोग से जन आंदोलन का रूप देना समय की मांग है। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जय सिंह ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि संगठन की मजबूती ही राष्ट्र की मजबूती है। उन्होंने युवाओं से सेवा, समर्पण और स्वदेशी भावना के साथ आगे बढ़ने की अपील की।

# जय सिंह ने स्वास्थ्य, बेरोजगारी और बुनियादी सुविधाओं की कमी पर कांग्रेस पर बोला हमला

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भाजपा नेता और वकील जय सिंह ने शनिवार को बालू बाजार में आयोजित नुक्कड़ सभा में प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने स्वास्थ्य, रोजगार, बुनियादी सुविधाओं और सरकारी नीतियों में गिरावट को लेकर कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया।

जय सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनता के हकों की अनदेखी की है और भ्रष्टाचार के मामलों में संलिप्तता साफ दिख रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इन समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो जनता सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज़ बुलंद करेगी। जय सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की यह रवैया सीधे-सीधे जनता के अधिकारों और प्रदेश की संपत्ति के साथ खिलवाड़ है।

### भाजपा नेता ने नुक्कड़ सभा में रखे ये बिंदु

**स्वास्थ्य व्यवस्था में गंभीर कमी:** चंबा अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी। हृदय और स्त्री रोग विशेषज्ञ अनुपस्थित, गर्भवती महिलाओं को दवाइयां बाहर से लानी पड़ रही हैं।



**बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी:** टूटी मशीनें, दवाइयों की कमी और अस्पतालों की खराब सुविधाएं।

**बेरोजगारी और युवाओं की पीड़ा:** युवा रोजगार के बिना संघर्ष कर रहे हैं।

**बिजली और परिवहन संकट:** 300 यूनिट मुफ्त बिजली नहीं मिल रही; एचआरटीसी बसें खराब, विभाग दिवालिया।

**राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी का विवादित रवैया:** दौरे के दौरान जनता से कोई संवाद किए बिना चले जाने से नाराज़गी बढ़ी। जय सिंह ने आगे कहा कि जब मंत्री अगली बार चम्बा आएंगे, तो पहले सूचना दें और उनका स्वागत ढोल-नगाड़ों और काले झंडों के साथ किया जाएगा।

**सैद्धांतिक और कानूनी मुद्दा-धारा 118 का संशोधन:** जय सिंह ने कहा कि सरकार ने धारा-118 को संशोधित कर प्रदेश को बेचने की व्यवस्था कर दी है। उन्होंने इसे हिमाचल के हितों के खिलाफ बताया और जनता को चेतावनी दी।

# पंचायती राज चुनावों से संबंधित रोस्टर फर्जी: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा पंचायती राज चुनावों से संबंधित रोस्टर पूरी तरह से फर्जी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई भी आधिकारिक रोस्टर जारी नहीं किया गया है। उपायुक्त ने आमजन से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित ऐसी अप्रमाणिक सूचनाओं पर विश्वास न करें और केवल प्रशासन द्वारा जारी की गई आधिकारिक जानकारी को ही सही मानें।

# चित्रकला प्रतियोगिता में हेमपुष्पा ग्रुप प्रथम, सलोनी ग्रुप रहा द्वितीय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**खुड्डी स्कूल में मनाया बैग मुक्त दिवस**

**गुब्बारा दौड़ में शैजल प्रथम, सार्थक राणा द्वितीय व तृशिका रही तृतीय**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खुड्डी में बैग मुक्त दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुरेश कुमार वर्मा ने की। इस कार्यक्रम के अवसर पर पाठशाला के सभी अध्यापकों ने व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खुड्डी क्लस्टर के अंतर्गत आने वाली पाठशालाओं राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला खुड्डी व राजकीय प्राथमिक पाठशाला धोन के सभी अध्यापकों ने व बच्चों ने हिस्सालिया। बैग मुक्त दिवस के मौके पर पाठशाला परिसर में सभी बच्चों के द्वारा विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया, जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे गुब्बारा दौड़ नर्सरी बच्चों द्वारा करवाई गई। जिसमें नर्सरी से तीसरी कक्षा तक के बच्चों में गुब्बारा दौड़ में शैजल, प्रथम, सार्थक राणा द्वितीय,तथा तृशिका तृतीय रहे। वहीं पर चतुर्थ व पंचम् कक्षा में शिवांगी प्रथम, किंजल द्वितीय तथा समर्थ तृतीय रहे। वहीं स्थानीय पाठशाला राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खुड्डी के छात्र-छात्राओं में मैंढक दौड़ में इशांत कक्षा प्रथम, सूजल द्वितीय रहे। घुड़दौड़ में दिव्यांश, आर्यन, क्षितिज ग्रुप (प्रथम) व साहिल ठाकुर, युवराज, साहिल कुमार द्वितीय रहे। लंगड़ी रेस में शिवांश प्रथम, किंजल द्वितीय व पर्व तृतीय रहे। कंपलेक्स पाठशाला खुडी की छठी से बारहवीं की छात्राओं ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें हेमपुष्पा ग्रुप प्रथम, सलोनी ग्रुप द्वितीय आयुषी ग्रुप तृतीय रहा। अंत में सभी बच्चों की मिठाई खिलाकर कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सरकाघाट में 12 को राज्यस्तरीय सम्मेलन, एनएच कंपनियों के खिलाफ तेज होगा संघर्षः भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर लोकल कमेटी की बैठक शनिवार को सरकाघाट में कॉमरेड सुरेश शननी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में हमीरपुर से मंडी तक निर्माणाधीन एनएच 003 के चार साल से जारी मुद्दों और पिछले चार महीनों से ठप्प पड़े काम के विरोध में पुन: संघर्ष शुरू करने का निर्णय लिया गया। पार्टी सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि माकपा हिमाचल किसान सभा द्वारा 12 नवंबर को सरकाघाट में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में पूर्ण सहयोग किया जाएगा। इसके लिए प्रभावितों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा और किसानों की भूमि से बेदखली रोकने के लिए भी अभियान संचालित होगा। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि धर्मपुर और सरकाघाट के दर्जनों आपदा प्रभावित 5 नवंबर को मंडी में होने वाले अधिवेशन में भी भाग लेंगे। वर्ष 2023 और 2025 में आई आपदाओं के प्रभावितों को अभी तक सरकार ने घर बनाने के लिए भूमि उपलब्ध नहीं करवाई है और केंद्र सरकार द्वारा घोषित राहत पैकेज राज्य सरकार तक नहीं पहुंचा है। बैठक में 30 अक्तूबर को अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के ट्रैफिक टेररिज्म के खिलाफ प्रदर्शन और 7 नवंबर को मंडी में फिलिस्तीन पर इजराइल के नरसंहार को रोकने के लिए सेमिनार में भागीदारी का निर्णय भी लिया गया। आगामी पंचायत चुनावों में माकपा सधोट और नबाही जिला परिषद वार्डों से प्रत्याशी उतारेगी।

**आपदा प्रभावितों, बेदखली व स्थानीय मुद्दों पर माकपा करेगी जनसंपर्क अभियान**

# देश भगत यूनिवर्सिटी ने पंडोह, मंडी में किया इंफॉर्मेशन व काउंसलिंग सेंटर का उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, मंडी/पंडोह**

गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए देश भगत यूनिवर्सिटी (डीबीयू), पंजाब ने एसपीटी क्लार्क्स इन पंडोह मंडी में अपने नए इनफॉरमेशन और काउंसलिंग सेंटर (आईसीसी) का उद्घाटन किया। यह पहल छात्रों व पेशेवरों को लचीले और वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक शैक्षणिक विकल्पों की सुविधा प्रदान करेगी। इस अवसर पर देश भगत यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ. हर्ष सदावर्ती, डीबीयू अमेरिकास के संचालन निदेशक इंजी. अरुण मलिक, एसपीटी क्लार्क्स इन सूट्स के अध्यक्ष सतपाल ठाकुर और शिक्षाविद् विजय सोनम उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि नव लॉन्च किया गया डीबीयू आईसीसी पंडोह नियमित डिग्री, ऑनलाइन, ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) व डीबीयू अमेरिका इंटरनेशनल एजुकेशन ट्रैक्स जैसे कार्यक्रमों में विशेषज्ञ मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करेगा। एसपीटी क्लार्क्स इन सुइट्स में स्थापित डीबीयू उत्कृष्टता केंद्र होटल, आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन में व्यावहारिक प्रशिक्षण, कौशल विकास, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट की सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

डीबीयू मेधावी, खिलाड़ी, विकलांग और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां भी प्रदान करता है। शक्ति छात्रवृत्ति के माध्यम से छात्राओं को सशक्त बनाया जा रहा है। शिक्षाविद् विजय सोनम ने कहा कि डीबीयू आईसीसी पंडोह आधुनिक शिक्षा को छात्रों के द्वार तक पहुंचाने का प्रयास है। सतपाल ने कहा कि यह सहयोग हिमाचल के युवाओं के लिए रोजगार, उद्यमिता और करियर विकास के नए अवसर खोलेगा।

**डीबीयू आईसीसी पंडोह देगा छात्रों को ऑनलाइन ओडीएल और अंतरराष्ट्रीय शिक्षा में मार्गदर्शन**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र. ।**

मुकदमा न. 98/NT/25

तारीख पेशीः- 30.10.2025

श्रीमति उमा देवी पुत्री मलागर, निवासी गांव मतेहड़, डॉ. बनूरी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.

**बनाम**

**आम जनता**

प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969

श्रीमति उमा देवी पुत्री मलागर, निवासी गांव मतेहड़, डॉ. बनूरी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उनका जन्म दिनांक 18.03.1976 को गांव मतेहड़, डॉ. बनूरी है, लेकिन ग्रम पंचायत बनूरी वर्तमान नगर निगम पालमपुर के अभिलेख में दर्ज न है।

अतः सर्व साधारण को इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त जन्म पंजीकरण वारे की उज्र एतराज हो तो मिसल की अगली पेशी दिनांक 30.10.2025 को असालतन या वकालतन हाजिर अपना पक्ष या उज्र पेश करे। गैर हाजरी कि सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।

आज दिनांक 22/10/25 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**व अदालत नायब तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता द्वितीय वर्ग अम्ब जिला ऊना हि.प्र. ।**

तकसीम खेवट नं0 417 & 418, खतौनी नम्बर 625, 626 & 627 नम्बरान खसरा 2047, 2071 & 2072 रकवा तादादी 0-18-05 है. & 0-41-87 है. गांव महाल/उप महाल कलरुही

**दिलबाग सिंह बनाम विजय कुमार आदि**

श्री दिलबाग सिंह पुत्र मेला राम निवासी कलरुही, तहसील अम्ब, जिला ऊना, हि.प्र. ।

.........वादी

**वनाम**

1. विजय कुमार पुत्र 2. श्रीमती मनोरमा देवी पुत्री 3. श्रीमती सत्या देवी पत्नी प्रकाश चन्द निवासी गांव कलरुही, तहसील अम्ब 4. श्रीमती प्रवीन कुमारी पुत्री राम चन्द निवासी गांव मवा कहोला, तहसील घनारी, 5. वरुण कुमार पुत्र श्रीमती प्रवीन कुमारी 6. मनोहर लाल 7. राम पाल 8. जुगल किशोर पुत्रान हंस राज 9. हरदीप कुमार 10. राजीव कुमार पुत्रान 11 श्रीमती लीला देवी पत्नी रतन चन्द 12 गुरदेव चन्द पुत्र 13 श्रीमती जमना देवी पत्नी वेली राम निवासी गांव कलरुही, 14 ईलम दीन पुत्र शाह दीन 15 श्रीमती रानी वेगम पत्नी ईलम दीन निवासी गांव अठवा, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि.प्र. ...... प्रतिवादीगण

**मुश्तरी मुनादी / अखबारी इश्तहार**

उपरोक्त वर्णित मुकद्दमा में इस न्यायालय को विश्वास हो चुका है कि उपरोक्त व्यक्तियों की तामील साधारण ढंग से नहीं हो सकती है। इसलिए आप देह हजा में ढोल बजाकर टीन खड़काकर मुश्त्री मुनादी करवायें, इसके अतिरिक्त यह नोटिस स्थानीय अखवार में प्रकाशित करवाएं ताकि उक्त प्रतिवादीगण दिनांक 18/11/2025 को 2-00 अपराह्न असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपने केस की पैरवी करें, अन्यथा न्यायालय में न हाजिर होने की सूरत में आपके खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी तथा मिसल पर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।

आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर द्वारा जारी अदालत हुआ ।

**नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी अंब, जिला ऊना, हि.प्र.**

**गलती** से भी अपने राज किसी दूसरों को न बताएं वो आपको बर्बाद कर सकते हैं। –चाणक्य

## संपादकीय

# कर्ज से टूटती हिमाचल की रीढ़

हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति इन दिनों गहरे संकट में है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार एक बार फिर 200 करोड़ रुपए का नया कर्ज लेने जा रही है। अगर यह लोन सेंक्शन हो जाता है तो प्रदेश का कुल कर्ज 1,01,775 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। यह आंकड़ा न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि यह इस बात का भी संकेत है कि हिमाचल अब आर्थिक रूप से किस हद तक कर्ज के बोझ तले दब चुका है। सबसे गंभीर बात यह है कि इस नए लोन के बाद प्रदेश सरकार के पास केवल 300 से 400 करोड़ तक की ही कर्ज लेने की सीमा बचेगी। यानी अब हालात इस मुकाम पर पहुंच गए हैं जहां राज्य की आर्थिक स्वतंत्रता लगभग खत्म हो चुकी है।

सवाल यह उठता है कि आखिर इस स्थिति तक पहुंचने के लिए जिम्मेदार कौन है? सरकारें बदलती रहीं, लेकिन कर्ज का पहाड़ लगातार बढ़ता गया। जब जनता सवाल उठाती है तो मौजूदा सरकार पिछली सरकार को दोष देती है। सुक्खू सरकार का कहना है कि उसने बहुत कम लोन लिया है, जबकि पिछली भाजपा सरकार ने बेहिसाब कर्ज लिया और उसका भुगतान नहीं किया, जिससे पुराने लोन का बोझ मौजूदा सरकार पर आ गया। दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का कहना है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कर्ज की राशि चुकता कर दी थी और मौजूदा सरकार गैरजरूरी योजनाओं पर खर्च कर रही है। सच्चाई क्या है, यह तो वित्तीय ऑडिट से ही सामने आ सकती है।

दरअसल, हिमाचल में यह एक परंपरा बन चुकी है कि हर सरकार अपने कार्यकाल के अंतिम चरण में भारी लोन ले लेती है, क्योंकि उसे यह डर रहता है कि दोबारा सत्ता में लौटना मुश्किल है। ऐसे में भविष्य की चिंता किए बिना कर्ज लेकर योजनाएं शुरू कर दी जाती हैं ताकि चुनावों में जनता को दिखाया जा सके कि विकास कार्य हो रहे हैं, लेकिन हकीकत में यह विकास नहीं, कर्ज का जाल है जो हर नई सरकार के गले में पड़ता जा रहा है। हिमाचल की राजनीति में यह बारी-बारी से सत्ता बदलने का सिलसिला वर्षों से चला आ रहा है-एक बार कांग्रेस, एक बार भाजपा। इस अदला-बदली की राजनीति ने एक तरह से कर्ज संस्कृति को जन्म दिया है। नई सरकार आती है तो पुरानी पर आरोप लगाती है कि उसने घाटे की अर्थव्यवस्था छोड़ी है, जबकि खुद वह भी वही रास्ता अपनाती है।

इन सबके बीच सबसे ज्यादा नुकसान प्रदेश का हो रहा है। विकास कार्य ठप पड़ रहे हैं, योजनाएं अधूरी रह जाती हैं और सरकारी कर्मचारियों को वेतन व पेंशन देने के लिए भी सरकार को उधारी लेनी पड़ रही है। अब यह सवाल उठने लगा है कि जब हिमाचल के पास अपने राजस्व के पर्याप्त स्रोत ही नहीं हैं तो इस राज्य का गठन ही क्यों किया गया था? क्या यह बेहतर नहीं होता कि हिमाचल के कुछ जिले पंजाब में ही बने रहते, जहां औद्योगिक व आर्थिक संसाधन अधिक हैं? यह सवाल भले ही कठोर लगे, लेकिन हालात को देखकर यह चर्चा अब सार्वजनिक रूप से होने लगी है। राज्य की आय का अधिकांश हिस्सा पर्यटन, बिजली उत्पादन और केंद्र से मिलने वाले अनुदानों पर निर्भर करता है, लेकिन जब प्राकृतिक आपदाएं लगातार नुकसान पहुंचा रही हों और केंद्र से राहत राशि समय पर न मिले, तो राज्य की आर्थिक सेहत डगमगाना स्वाभाविक है।


पिछले कुछ वर्षों में हिमाचल प्राकृतिक आपदाओं से लगातार जूझता रहा है। हर साल बारिश और भूस्खलन से करोड़ों का नुकसान होता है। सड़कों, पुलों और भवनों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार को बड़ी रकम खर्च करनी पड़ती है। राहत और पुनर्वास पर इतना खर्च हो जाता है कि विकास के लिए पैसे बच ही नहीं पाते। यही कारण है कि राज्य सरकारों के पास सबसे आसान रास्ता लोन लेना रह गया है, लेकिन यह अस्थायी समाधान है, स्थायी नहीं। हर साल बढ़ते ब्याज का बोझ हिमाचल की रीढ़ तोड़ रहा है। मौजूदा हालात यह हैं कि सरकार की आय का बड़ा हिस्सा पुराने कर्जों के ब्याज चुकाने में चला जाता है।

राज्य सरकारें कहती हैं कि वह अपने संसाधनों को बढ़ाने की कोशिश कर रही हैं, जैसे बिजली, टूरिज्म और कर संग्रह में सुधार, लेकिन इन क्षेत्रों से अपेक्षित राहत नहीं मिल पा रही। पर्यटन पर निर्भरता जोखिमभरी है, क्योंकि यह मौसम और सुरक्षा स्थितियों पर निर्भर करता है। वहीं, बिजली परियोजनाओं से मिलने वाली आय भी पर्याप्त नहीं है क्योंकि इनमें से कई केंद्र के नियंत्रण में हैं। उद्योग की स्थिति भी हिमाचल में बहुत सीमित है। ऐसे में लोन के सहारे ही बजट संतुलन बनाए रखना मजबूरी बन गई है। अब समय आ गया है कि हिमाचल को कर्ज पर निर्भर रहने की बजाय आत्मनिर्भर बनने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। ■

अनंत ज्ञान | आज की प्रमुख हस्ती

## मराठी-हिंदी संगीत के अमर रचनाकार

**हिंदी** सिनेमा के दिग्गज और मशहूर संगीतकार हृदयनाथ मंगेशकर भारतीय संगीत जगत के उन विरल कलाकारों में से हैं जिन्होंने परंपरा और आधुनिकता को एक साथ जोड़कर संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनका जन्म 26 अक्तूबर 1937 को महाराष्ट्र के सांगली में हुआ। वह प्रसिद्ध थियेटर कलाकार पंडित दीनानाथ मंगेशकर के पुत्र और सुप्रसिद्ध गायिकाएं लता मंगेशकर, आशा भोंसले, मीना खादिकर और उषा मंगेशकर के भाई हैं। भारतीय सिने जगत में उन्हें प्यार से 'बालासाहब' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने वर्ष 1955 में मराठी फिल्म आकाशगंगा से संगीतकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने संसार, जानकी और चानी जैसी कई मराठी फिल्मों में संगीत देकर अपनी एक अलग पहचान बनाई। मराठी फिल्मों के साथ-साथ उन्होंने हिंदी सिनेमा के लिए भी यादगार संगीत रचनाएं कीं, जिनमें हरीशचंद्र तारामती, प्रार्थना, लेकिन, माया मेमसाब, लाल सलाम और मशाल जैसी फिल्में प्रमुख हैं। हृदयनाथ मंगेशकर अपने संगीत में भारतीय शास्त्रीयता और लोक तत्वों के अद्भुत संगम के लिए जाने जाते हैं। अपनी उत्कृष्ट रचनात्मकता और संगीत सेवा के लिए उन्हें अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिनमें महाराष्ट्र सरकार का सम्मान, 'पंडित' की उपाधि तथा वर्ष 2009 में भारत सरकार द्वारा प्रदत्त 'पद्मश्री' पुरस्कार शामिल हैं। ■



हृदयनाथ मंगेशकर
जन्म : 26 अक्तूबर, 1937



कविता

## प्रकृति मां

प्रवीण कुमार, गांव बाड़ां दा घाट (सरेल) बिलासपुर

**फूलों** से सीखो मुस्कुराना, कांटों से सीखो लड़ना
व्योम से सीखो हृदय की विशालता, धरा से सीखो धैर्य तुम
आदित्य से सीखो निरंतरता, शशि से सीखो अंधेरों से लड़ना
यह प्रकृति मां है
मयूर से सीखो नृत्य, भंवरों से सीखो गायन तुम
नदियों से सीखो सदैव चलते जाना
लहरों से सीखो उमंग एवं उल्लास
झीलों से सीखो शांति, मैदानों से सीखो सहिष्णुता तुम
पहाड़ों से सीखो स्थिरता, पत्थरों से सीखो दृढ़ता तुम
यह प्रकृति मां है
पेड़ों से सीखो परोपकार तुम, वर्षा से सीखो दूसरों को
हर्षित करने का भाव तुम, हवा से अनुकूलन सीखो तुम
जल से एकता सीखो तुम
यह प्रकृति मां है
मातृत्व हमें समझाती है, जो प्रकृति मां के संकेतों को समझ
जीवन में लेता उतार, वह एक सम्मानित एवं
आनंदित जीवन है जीता।

# बिहार के वोटर तय करेंगे, धर्म की राजनीति या युवाओं का विकास



डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृविवि, पालमपुर

बिहार चुनाव में कांग्रेस महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री घोषित कर राजनीति में नई इबारत लिख दी है। तेजस्वी आज बिहार के युवाओं का भरोसेमंद केंद्र हैं और सामाजिक न्याय तथा समाजवाद की नई उम्मीद हैं। उन्होंने राजनीतिक परिवार से होने के बावजूद अपनी अलग पहचान बनाई है। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में भी उन्होंने सक्रिय भागीदारी दिखाई।

किसके नेतृत्व में चुनाव होगा, कौन चेहरा होगा घोषणा करके हर तरह की अटकलों पर विराम लगा दिया है। यह भी बता दिया कि परिणाम आने और सरकार बनने की स्थिति में दो और उपमुख्यमंत्री बनेंगे। एक अल्पसंख्यक और दूसरा दलित समुदाय से होगा। यहीं से अब चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। हालांकि गठबंधन में अभी कुछ रार बच गई है। कुछ बिखराव सिमट गया और कुछ सवालों के घेरे में आज भी है।

चुनाव से पहले एनडीए ने महिलाओं को दस हजार रुपए और विधवाओं को पेंशन बढ़ाकर रेवड़ी बांटी, जो जनता को सशक्त बनाने के बजाय वोट बैंक बनाने की रणनीति लगती है। इस चलन से जनता ताकतवर नहीं, बल्कि लालची बन रही है। गरीबों को मुफ्त राशन पर निर्भर कर दिया है, जिससे वे अपनी मेहनत और रोजगार से नहीं जी पा रहे। गरीब और निम्न मध्यम वर्ग को रोजगार और बैंक ऋण से दूर रखा गया है। इसके विपरीत बड़े व्यापारियों को लाभ दिया जा रहा है। यह दोहरी नीति जनता में सवाल खड़ा करती है कि क्या खजाना केवल कुछ वर्गों के लिए है। बिहार में बीस साल से एनडीए सत्ता में है, लेकिन युवाओं को सरकारी रोजगार नहीं मिला। सरकारी विभागों में भर्ती रोक दी गई। अब चुनाव से पहले एक करोड़ रोजगार का वादा किया जा रहा है। आजीविका बहनों को बिना जरूरत का दस हजार का कर्ज दिया गया, जो ब्याज सहित लौटाना होगा। महागठबंधन ने इसके मुकाबले हर घर में एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी, संविदा कर्मियों को स्थायी करना और आजीविका बहनों को तीस हजार वेतन एवं बिना ब्याज रोजगार का वादा किया है। यह बड़ा वादा भाजपा के लिए चुनौती बन गया है।

इस चुनाव में नेताओं की भाषा बहुत निम्न स्तर की रही है। आरोप-प्रत्यारोप लगातार लग रहे हैं, जैसे प्रत्याशियों के अपहरण का मामला। नया मोहरा प्रशांत किशोर है और उनकी पार्टी जनसुराज हर विधानसभा में चुनाव लड़ रही है। सपा भी प्रचार में सक्रिय है, जबकि चुनाव में नहीं है, ताकि महागठबंधन को जिताया जा सके। आजम खां जेल से छूटे और सपा के प्रचार में शामिल हुए। जैसे-जैसे वोट की तारीख




नजदीक आ रही है, चुनाव बहुरंगी हो गया है। विभिन्न प्रचारक अलग-अलग रंग के भाषण दे रहे हैं, जिससे प्रचार और भी जीवंत और रंगीन हो गया है। एनडीए अपने साथी दल पर परिवारवाद पर मौन रहेगा, पर लालू यादव के परिवार पर बहुत तरह के रंग फेंकेगा तो उधर से तेजस्वी का एक रंग कमाई, पढ़ाई और दवाई बिहार में जरूरी है। बिहार के लोग इलाज के लिए एम्स दिल्ली नहीं पढ़ाई के लिए बिहार से बाहर नहीं जाएंगे, कमाई भी बिहार में करें। झूठ की सुंदर छतरी हर बार एनडीए लेकर आता है। इस बार छतरी का रंग कुछ फीका है। बिहार चुनाव में यूपी के मुख्यमंत्री प्रचार में धर्म आधारित बातें कर रहे हैं। उनका फोकस विकास, रोजगार, महिला सुरक्षा या महंगाई पर नहीं है। भाजपा हर प्रदेश में हिंदू-मुस्लिम और कांग्रेस सरकारों की आलोचना करती है। जनलोक शक्ति के चिराग पासवान/शर्मा भी इसी रुख पर हैं, पर युवाओं के पलायन, बंद फैक्ट्रियों और रोजगार के सवाल नहीं उठाते। बीस साल में सरकारी उद्योग न बनने का मुद्दा गायब है। चुनाव केवल जाति, धर्म और जंगल राज की बातें लेकर चल रहा है। यह बात चुनाव में नहीं कोई करेगा कि सरकार हमारे बिहार के युवाओं को छठ पर्व पर ट्रेन नहीं दे सकती है। बस वोट लेगी, मजदूर बनाकर गुजरात, महाराष्ट्र ले जाएगी। बिहार में फर्जी डिग्री और वोट चोरी के मुद्दे पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। देश में कोई पार्टी अति पिछड़े, निम्न मध्यम वर्ग और बेरोजगारों के लिए स्पष्ट विजन डॉक्यूमेंट नहीं रखती। मनरेगा कुछ मदद करती थी, पर वर्तमान सरकार इसका बजट घटाकर गांवों में रोजगार और आय कम कर रही है। कृषि क्षेत्र कमजोर है, किसान और युवा कृषि छोड़ रहे हैं। तेजस्वी रोजगार देने की योजना ला रहे हैं। यदि सरकारी कर्मचारियों की पेंशन नियमबद्ध और सेवा सीमा 55 साल तय की जाए, तो युवाओं को रोजगार मिल सकता है। ईमानदार नीति से हर घर को सरकारी नौकरी दी जा सकती है। हर चुनाव में घोषणा हर दल करता है पर यह तो निश्चित है कि पांच साल में सभी घोषणा में पूरी नहीं होती। नए चुनाव में नई घोषणा होती है। जनता पुरानी घोषणा भूल जाती है। भाजपा के घोषणा पत्र को आज भी याद किया जाता कि युवाओं के खाते में पंद्रह लाख और दो करोड़ नौकरी हर साल। भाजपा चुनाव हमेशा संप्रदाय धर्म पर लड़ती है। भाजपा जनता को धर्म के नशे का चिलम पीला रही थी, लेकिन धर्म का चिलम अब युवा नहीं पी रहा है। जनता समझने लगी है। अभी कुछ गरीब पांच किलो के चिलम के नशे में हैं वह नशा भी उतरने लगा है।

अब बिहार के युवाओं को जनता को सर्वसमाज को यह निर्णय करना है कि छह नवंबर और ग्यारह नवंबर को बदलाव के साथ नए युवा सरकार के साथ होंगे या पुनः पुराने ही साथ होंगे। चुनाव है, निर्णायक जनता होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# देवभूमि हिमाचल को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लें युवा



अर्चना पटियाल
एडवोकेट

मेहनतकश पहाड़ के यौवन को न जाने किन नामुराद लबों की बद्दुआ लग गई। वीरभूमि की दमदार शिनाख्त वाले राज्य की मुकद्दस धरा पर नशाखोरी, गैंगस्टर व माफिया जैसे बेगैरत लफ्ज सुनने को मिलेंगे या पहाड़ की जवानी चिट्टे की तलबगार बन जाएगी।

आस्था व पर्यटन की मेजबानी करने वाला सूबा हिमाचल चिट्टे का मरकज बनेगा। शायद भोली-भाली विरासत वाले पहाड़ी राज्य के बुजुर्गों ने भी इस बात की कल्पना नहीं की होगी, लेकिन अनुशासित सैन्य पृष्ठभूमि वाले राज्य का युवावेग आत्मघाती चिट्टे की खौफनाक लज्जत में मदहोश हो रहा है। मौजूदा वक्त में नशा उजड़े चमन की एक दर्दभरी हकीकत बन चुका है। नशे के जहरीले शजर पहाड़ों के महकते गुलशन को भी वीरान कर रहे हैं। धार्मिक स्थलों के लिए विख्यात पहाड़ों पर नशीली रेव पार्टियों की बज्म सज रही हैं। पर्यटन की आड़ में सूबे की वादियों में नशा पनप रहा है। सभ्य समाज का कोई भी नागरिक बर्बादी की दास्तान लिखने वाली नशाखोरी को बर्दाश्त नहीं कर सकता, मगर प्राणघात चिट्टा हजारों युवाओं की निगाहों का हबीब बन रहा है। मादक पदार्थों का सेवन व जहरनुमां ड्रग्स की ओवरडोज से कई घरों के चश्म ओ चराग बुझ रहे हैं। नतीजन अभिभावकों के सुनहरे अरमान खाक हो रहे हैं। सुरक्षा एजेसियों द्वारा बरामद किए जाने वाले नशीले पदार्थों में सर्वाधिक बरामदगी चिट्टे की है। बाहरी राज्यों से ताल्लुक रखने वाले नशा तस्कर जिनकी नशा सप्लाई के तार विदेशों तथा अंतरराष्ट्रीय सरहद के पार पाकिस्तान से जुड़े हैं। हिमाचल की वादियों में एक मुद्दत से पनाह ले चुके हैं। चिट्टा तस्करी में शामिल कई कुख्यात गैंग का सुरक्षा एजेंसियां पर्दाफाश कर रही हैं। नशा माफिया चिट्टे के अवैध कारोबार में महिलाओं व नाबालिगों का इस्तेमाल कर रहे हैं। चिट्टा तस्करी के इल्जाम में कई महिलाएं सलाखों



के पीछे हैं तथा कई सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर हैं। आम लोगों से लेकर कई सरकारी मुलाजिम व उच्च स्तर के अधिकारी भी नशे की अवैध तिजारत में हाथ आजमा रहे हैं। नशे का गोरखधंधा अवैध तरीके से अकूत धन कमाने का बड़ा कारोबार बन चुका है नतीजन अमीर बनने की हसरत में सरकारी मुलाजिम भी जानलेवा नशे के ताजिर बन रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों के अहलकारों के दामन पर भी नशा तस्करी के बदनुमां दाग लग रहे हैं। मजदूर वर्ग से लेकर मध्यम वर्ग व कई चर्चित हस्तियां भी नशे की दलदल में फंस चुकीं हैं। जो लोग हेरोइन व सिंथेटिक ड्रग्स के दलदल में फंस चुके हैं उनका नशे के बिना रहना लगभग नामुमकिन है। अपने भविष्य के लिए सुनहरे ख्वाब देखने वाली निगाहें यदि नशे की ख्वाहिशमंद बन जाएं तो अभिभावकों की बंदगी के चिराग बेअसर हो जाते हैं। नशे की लत ने नशेड़ी वर्ग को जुर्म की चौखट पर पहुंचा कर गुनहगार की कतार में खड़ा कर दिया है। नशे की तलब में कत्ल जैसी खौफनाक वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। नशे के कारण कई संगीन जुर्म हो रहे हैं। ड्रग्स की अवैध तिजारत से नशे के सरगनाओं की धन दौलत में बेहताशा इजाफा हो रहा है, मगर गुरबत से जूझ रहे नशेड़ी वर्ग के परिवारों की आर्थिक स्थिति बिगड़ चुकी है। अदालतों में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्दमों में इजाफा हो रहा है। कानूनी शिकंजे में फंस चुके नशे के तलबगार बने कई युवाओं को बचाने के लिए अभिभावकों ने अपनी जमीन जायदाद गिरवी रख दी है।

राज्य की कई पंचायतें भी समय-समय पर नशे के खिलाफ बगावती मोर्चा खोलती हैं, मगर हकीकत यह भी है कि देश का कोई भी चुनाव नशे के बिना संपन्न नहीं होता। अवैध शराब की बेहताशा तिजारत व बेगुनाह लोगों को मौत की नींद सुलाने वाली जहरीली मदिरा का सबसे ज्यादा इस्तेमाल चुनावी दौर में ही होता है। पंचायत स्तर पर देवभूमि को चिट्टा मुक्त करने के लिए युवाओं को चिट्टा विरोधी अभियान का जोरदार आगाज करना होगा। हिमाचल को ड्रग्स टूरिज्म बनने से रोकने के लिए हर प्रदेशवासी को सहयोग करना होगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# संयुक्त राष्ट्र के 80 वर्षों की प्रासंगिकता और सुधार की आवश्यकता



हरीश शिवनानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

16 अक्तूबर 2025 को नई दिल्ली में 'यूएन पीसकीपिंग मिनिस्ट्रियल' कॉन्क्लेव में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि 'संयुक्त राष्ट्र आज भी 1945 की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करता है, न कि 2025 की।'

यह बयान यूएनओ की विफलताओं, उसकी संरचनात्मक कमजोरियों और आवश्यक सुधारों की ओर स्पष्ट इशारा करता है। 24 अक्तूबर 2025 को यूएन ने अपनी स्थापना की 80वीं वर्षगांठ पूरी की। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद विश्व को शांति और स्थिरता प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित यह संगठन आज कई वैश्विक संकटों में अपनी प्रासंगिकता खोता नजर आता है। गाजा, यूक्रेन, सूडान और हैती जैसी घटनाओं में यूएन की निष्क्रियता ने इसे 'कागजी शेर' बना दिया है। यूएन की विफलताओं का इतिहास लंबा और चिंताजनक है। 1994 में रवांडा नरसंहार में यूएन शांति सेना मौजूद रहने के बावजूद लगभग आठ लाख लोगों की हत्या नहीं रोकी जा सकी। इसके एक साल बाद स्रेब्रेनिका नरसंहार में 8,000 से अधिक लोग मारे गए, जबकि इसे सुरक्षा क्षेत्र घोषित किया गया था। 2003 में अमेरिका ने इराक पर सुरक्षा परिषद की मंजूरी के बिना हमला किया, जिससे लाखों नागरिक मारे गए।

सीरिया गृहयुद्ध और 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण में वीटो अधिकार ने यूएन को निष्क्रिय बना दिया। हाल ही के गाजा संकट में अमेरिका ने 53 बार वीटो का प्रयोग किया, जिससे युद्धविराम प्रस्ताव विफल हुए। यूएन की असफलता का मुख्य कारण इसकी संरचना में निहित है। सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य (पी-5 : अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस) के वीटो अधिकार ने कई मामलों में संगठन को निष्क्रिय बना दिया। स्वेज नहर संकट (1956), कश्मीर



विवाद, ईरान-इसराइल संघर्ष और फिलिस्तीन-इसराइल संघर्ष में भी यह स्पष्ट हुआ। यूक्रेन-रूस युद्ध, उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम और पश्चिमी सहारा जैसे मामलों में यूएन प्रभावहीन रहा।

भारत की स्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय है। आठ बार अस्थायी सदस्य रहने के बावजूद भारत को स्थायी सदस्यता नहीं मिली। भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान (जी-4) मिलकर सुधारों की मांग कर रहे हैं, लेकिन पी-5 के विरोध ने इसे रोक रखा है। निराशा में भारत ब्रिक्स और क्वाड जैसे वैकल्पिक मंचों की ओर बढ़ रहा है। महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने भी सुरक्षा परिषद में सुधारों की आवश्यकता पर जोर दिया है और कहा कि अब 1945 का दौर नहीं रहा।

यूएन ने मानवीय सहायता, शरणार्थियों के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन जैसी कुछ क्षेत्रों में सफलता हासिल की है, लेकिन इसकी विफलताएं भारी और स्पष्ट हैं। वीटो पावर का दुरुपयोग, स्थायी सदस्यों का प्रभुत्व और उभरते देशों की उपेक्षा इसे पक्षपाती बनाती है। ब्रिक्स और जी-20 जैसे मंचों का उदय यूएन की प्रासंगिकता को चुनौती दे रहा है।

आवश्यक सुधार दो प्रमुख हैं। पहला, सुरक्षा परिषद में वीटो पावर पर अंकुश लगाना, ताकि शक्तिशाली देश इसे अपने पक्ष में दुरुपयोग न कर सकें। दूसरा, स्थायी सदस्यता का विस्तार करना, जिसमें भारत, ब्राजील, जर्मनी, जापान और अफ्रीकी देशों को शामिल किया जाए। वैश्विक परिदृश्य बदल चुका है और उभरती शक्तियों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 80 वर्षों में यूएन ने विश्व शांति के लिए कुछ प्रयास किए, लेकिन रवांडा, स्रेब्रेनिका, इराक, सीरिया, गाजा और यूक्रेन जैसी घटनाओं में उसकी विफलताएं इसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाती हैं। यदि यूएन 2025 की दुनिया के अनुरूप खुद को ढालने में विफल रहा, तो यह केवल घोषणाओं और भाषणों का क्लब बनकर रह जाएगा। सुधार ही इसकी प्रासंगिकता और भविष्य तय करेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल की धड़कन : 'नाटी' और हमारी सांस्कृतिक विरासत



वैशाली गुलेरिया
बल्ह, जिला मंडी

हम कभी कभी बहुत दूर निकल जाते हैं जीवन की इस भागदौड़ में-अपने पहाड़, अपनी संस्कृति, अपनी मूल पहचान से। फिर जब ढोल की थाप सुनाए देती है तो याद आती है, उस थाप पर हंसते मुस्कुराते हुए नाटी करते हुए उस संस्कृति की। यही वो एहसास है शायद जब अपनी संस्कृति का असली महत्व हमे समझ आता है।

अपनी संस्कृति तब ज्यादा ठीक से समझ आती है जब हम उससे दूर चले गए हों। नाटी को एक लोककृत्य कह देना सही नहीं है। दरअसल, यह हिमाचल की आत्मा है। केवल गीत संगीत का दायरा देना सही नहीं है, यह तो हमारे समाज की सरलता, सामूहिकता और अपनापन दर्शाने का एक माध्यम है, जिसमें पुरुष हों या महिला बुजुर्ग हों या जवान बच्चा हो या बड़ा, सब एक साथ हाथ में हाथ डालकर गोल घेरा बनाते हैं, उस परंपरा और रिश्ते को जीते हैं जो मानवता को जोड़ने का माध्यम है। यह 'एकत्व' का प्रतीक है जिसके बारे में उपनिषदों में कहा गया है कि सत्य एक ही है, परंतु उसे अनेक रूपों में जाना जा सकता है।

नाटी में यह भी महसूस किया जा सकता है कि 'अनेक लोग, एक लय।' जीवन संतुलन यही तो है जिसमें भिन्नता में एकता दिखने को मिलती है।

हिमाचली नाटी इस बात का प्रमाण है कि नृत्य और संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, अपितु आत्मा की भाषा हैं। हम हर धड़कन के साथ हवा, पानी, पेड़ों और मिट्टी से संवाद करते हैं। इस अवधारणा के अनुसार हम यह कह सकते हैं कि व्यक्ति सृष्टि का स्वामी नहीं है, बल्कि उसका अंश है। नाटी में जब भी एक साथ झूमते हैं तो मैं और हम के बीच की दूरी मिट जाती है। भारतीय संस्कृति का मूल भाव भी यही है कि प्रकृति समाज और व्यक्ति सभी



उसी बिंदु पर एक ही धागे में गुंथे हुए हैं। हम देख सकते हैं- आज की तेज-तर्रार दुनिया में लगता है कि यह लय धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। ढोल की थाप मशीनों की आवाज में दब गई है। हमारी दिनचर्या में सामूहिकता का स्थान व्यक्तिवाद ने ले लिया है।

मानव अस्तित्व केवल अहंकार से नहीं, बल्कि समग्रता से जुड़ा है, जैसा कि नाटी हमें याद दिलाती है। जब हम दूसरों के साथ सामंजस्य बिठाते हैं-जैसे नाटी में हर कदम सामंजस्य में होता है-तभी जीवन सुखी हो सकता है। दर्शनशास्त्र के अनुसार, 'जो चीज मनुष्य को मनुष्य बनाती है, वह संस्कृति है।' नाटी इसी मानवता का उत्सव मनाती है। इसमें कोई विभाजन या भेदभाव नहीं है। सभी समान रूप से भाग लेते हैं और यह हमें समानता, प्रेम और साथ रहने की शिक्षा देती है। आधुनिक युग में, अपनी परंपराओं को अतीत का एक हिस्सा और वर्तमान के लिए एक मार्गदर्शक, दोनों के रूप में देखना हमारे लिए आवश्यक है।

बच्चों को अपनी जड़ों को समझने के लिए, स्कूलों में लोक संस्कृति सिखाई जानी चाहिए। संस्कृति एक जीवंत चेतना है, न कि एक लुप्त होती स्मृति। जब भी कोई नृत्य किसी राग को छूता है, तो यह हमें याद दिलाता है कि हमारी आत्माएं अभी भी उसी लय पर धड़क रही हैं, हमें बस उसे फिर से खोजने की जरूरत है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

धनतेरस व दिवाली के दौरान आयोजित रतन ज्वेलर के लक्की ड्रॉ के विजेताओं के नाम घोषित

# ठाकुर दास व नर्मदा देवी को टीवी मूल चंद को निकली वॉशिंग मशीन

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** मंडी के सबसे पुराने स्वर्ण व्यापारी रतन ज्वेलर द्वारा आयोजित लक्की ड्रॉ में विजेताओं के नाम घोषित कर दिए गए हैं। धनतेरस और दिवाली के त्योहारी सीजन के दौरान आयोजित इस लक्की ड्रा में नगर निगम उपायुक्त रोहित राठौर ने विशेष रूप से भाग लिया और विजेताओं के नामों की घोषणा की।

लक्की ड्रॉ में विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं। पहला इनाम ठाकुर दास को टीवी, दूसरा इनाम नर्मदा देवी को टीवी, तीसरा इनाम मूल चंद को वॉशिंग मशीन, चौथा इनाम विवेक पदवाहन को फ्रिज लक्की ड्रॉ के इनाम में शामिल है। इसके अलावा, कई अन्य लोगों को भी कॉम्प्लीमेंट्री इनामों की सूची में नाम शामिल हुए हैं।



रतन ज्वेलर में त्योहारी सीजन के लक्की ड्रॉ निकालते हुए।

### पारदर्शिता के साथ आयोजित किया गया लक्की ड्रॉ: रोहित

**नगर** निगम उपायुक्त रोहित राठौर ने बताया कि लक्की ड्रॉ पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित किया गया है और विजेताओं को जल्द ही उनके पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष आशुतोष भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और विजेताओं उन्होंने शुभकामनाएं और बधाई को बधाई दी। रतन ज्वेलर के एम डी राजा सिंह मल्होत्रा ने विजेताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें उम्मीद है कि यह इनाम आपके लिए खुशियों का पिटारा लेकर आएगा।

## दीवार पत्रिका 'बाल उद्यान' के नए अंक का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छम्यार में शनिवार को बैग फ्री डे दिवस के मौके पर दीवार पत्रिका 'बाल उद्यान' के अक्तूबर 2025 अंक का विमोचन प्रधानाचार्य चांद राम के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस बार की दीवार पत्रिका कविता, कहानी, यात्रा संस्मरण, लघुकथा, बाल कहानी, अपनी बात, पेंटिंग्स आदि बेहतरीन रचनाओं से सजी है। प्रवक्ता हिंदी, पवन कुमार के मार्गदर्शन में इस बार के विद्यार्थी संपादक मंडल में बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपनी शानदार भूमिका निभाई। मुख्य संपादक के रूप में गूंजन व हीना, संपादक निहारिका, वर्षा व दीया, उप संपादक अंजलि, कंगना व रोहित, सलाहकार संपादक शिवम, उज्जवल व चंद्रेश तथा कार्टूनिस्ट भवनेश्वरी, कामना व निगीता ने कार्य किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों संग प्राइमरी स्कूल के बच्चे तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

# छोटी काशी में मांडव्य उत्सव 5 से: वीरेंद्र भट्ट

## सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मांडव्य ऋर्षि की तपोस्थली छोटी काशी मंडी में दो दिवसीय मांडव उत्सव 5 से 6 नंबवर को आयोजित किया जा रहा है। गौर हो कि मंडी नगर मांडव्य ऋर्षि की तपोस्थली रहा है और इन्हीं महार्षि के नाम से नगर का नाम मंडी पड़ा है। महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने कहा कि नगर निगम लोक संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए प्रयासरत है, इसलिए वर्ष 2024 में से एक नई शुरुआत करते हुए मांडव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इस वर्ष भी नगर निगम शहर की समस्त धर्मसंस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, स्कूली बच्चों, महिला समूहों व आम जनमानस के सहयोग से इस ऐतिहासिक महोत्सव को मनाने जा रहा है। इस कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से शनिवार को सभी संस्थाओं के साथ बैठक कर महोत्सव का कार्यक्रम तय किया गया। इसमें प्रात: 10:15 बजे श्रीराज माधवराय के पूजन उपरांत बाबा भूतनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर सेरी मंच से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो कि पड्डुल गुरुद्वारा से होकर बिपाशा तट पर मौजूद मांडव्य शिला तक जाएगी, जहां शिला पूजन के उपरांत यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। साथ ही भजन कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। इस उपलक्ष्य में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मंडी द्वारा सतगुरु गोबिंद सिंह जी गुरुद्वारा में लंगर का आयोजन किया जाएगा।

मांडव्य उत्सव में संध्याकालीन कार्यक्रम भी शामिल हैं जिसमें सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन, स्वच्छता कार्यक्रम व मैराथन, योग आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने प्रस्तावित हैं। बैठक में पार्षद अलकनंदा हांडा, योगराज, सुदेश कुमारी, निर्मल वर्मा, यशकांत कश्यप, दर्शन ठाकुर, संजय शर्मा, नगर आयुक्त रोहित राठौर, अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार, अनुभाग अधिकारी राकेश गुलेरिया व गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बैठक में भाग लेते हुए शहरवासी, पार्षद और अधिकारीगण।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकाघाट में पेंशनर्स ने हकों की लड़ाई के लिए राजनीतिक कदम उठाने के दिए संकेत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पेंशनर्स फेडरेशन खंड सरकाघाट की मासिक बैठक सरकाघाट के एक निजी होटल में खंड प्रधान रमेश ठाकुर की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित हुई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में फेडरेशन के सदस्य रोपा कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त कमलेश्वर व कुनालग गली निवासी तेग सिंह दोनों की आकस्मिक मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखा। प्रदेशाध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा ने पेंशनर्स की मांगों को लेकर, संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले सभी पेंशनर्स और संगठनों का जिला स्तरीय रोष राजनीतिक रैली में भाग लेने पर हार्दिक धन्यवाद किया। पेंशनर्स ने सचेत किया, कि यदि पेंशनर्स के हकों को सुनिश्चित करने के लिए, पेंशनर्स को राजनीतिक तौर पर आगे आना पड़े, तो वो इससे नहीं झिझकेंगे। खंड सरकाघाट प्रधान रमेश ठाकुर ने बैठक में प्रस्ताव रखा कि जो कोई भी राजनीतिक पार्टियां चुनाव लड़ने से पहले, कई तरह के प्रलोभन देती हैं, जिनमें से कुछ एक वादे बाद में भी पूरे नहीं हो सकते, तो उनके ऊपर माननीय न्यायालयों को समय रहते संज्ञान लेना चाहिए।

### आर्य समाज ने किया 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**भीम बसेहू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** आर्य समाज के कोषाध्यक्ष हरदेव आर्य निवास चाका रा गोहर (भंगरोटू) में उनकी समाजसेविका माता स्व सुरजू देवी पत्नी सौकिया राम के चतुर्थ वार्षिक श्राद्ध पर 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। भारी संख्या में आर्य समाज के अनुयायियों ने इस महायज्ञ कार्यक्रम में शिरकत कर भव्य व दिव्य बना दिया। वहीं कार्यक्रम को पूर्ण रुपेण सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान देने वाले आर्य समाज सुंदरनगर कॉलोनी (बीबीएमबी कॉलोनी) के वेद प्रचार मंत्री श्रवण कुमार आर्य ने कहा कि उक्त क्षेत्र में एक पर्यावरण संरक्षण की भी मिसाल पैदा करते हुए वैदिक परंपरा का निर्वहन करते हुए यह एक ऐसा पौराणिक ब्राह्मणवाद से ऊपर उठकर एक अनूठे ढंग का धार्मिक कार्यक्रम रहा जिसने अपनी शुद्ध वैदिक परम्परा से सबको अभिभूत कर दूर-दूर तक चर्चित रहा।

### भौण धार में 9 को होगा 27वां वार्षिक भंडारा

**अनंत ज्ञान, महादेव।** भौण कलाहोड़ स्थित श्री शीतला माता मंदिर प्रांगण में इस वर्ष 27वां वार्षिक भंडारा 9 नवंबर को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। मंदिर कमेटी की अगुवाई में आयोजित इस पावन अवसर पर 2 नवंबर से 8 नवंबर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा, जिसमें कथा वाचक बालयोगी डॉ. प्रवीण स्वामी (सिद्धयोगी धाम) अपने मुखारविंद से दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक कथा वाचन करेंगे। 9 नवम्बर को प्रातः 9 बजे पूर्णाहुति के बाद 10 बजे से दिन-रात भंडारा आरंभ होगा। शीतला भगवती, जिन्हें भौण धार क्षेत्र में कालरात्रि के रूप में भी जाना जाता है, के इस पावन आयोजन में मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कथा श्रवण और प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### भराड़ी में एनएसएस का विशेष शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भराड़ी (सजाओपीएए) मंडी इकाई का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर शनिवार को हर्षोल्लास से शुरू आरंभ किया गया। यह शिविर 25 से 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस शिविर में 45 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। डॉ. वीना राठौर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य (कॉलेज) ने मुख्यातिथि के तौर पर शुभारंभ किया। विद्यालय प्रधानाचार्य बीडी कश्यप ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों व स्वयंसेवियों ने मुख्य अतिथि को शॉल व टोपी पहनाकर अभिवादन किया। कार्यक्रम अधिकारी रणबीर चौहान ने मुख्य अतिथि को जानकारी देते हुए बताया की स्वयंसेवी गोद लिए गांव गदोहल में बावड़ियों की सफाई, रास्तों के निर्माण के साथ ही अन्य गतिविधियों को भी अंजाम देंगे। मुख्य अतिथि ने स्वयं सेवियों से आवाहन किया की वे समाज सेवा के रास्ते पर आगे बढ़ते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें साथ ही नशे के संपूर्ण उन्मूलन के लिए सामाजिक जागरूकता फैलाएं।

## हिमाचल बना देश का पहला राज्य जो प्राकृतिक उत्पादों पर एमएसपी कर रहा प्रदान: हेमिस नेगी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) मंडी द्वारा प्राकृतिक खेती विषय पर दो दिवसीय मंडल स्तरीय कार्यशाला का सफल समापन हुआ। कार्यशाला में मंडी, कुल्लू, बिलासपुर और लाहौल-स्पीति जिलों के सैकड़ों प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। यह प्रदेश में मंडल स्तर पर आयोजित दूसरी कार्यशाला रही। इससे पहले कांगड़ा में ऐसी कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी है। मुख्यातिथि राज्य परियोजना निदेशक हेमिस नेगी ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्राकृतिक उत्पादों की बढ़ती मांग किसानों के लिए आय के नए अवसर खोल रही है। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार यह कार्यशाला आयोजित की गई है।

दूसरे दिन पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. मनदीप कुमार ने देसी गाय की भूमिका पर कहा कि यह न केवल जैविक खाद निर्माण का आधार है, बल्कि प्राकृतिक खेती प्रणाली की आत्मा है। कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. नेहा चौहान ने मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों पर जानकारी दी। कृषि फसल बीमा योजना के प्रतिनिधि चंद्रशेखर ने किसानों को फसल बीमा की प्रक्रिया और उसके लाभों से अवगत करवाया।



### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

**इस** अवसर पर कार्यकारी निदेशक डॉ. अतुल डोगरा, पद्मश्री नेक राम शर्मा, डॉ. मोहिंद्र भवानी (उपनिदेशक, एसपीआईयू), डॉ. मनदीप कुमार (उपनिदेशक, पशुपालन विभाग), भूपेंद्र ठाकुर (सचिव, एपीएमसी मंडी), हेम राज (कंसल्टेंट, प्राकृतिक खेती), और रामचंद्र चौधरी (उपनिदेशक कृषि, मंडी) सहित कई उपस्थित रहे।

एपीएमसी मंडी के सचिव भूपेंद्र ठाकुर ने प्राकृतिक उत्पादों के विपणन और 'हिम भोग ब्रांड के माध्यम से किसानों को उचित मूल्य प्राप्त करने के अवसरों पर प्रकाश डाला। एसपीआईयू के उपनिदेशक डॉ. मोहिंदर भवानी ने राज्य और केंद्र प्रायोजित प्राकृतिक खेती योजनाओं की रूपरेखा और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी।

## कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य है जनता की भलाई व समग्र विकास : गोकुल बुटेल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव गोकुल बुटेल के जोगिंद्रनगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। गोकुल बुटेल के पहुंचते ही स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जीवन ठाकुर ने जोगिंद्रनगर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और जनता की अपेक्षाओं से गोकुल बुटेल को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कई विकास कार्य अधूरे पड़े हैं, जिनमें सड़कों की दयनीय स्थिति, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों की कमी प्रमुख हैं। गोकुल बुटेल ने जीवन ठाकुर और कार्यकर्ताओं की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि जोगिंद्रनगर क्षेत्र की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य जनता की भलाई और समग्र विकास है, जिसके लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है और जोगिंद्रनगर क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

## पूर्व सीपीएस के प्रयास लाए रंग, नेरी से बाड़ू सड़क निर्माण को मिली फॉरेस्ट क्लियरेंस

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के नेरी से बाड़ू सड़क मार्ग के निर्माण हेतु क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण योजना को आखिरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ उप-कार्यालय शिमला हिमाचल प्रदेश की स्वीकृति मिल गई है। जिससे क्षेत्र के लोगों को बडी राहत मिलने वाली है। फॉरेस्ट क्लियरेंस पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर के अथक प्रयासों और उनकी प्राथमिकता के कारण संभव हो पाई है।

जानकारी के अनुसार यह सड़क लंबे समय से निर्माण की प्रतीक्षा में थी और ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। पूर्व सीपीएस ठाकुर ने इस परियोजना को अपनी प्राथमिक सूची में रखते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू,लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के समक्ष रखते हुए संबंधित विभागों के साथ संपर्क बनाए रखा। उनके सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप अब इस सड़क निर्माण को वन विभाग से मंजूरी प्राप्त हो चुकी है। सुकेत वन प्रभाग जिला मंडी हिमाचल प्रदेश के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नेरी से बधू सड़क किमी 0/0 से 7/770 के निर्माण के लिए एचपीपीडब्ल्यूडी के पक्ष में 4.8825 हेक्टेयर वन भूमि का डायवर्जन की स्वीकृति दी गई है। पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने बताया कि गक्त वर्ष लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सलापड-तत्तापानी सड़क का दौरा करते हुए वन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क निर्माण हेतु केस तैयार करने के दिशा निर्देश दिए थे,जिसके परिणामस्वरूप अब सड़क निर्माण हेतु फारेस्ट क्लियरेंस की स्वीकृति की बड़ी सौगात मिली है।

सोहन लाल ने कहा कि इससे पूर्व भी प्रदेश कांग्रेस सरकार कार्यकाल में सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के डिग्री कॉलेज डैहर और सलापड़-तत्तापानी सड़क की फॉरेस्ट क्लियरेंस की स्वीकृत हुई थी। इस प्रकार क्षेत्र में शिक्षा और यातायात संबंधी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में सरकार का यह एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने फारेस्ट क्लियरेंस की बड़ी सौगात देने पर खुशी प्रकट करते हुए कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है। सड़क निर्माण कार्य आरंभ होने से न केवल परिवहन में सुधार आएगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा।

## माइंड ऑपरेशन अकादमी ने पुलिस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

माइंड ऑपरेशन अकादमी जोगिंद्रनगर की ओर से हिमाचल प्रदेश पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में चयनित हुए टॉपर्स के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम जोगिंद्रनगर मुनीश चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ठाकुर विशेष अतिथि और एसएचओ जोगिंद्रनगर सकीनी कपूर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे इस अवसर पर एसडीएम मुनीश चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं पुरातन विद्या से प्रेरणा लेकर नशे से दूर रहें और अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हुए जीवन में सफलता की ऊंचाइयां छुएं। वहीं एसडीएम सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है ईमानदारी जो किसी और के प्रति नहीं, बल्कि स्वयं के प्रति होनी चाहिए। एसएचओ सकीनी कपूर ने कहा कि जो युवा नशे या बुरी आदतों की ओर बढ़ रहे हैं, उन्हें अपने लक्ष्य की ओर ध्यान केंद्रित करते हुए समाज के प्रति जिम्मेदार भूमिका निभानी चाहिए।

अकादमी के निदेशक रामप्रकाश ठाकुर ने कहा कि हमें गुरुकुल परंपरा की शिक्षा प्रणाली से प्रेरणा लेकर व्यवहारिक और नैतिक मूल्यों को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर निदेशक रामप्रकाश ठाकुर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि भविष्य में भी अकादमी के विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए उनका सहयोग अपेक्षित रहेगा। कार्यक्रम में अकादमी की ओर से प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मनीषा चौहान और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली सालवी ठाकुर सहित सभी चयनित विद्यार्थियों व अध्यापकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सीडी बैंक निदेशक मनजीत परमार, एलिट स्कूल के निदेशक डॉ. भागचंद, विजय, निर्मल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अकादमी ने अपने सभी चयनित विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




हिमाचल पुलिस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## सुंदरनगर में होगी जिलास्तरीय खो-खो प्रतियोगिता

### जिला खो-खो संघ ने बैठक में 1 व 2 को स्पर्धा करवाने का लिया निर्णय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**जिला** स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता सुंदरनगर के एमएलएसएम कॉलेज में खेली जाएगी। यह प्रतियोगिता जिला खो-खो संघ द्वारा करवाई जाएगी। जिला मंडी खो-खो संघ की बैठक सुंदरनगर में प्रदेशाध्यक्ष एवं मंडी जिलाध्यक्ष अभिषेक ठाकुर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से 1 व 2 नवंबर को जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता सुंदरनगर में करवाने का निर्णय लिया गया।

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली टीम को 100 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस जमा करवानी होगी और टीम को प्रतियोगिता से पहले सूचना देना जरूरी है, ताकि खिलाड़ियों के ठहरने व खानपान की उचित व्यवस्था की जा सके। जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों की उम्र 28 दिसंबर को 18 वर्ष से कम होनी चाहिए।

संघ के अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों की आयु, वजन व ऊंचाई का इंडेक्स 250 से अधिक नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में मंडी जिला के सभी खंडों की टीमें हिस्सा ले रही है। भारतीय खो-खो संघ के संयुक्त सचिव एवं हिमाचल प्रदेश खो-खो संघ के महासचिव एलआर वर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की। बैठक में संघ के महासचिव लक्ष्मी दत्त, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य जसवीर सिंह, संघ के उपाध्यक्ष जय सिंह ठाकुर व हरनाम सिंह, कोषाध्यक्ष कर्म चंद ठाकुर, मुनीष, हितेश राठौर, राजेश कुमार व अजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



मंडी जिला खो-खो संघ की बैठक में हिस्सा लेने के बाद पदाधिकारी।

## पंचायत चुनाव के नाम पर जनता को गुमराह कर रही सरकार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट से जारी एक बयान में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव एव अधिवक्ता अजय चौहान ने प्रदेश सरकार के ऊपर पंचायत चुनाव को लेकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। अगर सरकार कह रही है कि चुनाव तय समय पर होंगे, तो अब तक रोस्टर जारी हो जाना चाहिए था और बाकी प्रक्रिया शुरू हो जानी चाहिए थी। चौहान ने बताया कि उच्च न्यायालय ने स्पष्ट आदेश दिया है कि पंचायत और नगर निगम चुनावों के लिए आरक्षण रोस्टर चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से कम से कम 90 दिन पहले जारी किया जाए, ताकि संबंधित स्थानों पर जनता की आपत्तियों पर सुनवाई की जा सके।

# एचपी शिवा परियोजना से धर्मपुर के बागवानों को मिल रहा लाभ: चंद्रशेखर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी एचपी शिवा परियोजना के अंतर्गत मंडी जिला के धर्मपुर उपमंडल के छुईघाट और चुरू-रा-बल्ह क्षेत्रों के बागवानों को निरंतर लाभ मिल रहा है। इन क्षेत्रों की मौसंबी की तीसरी खेप शुक्रवार को सफलतापूर्वक रिलायंस कंपनी के राजपुरा (पंजाब) स्थित स्टोर पहुंचाई गई। विधायक चंद्रशेखर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह धर्मपुर क्षेत्र के बागवानों की मेहनत और हिमाचल सरकार की दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है। एचपी शिवा परियोजना ने किसानों को नई पहचान दी है और उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेंगी और हिमाचल को बागवानी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी। समन्वयक शिवा परियोजना धर्मपुर तेजिंदर और जीओसी प्रधान रितेश भारद्वाज ने पंजाब स्थित रिलायंस स्टोर राजपुरा में किसानों द्वारा तैयार की गई उपज की बिक्री प्रक्रिया को संपन्न किया। इस दौरान कुल 1650 क्विंटल उपज में से 1474 क्विंटल चयनित उपज के रूप में बेची गई, जिसका मूल्य 39 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया। इस बिक्री प्रक्रिया की निगरानी क्षेत्रीय विषयवाद विशेषज्ञ, उद्यान विभाग के डॉ. अनिल ठाकुर द्वारा की गई। डॉ. अनिल ने बताया कि इस पहल से किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त हो रहा है, क्योंकि अब उनकी उपज सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंच रही है। पारंपरिक मंडी प्रणाली की तुलना में यह तरीका अधिक पारदर्शी, सुविधाजनक और लाभदायक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि एचपी शिवा परियोजना के तहत किसानों को नई विपणन संभावनाएं मिल रही हैं, जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि हो रही है और वे आत्मनिर्भर एवं बाजार-सक्षम बन रहे हैं।



मौसंबी की तीसरी खेप पहुंची रिलायंस स्टोर राजपुरा

## स्वस्थ जीवन की नींव शारीरिक स्वच्छता में निहित: रणजीत चौहान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शिक्षा के मंदिरों में विद्यार्थियों की स्वच्छता रैंकिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोटरी क्लब की ओर से तुलाह स्थित दो सरकारी स्कूलों में कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सचिव अधिवक्ता रणजीत चौहान ने सौ से अधिक विद्यार्थियों को शारीरिक स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया। चौहान ने कहा कि स्वस्थ जीवन की नींव शारीरिक स्वच्छता में निहित है और नियमित स्नान, हाथ धोना तथा स्वच्छ वस्त्र पहनना आवश्यक है। उन्होंने लगभग 110 विद्यार्थियों को साबुन, टूथब्रश और दंतमंजन भेंट किए और इनके नियमित उपयोग का महत्व समझाया। स्कूल के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार ने विद्यार्थियों से स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण शर्मा और वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर ने बताया कि संस्था हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और लेह-लद्दाख के करीब 130 क्लबों के 3500 सदस्यों के साथ इस प्रोजेक्ट में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

**अनदेखी** सुंदरनगर-कपाही-लेदा सड़क मार्ग लोगों के लिए बना परेशानी का सबब

# खस्ताहाल सड़क बनी जानलेवा, अनदेखी जारी

**उमेश, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर-कपाही-लेदा सड़क मार्ग की हालत बेहद खराब हो चुकी है। बरसात और भूस्खलन के चलते सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है, जिससे इस मार्ग पर सफर करना खतरे से खाली नहीं रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन और लोक निर्माण विभाग को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सड़क पर बने गहरे गड्ढे और धंसे हिस्से दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं।

सुंदरनगर के कपाही स्थित आरकेएम पब्लिक स्कूल के पास सड़क का बड़ा हिस्सा नीचे धंस चुका है। सड़क के नीचे स्कूल का ग्राउंड है, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्कूल के प्रिंसिपल वीरेंद्र भारती ने बताया कि बीते कुछ दिनों में यहां दो से तीन दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। एक बाइक सवार नीचे ग्राउंड में गिर गया था, जिससे उसकी टांग टूट गई। उन्होंने बताया कि प्रशासन को कई बार अवगत करवाया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

अरठी पंचायत प्रधान सुषमा देवी ने कहा कि सड़क की हालत बेहद खराब है और आरकेएम स्कूल के पास गिरती सड़क से बच्चों की जान खतरे में है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग जानलेवा साबित हो रहा है।



सुंदरनगर-कपाही-लेदा सड़क मार्ग की खस्ताहाल से लोग हो रहे परेशान।

### अस्थायी मरम्मत जारी, स्थायी समाधान प्रस्तावित

**लोक** निर्माण विभाग सुंदरनगर के सहायक अभियंता यशवंत चंदेल ने बताया कि समस्या संज्ञान में लाई गई है। फिलहाल मिट्टी भरकर गड्ढे समतल किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थायी मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार कर निरीक्षण किया जाएगा।

### ग्रामीणों में रोष और मरम्मत न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**स्थानीय** समाजसेवी चुनीलाल ने बताया कि सड़क जगह-जगह धंस चुकी है और वाहन चालक जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं। कपाही पंचायत के प्रधान ओम प्रकाश ने कहा कि ग्रामीण लगातार शिकायत कर रहे हैं, मगर विभागीय अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं। बजट की कमी का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो ग्रामीण आंदोलन करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### डंगेड़ा मे तेंदुए की दहशत, लगाया पिंजरा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मुख्यालय के साथ लगते गांव डंगेड़ा मे रात करीब 7 बजे वार्ड नं. 7 में कुलदीप सिंह पुत्र शेर सिंह की पशुशाला मे खुंखार तेंदुआ घुस गया। पशु भी पशुशाला में ही थे। पशु तेंदुए को देख कर डर गए ओर लोगो ने तेंदुए को देखा तो शोर मचाया, जिससे तेंदुआ पेड़ पर चढ़ गया और 3 घंटे तक तेंदुआ पेड़ पर ही रहा। लोग डरे हुए थे। तेंदुआ बहुत देर तक पेड़ पर ही रहा। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची व तेंदुआ पेड़ से उतरा व भाग गया। कुलदीप सिंह की पशुशाला जंगल में ही है ओर विभाग की टीम ने वहां पिंजरा लगा दिया है।

### एनएसएस शिविर में 21 वालंटियर ले रहे हिस्सा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाईं में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर शनिवार को शुरू हुआ। जिसका शुभारंभ पाठशाला प्रधानाचार्य निर्मल कुमार ने किया । प्रधानाचार्य ने शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करके किया । इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत पेश किया। शिविर में 12वीं कक्षा के 21 वालंटियर छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। वालंटियरों का मार्गदर्शन करते हुए प्रधानाचार्य निर्मल कुमार कहा कि स्वयं को अनुशासन में बांधकर देश सेवा करना ही राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य है। उन्होंने अनुशासन में रहकर कार्य करने का आह्वान किया। यह राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प कार्यक्रम अधिकारी प्रवक्ता गणित सुनील कुमार एवम प्रवक्ता भूगोल कुमारी शैलजा की अगुवाई में शुरू हुआ। उन्होंने स्वयंसेवियों को एनएसएस के महत्व और उसके उद्देश्य के विषय में विस्तार से बताया । उन्होंने कहा कि कि सातों दिन अलग-अलग क्षेत्रों से विशिष्ट व्यक्तियों को भी स्रोत व्यक्ति के रूप में बुलाया जाएगा ताकि वह स्वयंसेवी छात्रों का अलग-अलग विषयों पर मार्गदर्शन कर सकें। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष रितिका कौशल और समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### चंडीगढ़ पीजीआई के लिए भेजा लंगर

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** आचार्य श्री महाराज चेतनानंद जी भूरी वाले महाराज जी के आदेश अनुसार 25 ओर 26 को लंगर चंडीगढ़ पीजीआई के लिए गाड़ी भेजी गई। शनिवार बाबा गरीब दास जी बाणी का प्रकाश हुहा तीन दिवसीय संत समागम 27 तरीक को वाणी कों भोग डाले जाएंगे।

### सलोह स्कूल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हरोली।** वन बिहारी नंद ब्रह्माचारी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोह में शुक्रवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के अवसर पर पूर्व एडीपीओ जगदीश राम ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि ने स्वयंसेवियों को समाज में युवाओं की सक्रिय भूमिका के महत्त्व बारे विस्तार से जानकारी दी तथा एन एस एस के महत्व बारे बताया प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर ने शिविर के लिए स्वयंसेवियों को बधाई दी तथा जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में 66 स्वयंसेवी भाग ले रहे है मुख्य अतिथि जगदीश राम द्वारा स्वयंसेवियों को 3600 रुपए की धन राशि इनाम स्वरूप प्रदान की गई। इस अवसर पर छात्रा समायरा अंजली प्रियांशी व तान्या द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया यह शिविर 24 अक्तूबर से 30 अक्तूबर तक चलेगा जिसमें स्वयंसेवी समाज सेवा के कार्य साफ सफाई पौधारोपण जैसे कार्य करेंगे इस अवसर पर परमेश कुमार, प्रीति डढवाल, बलजिंद्, सतपाल मृदुला, रीना, रेनू, रीटा, सुरेश दिनेश सहित अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

### भारतीय संस्कृति के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शनिवार को गीता संदेश भारतीय संस्था द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगल खुर्द ऊना में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संस्था के अध्यक्ष कृष्ण कुमार लदाखी ने भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों पर अपने विचार साझे किए। उन्होंने श्रीमद् भागवत गीता के उपदेशों को बड़े ही सरल शब्दों में बच्चों को समझाया। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को जीवन में चार सिद्धांत आदर, संस्कार, प्रेम और भय पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने अपने भाषण के माध्यम से बच्चों को अनुशासन में रहने, कठिन परिश्रम करने और नारी का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। सुनीता रोझे जी ने केके लदाखी का बच्चों का मार्ग दर्शन करने के लिए आभार व्यक्त किया।

# कुटलैहड़ की हर मांग हो रही पूरी, लेकिन नई घोषणाएं होंगी जनता के बीच: सीएम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हमीरपुर जिले के बड़सर विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान कुटलैहड़ विधान सभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने भी अपने क्षेत्र की आवाज बुलंद की।

मुख्यमंत्री सुक्खू के हेलिपैड पर आगमन से लेकर जनसभा स्थल तक विधायक विवेक शर्मा लगातार उनके साथ रहे और गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मौका देख एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें कुटलैहड़ क्षेत्र की कई विकासात्मक समस्याएं और जनहित के मुद्दे शामिल थे। मुख्यमंत्री सुक्खू ने जैसे ही मांग पत्र देखा, मुस्कराते हुए कहा कि विवेक शर्मा जी आपके कुटलैहड़ की हर मांग का समाधान हम कर रहे हैं, जो भी आप मांग रखते हैं, उसे हम तत्काल स्वीकृति देते हैं, अब नई योजनाओं की घोषणाएं कुटलैहड़ प्रवास के दौरान जनता के बीच की जाएंगी। आपके इस मांग पत्र को मैं संभाल कर रखता हूं। मुख्यमंत्री सुक्खू के इस जवाब पर वहां मौजूद सभी लोग तालियों से गूंज उठे। सीएम सुक्खू ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर जिले का ही नहीं, बल्कि उनके अपने राजनीतिक परिवार का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के हर मोर्चे पर काम कर रही है और कुटलैहड़ को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू और विधायक विक्कू के बीच की इस आत्मीय बातचीत से माहौल आत्मीय और उत्साहपूर्ण रहा। विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू जी ने हमेशा कुटलैहड़ की आवाज को गंभीरता से सुना और उसे प्राथमिकता दी है।

## विधायक विवेक शर्मा ने बीहड़ू में मनरेगा मजदूरों से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने शनिवार को रायपुर मैदान की ओर जाते हुए रास्ते में मनरेगा मजदूरों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मजदूरों से उनके कामकाज की जानकारी ली और उन्हें राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत करवाया।विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आमजन के उत्थान और ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार ने हाल ही में मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी दर में वृद्धि की है, जिससे लाखों परिवारों को आर्थिक राहत मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि गांव-गांव तक विकास की रफ्तार पहुंचे और ग्रामीण युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिलें। इस मौके पर विधायक विवेक शर्मा ने मजदूरों से संवाद करते हुए कहा कि मनरेगा योजना केवल रोजगार देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने का भी सशक्त साधन है। उन्होंने मजदूरों को सरकार की अन्य योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना और मुख्यमंत्री किसान सहायक योजना की जानकारी दी।सभी मनरेगा मजदूरों ने विधायक विवेक शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि मनरेगा के तहत दिहाड़ी बढ़ाने के निर्णय से अब उनके परिवारों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू और विधायक विवेक शर्मा ने हमेशा मजदूर वर्ग की आवाज़ उठाई है। मजदूरों ने एक स्वर में कहा कि धन्यवाद मुख्यमंत्री जी, धन्यवाद विवेक शर्मा जी, आपने हमारी मेहनत का मूल्य बढ़ाया। विधायक विवेक शर्मा ने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में कुटलैहड़ क्षेत्र में मनरेगा के तहत और अधिक कार्यों को स्वीकृति दिलाई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को अपने गांव में ही काम के अवसर मिलें और पलायन पर रोक लग सके।

# अंबोटा के अनमोल बनेंगे आईटीबीपी में सब इंस्पेक्टर



अनमोल ठाकुर का घर पहुंचने पर स्वागत करते परिजन व पूर्व विधायक राजेश ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

कुछ कर गुजर जाने के जनून ने उपमंडल गगरेट के अंबोटा गांव के एक युवक को इंडो-तिब्बत बार्डर का प्रहरी बना दिया। अंबोटा गांव का अनमोल ठाकुर शनिवार को जब आईटीबीपी में सब इंस्पेक्टर की नियुक्ति पाकर लौटा तो पूर्व विधायक राजेश ठाकुर के साथ गांववासियों ने उसे स्वागत में पलक-पांवड़े बिछा दिए।

बेटे के कंधों पर स्टार लगने की खुशी मां से संभाली न गई और खुशी आंखों के रास्ते आंसू बनकर टपक गई। सीमित संसाधनों के बीच अनमोल ठाकुर ने युवाओं के लिए वह मिसाल पेश की है जो युवाओं को अपना सपना पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी। अंबोटा गांव के अनमोल ठाकुर ने स्नातक की डिग्री हासिल करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की ठानी। अनमोल ठाकुर ने कई परीक्षाएं दीं और कई में सफलता भी हासिल की लेकिन कंधे पर स्टार लगवाने के जनून ने उसे पैरा मिल्ट्री फोर्सिज की ओर प्रेरित किया। अनमोल ने आईटीबीपी में सब इंस्पेक्टर की परीक्षा पास कर अपने इस सपने को साकार किया है। अनमोल ठाकुर की मां पूजा ठाकुर गृहणी हैं तो पिता सुशील ठाकुर प्राइवेट नौकरी करते हैं। अनमोल ठाकुर का स्वागत करने पहुंचे पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने कहा कि आईटीबीपी में सब इंस्पेक्टर बनकर अनमोल ठाकुर ने अपने परिवार का ही नहीं बल्कि इस क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि अनमोल की सफलता उन युवाओं के लिए भी प्रेरणा है जो सेना व अर्द्ध सैनिक बलों में जाने की तमन्ना रखते हैं। राजेश ठाकुर ने कहा कि मां-बाप के लिए भी वह पल स्वर्णिम पल होते हैं जब उनका नाम उनकी संतान की वजह से लिया जाता है।

# भुट्टो ने सरकार पर लगाया ठेकेदारों को नजरअंदाज करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने शनिवार को उपमंडल बंगाणा के लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विभाग के कार्यों में लापरवाही और सुस्ती हावी है, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है।

भुट्टो ने बताया कि पिछले दो महीनों से क्षेत्र की एक दर्जन लिंक सड़कें बंद पड़ी हैं, जबकि मुख्य सड़कों पर आपदा के दौरान गिरे लहासे अब तक नहीं हटाए गए हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि विभाग के अधिकारी फील्ड में नहीं आते और जनता के फोन या शिकायतों का कोई जवाब नहीं देते। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार पर भी हमला करते हुए कहा कि सरकार केवल घोषणाओं और वादों तक सीमित रह गई है। भुट्टो ने आरोप लगाया कि ठेकेदारों के भुगतान नहीं होने से उनकी आर्थिक स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि लोक निर्माण विभाग ने शीघ्र ही बंद सड़कों को नहीं खोला और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, तो भाजपा जनता के साथ मिलकर आंदोलन छेड़ेगी। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू, राज्य पंचायती राज प्रकोष्ठ के सह संयोजक कृष्ण पाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, राज कुमार मनकोटिया, सुमित वशिष्ठ सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। यह घटना क्षेत्र में प्रशासनिक सुस्ती और जनता की परेशानियों को उजागर करती है और आगामी दिनों में इसे लेकर राजनीतिक हलचल की संभावना जताई जा रही है।

# स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ने मंजिल पर पहुंचाए गगरेट के तीन युवा

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

कुछ कर गुजरने के जनून के साथ अगर सही मार्गदर्शन मिल जाए तो रास्ते की बड़ी-बड़ी बाधाएं भी मंजिल तक पहुंचने से नहीं रोक सकतीं। एक प्रशासनिक अधिकारी ने लक्ष्य हासिल करने के लिए युवाओं को ऐसा रास्ता सुझाया कि अब मंजिलें गगरेट के युवाओं के खुद व खुद पांव चूम रही हैं।

एसडीएम सौमिल गौतम द्वारा स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के रूप में युवाओं को ऐसा ज्ञान का पुंज दिया है कि युवाओं की मंजिल पाने की राह आसान हो गई। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी इस पुस्तकालय के सहारे करने वाले एक युवक का चयन आईटीबीपी में बतौर सब इंस्पेक्टर हुआ है तो दो युवा हिमाचल पुलिस की लिखित परीक्षा पास करने में कामयाब रहे हैं। इन सफलताओं की कहानियों के साथ यहां तैयारी कर रहे युवा अति उत्साहित हैं।





**एसडीएम सौमिल गौतम ने बिना सरकारी मदद के खड़ा किया था स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय**

युवा प्रशासनिक अधिकारी सौमिल गौतम खुद एचपीपीएससी की परीक्षा की तैयारी एक पुस्तकालय के सहारे कर चुके हैं।

यही वजह थी कि उन्हें पुस्तकालय के माहौल व मिलने वाली उपयोगी पुस्तकों का गहरा ज्ञान था। जब वह बतौर एसडीएम गगरेट में सेवाएं देने आए तो यहां कोई पुस्तकलाय नहीं था। युवा अपने सपनों को पूरा कर सकें इसके लिए उन्होंने बिना सरकारी सहयोग के ही यहां स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय की स्थापना कर डाली। यहां हर तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकें भी उपलब्ध करवाईं। शुरू-शुरू में तो आईएएस अधिकारियों के सेन भी आयोजित करवाए और खुद भी पुस्तकालय जाकर विद्यार्थियों से फीडबैक लेते रहे। विद्यार्थियों को जिन पुस्तकों की जरूरत है उसे भी पूरा किया और धीरे-धीरे इसके बेहतर परिणाम देखने को मिले। यहां तैयारी कर चुकी एक युवती का चयन बैंकिंग क्षेत्र में हुआ तो एक युवक जेओआईटी के पद पर तैनात

**पहले भी यहां के स्टूडेंट्स का हो चुका है चयन**

हुआ। अब यहां तैयारी कर चुके मवा सिंधियां गांव के सुलिंदर कुमार व कलोह गांव की नमीषा हिमाचल पुलिस की लिखित परीक्षा पास करने में कामयाब रहे हैं।

यही नहीं बल्कि यहां तैयारी कर चुके अंबोटा गांव के अनमोल ठाकुर का चयन अब आईटीबीपी में बतौर सब इंस्पेक्टर हुआ है। जाहिर है कि इन नियुक्तियों ने यहां तैयारी कर रहे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया है। अनमोल ठाकुर ने भी माना है कि स्वामी विवेकानंद पुस्तकलाय उसकी सफलता में सहायक सिद्ध हुआ है। उधर एसडीएम सौमिल गौतम का कहना है कि युवा ही इस देश की धरोहर हैं और अगर उन्हें सही मार्गदर्शन के साथ सही माहौल मिले तो वे अपने सपने आसानी से साकार कर सकते हैं।

# फसल चक्र व लाभदायक खेती पद्धतियों पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**



शिविर में मौजूद प्रतिभागी किसान और विभागीय विशेषज्ञ।

हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (जायका) चरण-दो के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई ऊना द्वारा उप-परियोजना बबेहड़ में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला कृषक समूहों की फसलों के पैटर्न की व्यवस्था आधारित विषय पर आयोजित हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. गुलशन मनकोटिया ने की। उन्होंने किसानों के साथ परियोजना की रूपरेखा और इसके उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। डॉ. मनकोटिया ने बताया कि यह परियोजना किसानों की खेती, आजीविका और जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। उन्होंने किसानों को फसल चक्र के महत्व, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के उपाय, तथा अधिक उत्पादन और लाभ देने वाली फसल व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सही क्रॉपिंग पैटर्न अपनाने से न केवल भूमि की उर्वरक क्षमता बनी रहती है, बल्कि उत्पादन लागत कम कर अधिक मुनाफा भी प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को दलहनी, तिलहनी और सब्जी फसलों की वैज्ञानिक खेती पद्धतियों से भी अवगत कराया गया। कृषि विशेषज्ञ मनीषा शर्मा ने किसानों को गृह वाटिका (किचन गार्डन) के महत्व के बारे में बताया और उन्हें जैविक एवं ज़हरमुक्त खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किसानों को लहसुन की फसल से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी दी और उन्हें लहसुन की बिजाई के लिए बीज भी वितरित किए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान ऋषि राणा, कृषक विकास संघ के प्रधान तिलक राज, तथा उपस्थित किसानों ने जायका परियोजना टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, क्योंकि ये उन्हें वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने में सहायक सिद्ध होते हैं।

# अजय ठाकुर ने बिंदल से की शिष्टाचार भेंट, युवाओं की भूमिका पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



हिमाचल प्रदेश भाजयुमो कार्यकारिणी सदस्य एवं राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक मजबूती और युवा मोर्चा की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा, जिसमें संगठन के विस्तार और युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया।

अजय ठाकुर ने कहा कि भाजपा युवाओं की पार्टी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर के युवा राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश के हर बूथ तक सक्रिय है और आने वाले समय में कुटलैहड़ सहित हर विधानसभा क्षेत्र में हर तीसरे युवा को पार्टी से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीति नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण का माध्यम है, और युवा मोर्चा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की नीतियों व योजनाओं को पहुंचाना है। डॉ. राजीव बिंदल ने अजय ठाकुर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा संगठन के कार्यकर्ता ही उसकी असली ताकत हैं। उन्होंने युवा मोर्चा से अपेक्षा जताई कि वे समाज के हर वर्ग तक पहुंचें और मोदी सरकार की जनहितकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाएं।

# वशिष्ट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी करेंगे जिला ऊना का राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



वशिष्ट पब्लिक स्कूल के बच्चे हिमाचल प्रदेश में होने वाली विभिन्न खेलों जैसे बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, डिस्कस थ्रो व शॉट पुट में जिला ऊना का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला ऊना के लिए यह गौरव की बात है कि एक ही स्कूल के इतने बच्चे राज्य स्तर पर जिला ऊना का प्रतिनिधित्व करेंगे।

खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा व मेहनत के बल पर चयनित होकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गर्व से ऊंचा किया है। बास्केटबॉल अंडर-14 लड़कियों में कक्षा आठवीं की बानी ठाकुर, दिव्या, वैशाली जसवाल, पलक, आराधना व कक्षा नौवीं की मान्या शर्मा का चयन हुआ है। लड़कों में आठवीं कक्षा के रियांश धीमान का चयन हुआ है। वहीं, बास्केटबॉल अंडर-19 लड़कों में बारहवीं कक्षा के अंशुमन सैनी का चयन हुआ है। टेबल टेनिस अंडर-14 लड़कों में कक्षा आठवीं के अश्मित सिंह, अरण्व जसवाल, प्रत्यूष आहूजा का चयन हुआ है। बैडमिंटन अंडर-14 में आठवीं कक्षा के बिभास कुमार और छठी कक्षा के अथर्व शर्मा ने शानदार खेल दिखाकर चयन प्राप्त किया है। एथलेटिक्स अंडर-14 लड़कों में कक्षा छठी के आरव चौधरी और कक्षा आठवीं के शिवम पटियाल का चयन हुआ है। एथलेटिक्स अंडर-14 लड़कियों में कक्षा आठवीं की रिद्धि का शॉट पुट (गोला फेंक) में चयन हुआ है। एथलेटिक्स अंडर-19 लड़कों में कक्षा ग्यारहवीं के उज्ज्वल का डिस्कस थ्रो में और जय आदित्य का शॉट पुट में चयन हुआ है। अंडर-19 लड़कियों में बारहवीं कक्षा की अंशिका का शॉट पुट में चयन हुआ है। स्कूल मैनेजमेंट कमेटी ने खेलों को मिशन का स्वरूप देते हुए पांच प्रशिक्षित कोचों की नियुक्ति की है, ताकि हर खिलाड़ी अपने सपनों को साकार कर सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के खेल-संवर्धन प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नेशनल लेवल गेम्स में चयनित होकर विद्यालय व हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# फोक मीडिया ने बताई बेहतर आपदा प्रबंधन और सुरक्षित भवन निर्माण की तकनीकें




फोक मीडिया के कलाकारों के साथ स्थानीय लोग।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकारण ऊना के समर्थ 2025 कार्यक्रम के तहत शनिवार को सूचना एवं जन संपर्क विभाग से सूचीबद्ध आरके कलामंच चिंतपूर्णी के कलाकारों ने कुनेरन और ओईल में लोगों को बेहतर आपदा प्रबंधन और भूकंप सुरिक्षत भवन निर्माण को लेकर जागरूक किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को भूकंप के दौरान जान-माल की क्षति के नुकसान को कम के लिए भूकंपरोधी मकान बनाने की विभिन्न तकनीकों बारे अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि आपदा से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। ऐसे सुरक्षित भवनों का निर्माण करना बेहतद जरूरी है जोकि आपदा के दौरान सुरक्षित रहें और नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि आपदाओं से सुरक्षित रहने के लिए तकनीक का इस्तेमाल बेहद आवश्यक है। भवनों में किसी भी प्रकार का संरचनात्मक बदलाव करने से पहले अभियंता से परामर्श अवश्य लें ताकि भूकम्प से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। सुरक्षित भवन निर्माण में उत्तम सीमेंट मोर्टार, क्षैतिज भूकंपरोधी बैंड, इंट की दीवारों का सुदृढ़ीकरण, उद्धघाटनों के जांब्स में खड़ी सुदृढ़ीकरण, पिलर निर्माण, पायलिंग के तरीके, कंक्रीट के मानक और नींव बनाने में प्रयोग होने वाले आवश्यक तत्वों बारे जागरूक किया।

**आयोजन** ऊना में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

# टिकाऊ भवन निर्माण पर विशेषज्ञों ने दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना के अध्यक्ष व डीसी ऊना जतिन लाल के निर्देशानुसार शनिवार को डीआरडीए ऊना के सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस एवं समर्थ 2025 आपदा प्रबंधन जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यशाला में सिविल अभियांत्रिकी विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर से विषय विशेषज्ञ डॉ हेमंत कुमार विनायक विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान प्रशिक्षण समन्वयक व क्षमता निर्माण प्रभारी ऊना राजन शर्मा ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य भूकंप के खतरे वाले जोन-4 और जोन-5 में स्थित क्षेत्र के मद्देनजर सुरक्षित भवन निर्माण तकनीकों को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के तकनीकी अधिकारियों, अभियंताओं और कर्मचारियों को




आपदा पर आधारित कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी और सदस्य।

भूकंपरोधी भवन निर्माण संबंधी आधुनिक तकनीकों, भवन कोड, और संरचनात्मक सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सुरक्षित निर्माण न केवल मानव जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि यह समाज के लिए दीर्घकालिक एवं टिकाऊ विकास की नींव रखता है। उन्होंने भवन निर्माण में राष्ट्रीय भवन संहिता और अन्य प्रारंभिक सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही, उन्होंने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाएं भविष्य में भी आयोजित की जाती रहेंगी, ताकि जिले में सुरक्षित एवं सुदृढ़ निर्माण संस्कृति को बढ़ावा मिले। सिविल अभियांत्रिकी विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर से विषय विशेषज्ञ डॉ. हेमंत कुमार विनायक ने प्रतिभागियों को भूकंपरोधी निर्माण में प्रयुक्त होने वाली नवीन तकनीकों, गुणवत्ता मानकों, और निर्माण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. विनायक ने दृश्य सामग्री और प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियों को अत्यंत सरल तरीके से सुरक्षित निर्माण अभ्यास की उपयोगी जानकारी प्रदान की। इस मौके पर जिला नोडल अधिकारी (इंस्पायर) पुष्पा रानी, नगर निगम, शिक्षा विभाग, जलशक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, आपदा मित्रों सहित विभिन्न विभागों के सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, तकनीकी सहायक, तथा योजनाकार उपस्थित रहे।

# हिमाचल कल्याण सभा अमृतसर ने राहत कोष में दिए 1.11 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, ऊना**



हिमाचल कल्याण सभा अमृतसर का एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह से भेंट की और बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए एक लाख ग्यारह हजार का एक चेक मुख्यमंत्री राहत कोष में भेंट किया। सभा के प्रधान शक्तिपाल सीधर, महासचिव यशपाल शर्मा ने बताया कि हिमाचल कल्याण सभा अमृतसर में रह रहे हजारों हिमाचलियों का गत तीस वर्षों से प्रतिनिधित्व कर रही है।

यह सभा अमृतसर में कई चैरिटेबल डिस्पैंसरियां, सिलाई स्कूल के अतिरिक्त समय-समय पर मैडिकल कैंप, पौधारोपण और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जन-साधारण को जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान चलाती रहती है। उन्होंने बताया कि गरीब लड़कियों के विवाह, आर्थिक सहायता करना व मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां वितरित करना सभा का उद्देश्य है। प्राकृतिक आपदाओं के समय देश या प्रदेशों में राहत कोष में सहायता करना ये महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में भी सभा ने हिमाचल में आई बाढ़ से पीड़ितों के लिए लगभग सात लाख 75 हजार रुपए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के अमृतसर दौरे के दौरान भेंट किए थे। उन्होंने कहा कि हमारी कर्मचारी भूमि पंजाब है, लेकिन जन्मभूमि हिमाचल है। उन्होंने कहा कि अमृतसर में रह रहे हजारों हिमाचली अपनी जन्मभूमि हिमाचल की प्रगति में महत्तवपूर्ण योगदान देते हैं और अपनी संस्कृति को जीवित रखने के लिए समय-समय पर हिमाचली त्योहारों और उत्सवों को मनाने के साथ-साथ हिमाचली धाम का भी आयोजन करते हैं। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल सदस्यों में प्रधान शक्ति पाल सिधर, महासचिव यशपाल शर्मा, कानूनी सलाहकार अधिवक्ता राकेश शर्मा, संयुक्त सचिव गौरव शर्मा व सहायक वित्त सचिव मनीष शर्मा आदि शामिल रहे।

# देश की दूसरी सबसे बड़ी को-ऑपरेटिव सोसायटी एलपीएस का वजूद संकट में

## बैंक लोन न चुकाने पर नीलाम होगा सोसायटी का तीन सितारा चंद्रमुखी होटल, प्रक्रिया शुरू

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** अमूल के बाद देश की दूसरी सबसे बड़ी को-ऑपरेटिव सोसायटी एलपीएस का वजूद खतरे में पड़ गया है। बैंक की देनदारी के कारण लाहौल आलू उत्पादक सोसायटी बड़े आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही है। करोड़ों की देनदारी चुका नहीं पाने से कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक ने जहां एलपीएस के मनाली के रांगड़ी स्थित तीन सितारा चन्द्रमुखी होटल को सील किया था वहीं, अब कांगड़ा कोऑपरेटिव बैंक ने अब देनदारी चुकता न करने पर होटल को नीलाम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मूलधन और ब्याज के साथ संस्था के ऊपर बैंक का करीब 10 करोड़ रुपए लोन खड़ा है। लिहाजा, लाहौल घाटी के किसानों की मेहनत और संघर्ष से खड़ा हुआ चंद्रमुखी होटल आर्थिक संकट में घिर गया है। किसानों के अनुसार यदि यह होटल बिक गया तो लाहौल की कृषि अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंचेगी। करीब 32 कमरों वाला यह होटल लाहौल पोटैटो सोसायटी (एलपीएस) का प्रमुख आय स्रोत माना जाता है। एलपीएस ने कई वर्ष पहले कांगड़ा कोऑपरेटिव बैंक से करीब 6.20 करोड़ का कर्ज लिया था। बैंक की देनदारी करीब नौ से दस करोड़ हो गई है। कर्ज समय पर अदा न होने के कारण ब्याज सहित एलपीएस को प्रतिमाह लगभग सवा एक करोड़ रुपए चुकाने पड़ रहे थे। समय पर किस्तें अदा न होने के कारण बैंक प्रबंधन इस संपत्ति की नीलामी करने जा रहा है। चंद्रमुखी होटल को देनदारियां न चुकाने के कारण बैंक ने सितंबर 2024 में सीज कर दिया था। उसके बाद अब इस होटल को नीलाम करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### 2019 में भंग की गई थी सोसायटी

**भ्रष्टाचार** और गबन के आरोप साबित होने पर करोड़ों रुपए का कारोबार करने वाली लाहौल पोटैटो सोसायटी मई 2019 को भंग कर दी गई थी। जिस संस्था में सदस्यों की संख्या लगभग 2500 थी। वहां अब सक्रिय सदस्यों की संख्या मात्र 380 ही रह गई है। लाहौल घाटी में जिस दौरान अटल टनल नहीं बनी थी, उस समय सोसायटी लाहौल के क्षेत्रों के लोगों को सालों तक सस्ते दामों पर राशन घर-घर तक पहुंचा कर देती थी। साल 2019 में गठित बोर्ड के तत्कालीन चेयरमैन सुदर्शन जस्पा पूर्व कार्यकारिणी को दोष देते रहे, जबकि पूर्व में एमडी रहे कमल 2019 में बनी कार्यकारिणी को इसका जिम्मेदार ठहराते रहे।लाहौल के करोड़ों के टर्नओवर की सोसायटी को इस हाल तक पहुंचाने में किसका हाथ है। ये मामला अभी कोर्ट में चल रहा है।

### होटल को बचाए सरकार: रवि

रवि ठाकुर ने सवाल उठाया कि जब सरकार कांगड़ा के एक निजी होटल का 25 करोड़ का कर्ज माफ कर केस सेटल कर सकती है तो किसानों की संस्था एलपीएस के इस होटल को क्यों नहीं बचाया जा सकता। सरकार को वर्तमान एलपीएस प्रबंधन की ओर से संस्था की संपत्तियों की बिक्री से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच करवानी चाहिए। किसानों ने कहा कि इस होटल की आय से संस्था के कई कल्याणकारी कार्य चलते हैं। यदि होटल नीलाम हुआ तो इससे हजारों किसानों का भविष्य प्रभावित होगा।

### 2017 में लगे थे भ्रष्टाचार के आरोप

**साल** 1960 के दशक में अस्तित्व में आने के बाद सोसायटी कुछ ही समय में प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश की जानी-मानी सहकारी संस्थाओं में शुमार हो गई। एलपीएस जनजातीय क्षेत्रों के लोगों की आर्थिकी बढ़ाने में कई सालों तक अहम भूमिका निभाती रही है।साल 2017 में एलपीएस की आम सभा में जिला परिषद सदस्य सुदर्शन जस्पा ने एलपीएस प्रबंधन और बोर्ड के पदाधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे और इसकी जांच करने की मांग की थी। इसके बाद उन्होंने कोऑपरेटिव सोसायटी शिमला के रजिस्ट्रार से इसकी शिकायत की थी।

# प्रशासन की लापरवाही से भड़का दशहरा मामला: कमल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**


हिंदू रक्षा मंच के प्रदेश अध्यक्ष कमल गौतम प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

हिंदू रक्षा मंच के प्रदेश अध्यक्ष कमल गौतम ने कहा कि कुल्लू दशहरा के दौरान तहसीलदार द्वारा देव समाज के प्रति अनुचित व्यवहार ने माहौल को बिगाड़ दिया है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष कमल गौतम ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि संगठन सदैव समाज में सौहार्द बनाए रखने का पक्षधर है लेकिन कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान हुआ विवाद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन और तहसीलदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि तहसीलदार ने देव समाज के प्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें धमकाया और अपने पद का दुरुपयोग किया। उन्होंने कहा कि तहसीलदार का यह बयान तुम लोगों और तुम्हारे देवता को अंदर डाल दूंगा अस्वीकार्य और असंवेदनशील है। गौतम ने यह भी स्पष्ट किया कि तहसीलदार के साथ जो बाद में हुआ वह भी अनुचित था, परंतु पूरा विवाद प्रशासन की निष्क्रियता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हिंदू रक्षा मंच ने तहसीलदार और देव समाज के बीच विवाद सुलझाने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन और सरकार ने कोई ठोस पहल नहीं की। उल्टा, तहसीलदार की शिकायत पर देवता से जुड़े लोगों पर एफआईआर दर्ज कर दी गई, जबकि दूसरी ओर की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

गौतम ने आरोप लगाया कि तहसीलदार द्वारा एससी-एसटी एक्ट का सहारा लेना उनकी दुर्भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन सरकार के दबाव में काम कर रहा है और इसमें स्थानीय विधायक भी जिम्मेदार हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि हिंदू रक्षा मंच तहसीलदार के विरुद्ध पूरे प्रदेश में पुलिस में शिकायतें दर्ज करवाएगा। संगठन ने ऐलान किया कि 10 नवंबर को कुल्लू में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। गौतम ने कहा कि यदि सरकार और प्रशासन ने समय रहते न्याय नहीं दिया तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### शोगी स्कूल को 11 हजार रुपए किए दान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए डॉ. आराधना तलवार ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला शोगी को 11 हज़ार रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। हाल ही में हुई भारी बरसात के दौरान पाठशाला को काफी क्षति पहुंची थी। इस योगदान को डॉ. तलवार ने पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चेत राम को सौंपा।डॉ. आराधना तलवार, जिला कुल्लू के अखाड़ा बाजार की निवासी हैं। उनका मायका कलैहली में है और वर्तमान में वे रमयाह यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु में अंतरराष्ट्रीय राजनीति की प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। इन दिनों वे अपने पति हिमांशु खेरा के साथ अवकाश पर घर आई हुई हैं। उनके पिता शाम पाल, सीमा शुल्क विभाग के सेवानिवृत्त आईआरएस अधिकारी हैं।इस नेक पहल के लिए केंद्र मुख्य शिक्षिका वंदना शर्मा, सभी अभिभावकों और शोगी स्कूल स्टाफ ने डॉ. तलवार का हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है।

### एसडीएम ने किया एनएचएआई के कार्य का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, मनाली।** एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने शनिवार को वोल्वो स्टैंड से भूतनाथ मंदिर तक चल रहे हाइवे के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने हालात का जायजा लेने के बाद एनएचएआई के अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने अधिकारियों को काम में तेजी लाने की बात कही। एसडीएम ने एनएचएआई के अधिकारियों को अवगत करवाया कि इस हाइवे के न बनने व पर्यटक वाहनों की आमद बढ़ने से शहर में ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि हालात को देखते हुए हाइवे को जल्द तैयार करना जरूरी है। एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने कहा कि रविवार शाम तक सड़क एक तरफा वाहनों के लिए तैयार होने की उम्मीद है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर वरुण चारी ने भी चल रहे कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने कहा कि कुल्लू, मनाली हाइवे की जल्द हालत सुधारी जाएगी।

### 28 को खेगसू में होगी संयुक्त संगठनात्मक बैठक

**अनंत ज्ञान, आनी।** भाजपा मंडल आनी, दलाश और निरमंड की कार्यकारिणी, मोर्चों के पदाधिकारी, ग्राम केंद्र अध्यक्ष, बूथ त्रिदेव व सक्रिय कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक 28 अक्तू बर को सुबह 10 बजे खेगसू में होगी। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन, मंडी संसदीय क्षेत्र संगठन मंत्री सुरेश शर्मा, जिलाध्यक्ष अमित सूद, विधायक लोकेंद्र कुमार, जिला महामंत्री व पूर्व एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के पूर्व अध्यक्ष अमर ठाकुर तथा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दूनी चंद ठाकुर मौजूद रहेंगे।

### मनाली स्ट्रेज संस्था को टीवी किया भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** रोटरी क्लब कुल्लू ने आवारा कुत्तों के कल्याण व नसबंदी से जुड़े हरिपुर स्थित मनाली स्ट्रेज संस्था को अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार के माध्यम से एक बड़ा स्मार्ट टेलीजिन भेंट किया। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी कमलेश व साहिल आनंद ओर जिले के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शकुंतला वैद ने बताया कि पिछले एक दशक के दौरान जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीती में दिनों दिन बढ़ती श्वान संख्या को नियंत्रित करने के लिए सैकड़ों आवारा कुत्तों की नसबंदी करके वापस उनके स्थान पर छोड़ने के इलावा उनके उपयुक्त टीकाकरण व स्थानीय पशु चिकित्सा केंद्रों की सहायता से इलाज करते आ रहे हैं। जम्मू स्थित शेरे कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्री साइंस से संचालित अखिल भारतीय पशु चिकित्सा विद्यार्थी कल्याण संघ के इलावा देश के कई अन्य विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी इस संस्था में इंटर्नशिप करने आ रहे हैं। संस्था के इस सराहनीय प्रयास कि प्रशंसा करते हुए रोटरी क्लब कुल्लू की अध्यक्ष रोटरियन पूजा मलिक ने जानकारी दी कि प्रशासन ओर इस संस्था के द्वारा किए जा रहे नेक गतिविधियों व हर सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों में क्लब सदैव अग्रणी रहता आ रहा है।

# लाहौल घाटी में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** 33 केवी उच्च वोल्टेज बिजली सब-स्टेशन कारगा में आवश्यक रख-रखाव एवं शीतकालीन तैयारी के कार्य के चलते लाहुल घाटी के अधिकतर क्षेत्रों में रविवार को बिजली बंद रहेगी। वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड केलंग सूर्या शर्मा ने बताया कि 33 केवी उच्च वोल्टेज विद्युत सब-स्टेशन कारगा में आवश्यक रख-रखाव एवं शीतकालीन तैयारी के कार्य के चलते 26 अक्तूबर 2025 (रविवार) को प्रात: 10:00 बजे से सायं 2:30 बजे तक केलांग नगर, कारडांग, दारचा, जिस्पा, स्तिंगरी, तांदी, दालांग , गोंधला , मुलिंग, थोडलुंग, सुनाम, लोट, शाशुर एवं कोलोंग क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि इस अवधि में सहयोग प्रदान करें। विभाग को असुविधा के लिए खेद है तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आवश्यक कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाए।

# रोहतांग जा रहे हों, तो फोर व्हील ड्राइव वाहन को ही दें प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अगर आप कुल्लू मनाली आ रहे हैं और रोहतांग घूमने का प्लान बना रहे हैं तो यह खबर आपके लिए जरूरी है।

रोहतांग जाने के लिए फोर व्हील ड्राइव को ही प्राथमिकता दें। बर्फबारी के बाद रोहतांग दर्रे में पारा रात के समय माइनस पर पहुंच रहा है। ऐसे में फोर व्हील ड्राइव वाहन में ही सफर सुरक्षित है। दर्रे में सामान्य वाहनों के स्किड होने का खतरा बढ़ गया है। हालांकि लाहुल घाटी के अटल टनल रोहतांग, कोकसर व सिस्सु तक सामान्य वाहन आसानी से जा रहे है लेकिन दर्रे में फोर व्हील ड्राइव वाहनों में ही सफर सुरक्षित है। मनाली से 30 किमी दूर कोकसर से रोहतांग तक साहसिक खेलों की धूम मची है। अधिकतर पर्यटक मढ़ी से रोहतांग जा रहे है जबकि कुछ एक पर्यटक अटल टनल व कोकसर होकर रोहतांग का रुख कर रहे है। रोहतांग दर्रे में माउंटेन बाइक, स्नो स्कीइंग, स्नो स्कूटर, स्नो स्लेज, स्नो ट्यूब व घुड़सवारी का आनंद ले रहे है। रोहतांग दर्रे में हर रोज पर्यटकों की आमद बढ़ रही है। वीरवर को पांच सौ से अधिक पर्यटक वाहन रोहतांग की ओर रवाना हुए जबकि शुक्रवार को 11 बजे तक 400 परमिंट रोहतांग के लिए बुक हो गए हैं। कुछ एक छुटपुट पर्यटक लाहुल के जिसपा होकर बारालाचा व शिंकुला भी पहुंच रहे हैं।


पर्यटन नगरी मनाली में बढ़ी पर्यटकों की भीड़, मालरोड में चहलकदमी करते पर्यटक।

### होटलों में बढ़ी ऑक्यूपेंसी

**दिवाली** के बाद कुल्लू मनाली में पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गत दो दिन से होटलों में ऑक्यूपेंसी 50 प्रतिशत पहुंच गई है। सप्ताहांत में संख्या अधिक बढ़ने की उम्मीद है। शुक्रवार सुबह बाहरी राज्यों से मनाली 60 के लगभग लग्जरी बसें पहुंच गई है, जबकि छोटे पर्यटक वाहनों की आमद के भी बढ़ोतरी हुई है। मनाली के होटलों में दिवाली के बाद भी 25 से 30 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि सप्ताहांत में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में पर्यटकों का सैलाब उमड़ने की उम्मीद है।

> **रोहतांग** दर्रा पर्यटकों के लिए बहाल है। फिलहाल पर्यटकों के लिए फोर व्हील ड्राइव वाहनों में ही सफर सुरक्षित है। रोहतांग दर्रे में पर्यटक वाहनों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी।
> **केडी शर्मा**
> **डीएसपी मनाली।**

# उपभोक्ताओं को बैंक की योजनाओं संबंधी जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पंजाब नेशनल बैंक की शाखा मनाली की ओर उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस एकदिवसीय शिविर में उपभोक्ताओं को बैंक की योजनाओं संबंधी जानकारी दी गई। पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख डीजीएम सूरज दता बैंक संबंधी जानकारी साझा की। उन्होंने इस शिविर में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। इन शिविरों का उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, नई योजनाओं के तहत ग्राहकों को नामांकित करना और डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं के बारे में शिक्षित करना है। शिविर में जीडीपीएल कंपनी के प्रतिनिधि दीपेंदर सिंह ने भी अपने विचार रखे और पंजाब में बन रहे फ्लैट्स की ओर पीएनबी के ग्राहकों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि कुल्लू, मनाली के लोग पीएनबी की मदद से पंजाब में भी अपना आशियाना बना सकते हैं। पीएनबी के मंडी से आए पीएलपी हैंड ने भी बैंक की अनेक योजनाएं उपभोक्ताओं को बताई। पीएनबी मनाली शाखा में प्रबंधक अंकित ने कार्यशाला में आए सभी उपभोक्ताओं का आभार जताया।

# कुंगरी पंचायत के अप्पर भर गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, काजा**

- विधायक अनुराधा राणा के प्रयासों से क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्य

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की कुंगरी पंचायत के अप्पर भर गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार को आगाज हुआ।

युवक मंडल भर के द्वारा आयोजित की जा रही तीन दिवसीय इस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य छेवांग रिगजिन एवं ग्राम पंचायत कुंगरी के प्रधान दोरजे ने किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि छेवांग रिगजिन ने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलकूद में भाग लेने की अपील की और खेलों के माध्यम से स्वस्थ समाज निर्माण पर बल दिया। उन्होंने प्रतियोगिता के लिए 9,999 की सहायता राशि की घोषणा की, वहीं प्रधान दोरजे ने 10,000 की सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने विधायक अनुराधा राणा द्वारा क्षेत्र में करवाए जा रहे विकासात्मक कार्यों का उल्लेख किया। इसमें वर्षों से लंबित खर पुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, गुलिंग स्कूल का निर्माण 5.40 करोड़ की लागत से चल रहा है, जो अगले वर्ष तक पूरा हो जाएगा, सगनम नाले का तटीकरण 3.30 करोड़ की लागत से प्रगति पर है, मुद फारका पुल का कार्य भी जारी है और इसके लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया जाएगा। भर गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जा चुका है। कार्यक्रम में पूर्व बूथ अध्यक्ष भर छेरिंग अंगचुक तथा पिन घाटी यूथ अध्यक्ष नोरबू भी उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने आयोजन कर्ताओं का उन्हें आमंत्रित करने के लिए आभार जताया और खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने का अग्रज किया।

# ब्यास नदी की बाढ़ से क्षतिग्रस्त नग्गर पुल के पास सड़क की मरम्मत शुरू

## पुरानी कार्यप्रणाली पर स्थानीय लोग चिंतित, नग्गर पुल के पास सड़क मरम्मत कार्य शुरू

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** अगस्त माह में ब्यास नदी की भयंकर बाढ़ से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई नग्गर पुल के पास की सड़क को दुरुस्त करने का कार्य लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) ने शुरू कर दिया है।

विभाग ने शनिवार को सड़क के किनारे क्रेट वॉल (पत्थर के जालीदार पिंजरे वाली दीवार) का निर्माण कार्य आरंभ किया। यह कार्य नग्गर की ओर की सड़क को पुन: स्थापित करने और चौड़ा करने के लिए किया जा रहा है। हालांकि, विभाग द्वारा अपनाई जा रही कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी और चिंता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग इस महत्वपूर्ण स्थान पर एक बार फिर से उसी प्रकार की क्रेट वॉल लगा रहा है, जिसने अगस्त माह की बाढ़ के दौरान ब्यास नदी को कृत्रिम झील जैसा बना दिया था, जिसके परिणामस्वरूप दीवार पहले ही दिन नदी में समा गई थी। लोगों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है। नग्गर पुल के पास यह सड़क लगातार तीसरी बार बह गई है। पूर्व में 2018 और 2023 की भयंकर बाढ़ में भी इसी स्थान पर नग्गर की ओर की सड़क पुल के पास पूरी तरह से बह गई थी। इस स्थान पर ब्यास नदी का ढलान अभी भी इसी ओर है, इसलिए विभाग द्वारा बार-बार उसी पुरानी और असफल तरीके का इस्तेमाल करना भविष्य में 2025 जैसी ही विनाशकारी परिणाम को आमंत्रित कर सकता है, जहां नदी ने अप्रोच रोड को बुरी तरह काट दिया था।


क्षतिग्रस्त नग्गर पुल के पास सड़क मरम्मत कार्य में जुटी मशीनरी।

### क्रेट वॉल केवल अस्थायी समाधान

**इस** संबंध में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, केडी कश्यप ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि फिलहाल सड़क को चौड़ा करने के लिए क्रेट वॉल का निर्माण किया जा रहा है, जो एक अस्थायी समाधान है।

### स्थायी समाधान का आश्वासन

**केडी** कश्यप ने लोगों को भरोसा दिलाया कि विभाग अगले वर्ष बरसात से पहले इस स्थान को यातायात के लिए पूरी तरह से सुरक्षित व स्थायी रूप से मजबूत बना देगा, जिससे भविष्य में बाढ़ से होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

### बैली ब्रिज का प्रस्ताव व भूमि अधिग्रहण का प्रयास

**सहायक** अभियंता कश्यप ने आश्वस्त किया कि डीसी कुल्लू ने विभाग को इस महत्वपूर्ण स्थान पर बैली ब्रिज के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि विभाग की टीम बैली ब्रिज का प्रपोजल तैयार करने में जुट गई है। उन्होंने बताया कि समस्या का मुख्य कारण यह है कि नग्गर की ओर की भूमि निजी है, जिसके लिए प्रशासन भूमि अधिग्रहण करने का प्रयास कर रहा है।

# अखिलेश ने पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी गई


ताबो में भाजपा के बूथ परिचय कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

भारतीय जनता पार्टी लाहौल-स्पीति के जिला प्रभारी व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर की अध्यक्षता में शनिवार को ताबो और ग्यू बूथों में बूथ परिचय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करते हुए पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी गई और बूथ स्तर पर मजबूती के लिए चर्चा की गई। इस अवसर पर रवि ठाकुर ने कहा कि जनता से सीधा संवाद और धार्मिक स्थलों का आध्यात्मिक अनुभव, दोनों ही अविस्मरणीय रहे।

उन्होंने ताबो गोंपा के दर्शन किए और वहां की शांति एवं आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव प्राप्त किया। रवि ने कहा कि ताबो जैसे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थल क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान हैं, जिन्हें संरक्षित और प्रचारित करने की जरूरत है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रिगजिन, जिला महामंत्री राकेश, मंडल अध्यक्ष डेमडुल, माइनॉरिटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

> **लाहौल**-स्पीति के काजा बूथ की बैठक में सहभागिता करने का अवसर प्राप्त हुआ। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और बूथ स्तर पर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण चर्चा हुई।
> **रवि ठाकुर, पूर्व विधायक**
> **लाहौल-स्पीति।**

**निर्माण** ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन, टैक्सी यूनियन व व्यापार मंडल कर रहे हैं सहयोग

# मनाली बाईपास सड़क मार्ग निर्माण कार्य ने पकड़ी रफ्तार

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

**मनाली।** 25 अगस्त, 2025 को भारी बारिश और बाढ़ से क्षतिग्रस्त मनाली बाइपास सड़क निर्माण का कार्य जोर पकड़ने लगा है। अनंत ज्ञान ने बाईपास सड़क निर्माण कार्य कछुआ चाल से चल रहे कार्य के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद एनएचएआई हरकत में आया और अब मनाली बाईपास सड़क कार्य ने रफ्तार पकड़ी है। एनएचएआई दो महीने में वोल्वो बस स्टैंड से भूतनाथ तक महज दो किलोमीटर सड़क ठीक नहीं कर पाया, जिससे स्थानीय लोगों में भी रोष पनपने लगा था।

बाइपास सड़क ठीक न होने से वाहनों को मजबूरन पुलिस स्टेशन होते हुए भेजा जा रहा था, जिससे आईबैक्स चौक से फोरलेन पुल तक लगातार जाम लगा रहता है। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एनएचएआई की लेट लतीफी मनाली के पर्यटन व्यवसाय पर भारी पड़ती नजर आ रही है।


वोल्वो स्टैंड से भूतनाथ मंदिर हाइवे तक कार्य में जुटे।

### 26 अगस्त को बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुआ था हाइवे

**यह** हाइवे गत 26 अगस्त को क्षतिग्रस्त हो गया था। दो महीने बीतने के बाद भी सड़क तैयार नहीं हो पाई है। इस हाइवे के तैयार न होने से बाजार वाले बाई पास पर ट्रैफिक का दवाब बढ़ गया है। इस कारण सुबह शाम भारी ट्रैफिक जाम लग रहा है। एनएचएआई के कार्य की धीमी गति को देख मनाली के पर्यटन कारोबारी चिंतित है। ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन ने बात न बनती देख एनएचएआई के अधिकारियों से बातचीत की ओर कार्य को गति देने पर दवाब डाला। शनिवार को एसोसिएशन के सदस्य सुबह ही मौके पर पहुंच गए और काम कर रहे डोजर व टिपर चालकों का हौसला बढ़ाया। सदस्यों ने दिन भर खड़े रहकर अपनी ड्यूटी दी। टैक्सी यूनियन व व्यापार मंडल ने ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन का साथ दिया और काम कर रहे कर्मचारियों को खान पान की व्यवस्था की।

### एसोसिएशन ने जताया आभार

**ट्रैवल** एजेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष हीरा लाल व चेयरमैन बुद्धि प्रकाश ठाकुर ने कार्य को गति देने के लिए एनएचएआई का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज कार्य तेजी गति से हुआ है। ऐसी ही गति रही तो वोल्वो स्टेंड से भूतनाथ मंदिर तक हाइवे जल्द तैयार हो जाएगा। इस हाइवे के तैयार होने से बाजार में ट्रैफिक जाम की समस्या भी नहीं रहेगी। बुद्धि प्रकाश ने सहयोग देने के लिए टैक्सी यूनियन व व्यापार मंडल का भी आभार जताया। हीरा लाल ने कहा कि उन्होंने एसडीएम मनाली व जिला प्रशासन से मिलकर एनएचएआई के सुस्त कार्य पर चिंता जताई थी। उन्होंने जिला प्रशासन का आभार जताया कि प्रशासन के निर्देश के बाद एनएचएआई के उच्च अधिकारी भी शनिवार को मनाली आए थे और उन्होंने कार्य का जायजा लिया।

### ट्रैवल ऐजेंट एसोसिएशन ने संभाला मोर्चा

अब ट्रैवल ऐजेंट एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश ने मनाली के वोल्वो स्टैंड भूतनाथ मंदिर हाइवे में मोर्चा संभाल लिया है। एसोसिएशन के सदस्य एनएचएआई का मनोबल बढ़ाने मौके पर पहुंच गए। एनएचएआई ने शनिवार को अपने कार्य को गति दे दी है। दस टीपर व छह मशीनें मौके पर काम करने में जुटी हुई हैं। कार्य की गति ऐसी ही रही, तो वोल्वो स्टैंड से भूतनाथ मंदिर तक सड़क जल्द तैयार हो जाएगी।

# छोटे होटलों के लिए गले का फांस बनी अग्निशमन विभाग की एनओसी: रोशन

**अनंत ज्ञान, मनाली**

- कहा- धारा 118 हिमाचल को धना सेठों के हाथों बेचने की साजिश

होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार के फरमान पर्यटन व्यवसाय पर भारी पड़ने लगे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का अगर यही रवैया रहा तो मनाली के कई छोटे होटल बंद हो जाएंगे। ठाकुर ने कहा कि अग्निशमन विभाग की औपचारिकताएं पूरी करना छोटे होटल व्यवसायियों के बस में नहीं है।



अग्निशमन यंत्र स्थापित करने के लिए डेढ़ लाख लीटर पानी का भंडारण तल पर तथा 20 हजार लीटर भवन के ऊपरी मंजिल पर स्थापित करना होगा। तल पर डेढ़ लाख लीटर जल भंडारण के लिए पांच हजार लीटर के तीस टैंक तथा छत पर तीन टैंक स्थापित करने पड़ेंगे। यह पानी स्टोरेज ही रखना होगा। उन्होंने कहा कि नए बन रहे होटलों के लिए यह फरमान कुछ हद तक ठीक है, लेकिन पुराने छोटे होटलों के लिए यह मुसीबत बन गया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस पर गंभीरता से सोचे और छोटे होटलों को अग्निशमन विभाग के एनओसी पर पूरी तरह छूट दे। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर प्रदेश सरकार धारा 118 के सरलीकर्ण की बात कर रही है, जो कि पूरी तरह से न्याय संगत नहीं है।

धारा 118 में छूट देकर सरकार हिमाचल को धना सेठों के हाथों बेचने की साजिश कर रही है। इससे प्रदेश के लोगों को नुकसान होगा, जबकि बाहरी उद्योगपतियों का प्रदेश में कब्जा हो जाएगा। रोशन ठाकुर ने एनएचएआई के कार्य पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि दो महीने बीत जाने के बाद भी एनएचएआई वोल्वो स्टैंड से भूतनाथ मंदिर तक हाइवे तैयार नहीं कर पाया है। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को चेताया कि अगर सड़क जल्द तैयार नहीं की तो पर्यटन कारोबारी सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।

# बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के तीन करोड़ 50 लाख का डिफाल्टर गिरफ्तार

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के ऋण डिफाल्टरों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने शनिवार को करीब साढ़े तीन करोड़ के देनदार एक डिफाल्टर को गिरफ्तार कर कोर्ट ऑफ कलेक्टर-कम-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन के समक्ष पेश किया। बैंक का ऋण न चुकाने के मामले में यह दूसरी गिरफ्तारी है।

इसके अलावा एक अन्य डिफाल्टर ने कोर्ट में सरेंडर कर ऋण चुकाने की बात मानी है। जानकारी के मुताबिक रविंदर नाथ द्वारा बघाट बैंक सोलन से व्यापारिक उदेश्य के लिए ऋण लिया था, लेकिन वह उक्त ऋण को तय सीमा के भीतर वापिस करने में नाकाम रहा जिस पर उसे बघाट बैंक सोलन द्वारा डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया था जिसकी ब्याज सहित कुल देनदारी 3,49,26,957 रुपए बनती है। उक्त देनदारी को न चुकाने पर रविंदर नाथ के विरुद्ध सह सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन कोर्ट में लोन रिकवरी का मामला चल रहा है और रविंदर नाथ को उक्त कोर्ट द्वारा बार-2 नोटिस दिए जा रहे थे परन्तु यह कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था जिस कोर्ट ऑफ कलेक्टर-कम-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन द्वारा इसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

पुलिस ने कोर्ट के आदेश की अनुपालना करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी/ डिफॉल्टर रविंदर नाथ पुत्र भगत राम निवासी गांव व डाकखाना बीशा तहसील कंडाघाट, जिला सोलन उम्र 71 वर्ष को पुलिस थाना कंडाघाट की टीम द्वारा गिरफतार किया गया जिसे सहायक पंजीयक सभायें सोलन के कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस के ताबड़तोड़ एक्शन से अन्य डिफाल्टरों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं कोर्ट ऑफ कलेक्टर-कम-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां ने 10 नए डिफाल्टरों की सूची पुलिस को सौंपी है। जिनकी गिरफ्तारी भी तय मानी जा रही है। सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं डिफाल्टरों के खिलाफ गिरफ्तारी के वारंट जारी किए हैं। इसके अलावा 16 ऐसे डिफाल्टरों की फाइल को शॉर्टलिस्ट किया है। जो रिकवरी में बिल्कुल भी सहयोग नहीं कर रहे हैं और बैंक के करोड़ों रुपए के ऋण पर कुंडली मार कर बैठे हुए हैं। एआरसीएस की अदालत ने पिछले सप्ताह भी 12 ऋण डिफाल्टर को गिरफ्तार करने का वारंट जारी किया था। इसमें दो की ही गिरफ्तारी संभव हुई है जबकि अन्य भूमिगत हो गए हैं। वे पुलिस के हाथ नहीं चढ़ रहे हैं। बैंक का 138 करोड़ रुपए का ऋण एन.पी.ए. हो चुका है। बैंक की मानें तो वर्ष 2022 में यह 322 करोड़ रुपए था, जिसमें से 184 करोड़ रुपए की रिकवरी हो चुकी है लेकिन इसमें से 138 करोड़ रुपए 499 ऋण धारकों के पास फंस गए हैं। वे पिछले कई वर्षों से ऋण का भुगतान नहीं कर रहे हैं। यही कारण है कि बैंक की एन.पी.ए. दर 13 फीसदी से अधिक हो गई है। अब नए डिफाल्टरों के गिरफ्तारी के वारंट जारी हो गए हैं, अब देखना यह है कि पुलिस कब तक इन ऋण डिफाल्टरों को गिरफ्तार करने में कामयाब होती है।


गिरफ्तार डिफाल्टर पुलिस की गिरफ्त में।

**सहायक** पंजीयक सहकारी सभाएं गिरीश नड्डा ने बताया कि बैंक के 16 ऋण डिफाल्टर की फाइलें शॉर्टलिस्ट की गई हैं। इसमें से अभी 10 ऋण डिफाल्टर को गिरफ्तार करने के आदेश जारी किए गए हैं। इससे पूर्व भी 12 ऋण डिफाल्टर को गिरफ्तार करने के आदेश जारी किए गए थे।

### खाताधारकों के फंसे हैं 470 करोड़ रुपए

**आरबीआई** बघाट बैंक की एनपीए की रिकवरी को लेकर संतुष्ट नहीं था। यह रिकवरी के अनुसार नहीं थी। यही कारण आर.बी. आई. के निर्धारित मानकों रहा कि आरबीआई ने बघाट बैंक में 10 हजार रुपए से अधिक पैसे की निकासी पर रोक लगा दी। यह रोक 6 महीने के लिए लगाई गई है। इसके कारण बैंक के 80 हजार खाताधारकों के 470 करोड़ रुपए और 11 हजार शेयर होल्डर के 22 करोड़ रुपए फंस गए हैं। खाताधारक अपने जमा पैसे की सुरक्षा को लेकर अब चिंतित हो गए हैं। आरबीआई ने वर्ष 2021 में बैंक पर लोन देने पर रोक लगा दी थी। इसके बाद से बैंक में खाताधारक केवल पैसा ही जमा कर रहे थे। अब उस पर भी रोक लग गई है।

## अर्की बना सीबीएसई का दर्जा प्राप्त करने वाला सोलन का प्रथम विद्यालय

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** प्रथम चरण में प्रदेश सरकार द्वारा 100 स्कूलों को अपग्रेड करके सीबीएसई का दर्जा प्राप्त करने वाला राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्र अर्की ,सोलन का प्रथम विद्यालय बन गया। प्रदेश सरकार द्वारा जारी 100 सरकारी स्कूलों की सीबीएसई प्रक्रिया पूरा करते हुए विद्यालय ने यह उपलब्धि हासिल की है। इससे विद्यालय स्टाफ और बच्चों में काफी उत्साह है। शनिवार को विद्यालय प्रबंधन को सीबीएसई से मान्यता हासिल होने की सूचना प्राप्त हुई। वर्ष 2026 में नया शैक्षणिक सत्र आरंभ होते ही विद्यालय में बाल-वाटिका से विद्यार्थियों को सीबीएसई बोर्ड के तहत दाखिला मिलेगा तथा छात्र-छात्राएं सीबीएसई पाठ्यक्रम से पढ़ाई करेंगे। विद्यालय प्रधानाचार्य राजकुमार गौतम ने बताया कि उक्त विद्यालय को सरकार द्वारा पहले ही राजीव गांधी डे बोर्डिंग विद्यालय घोषित किया जा चुका है तथा विद्यालय के लिए जगह का चयन भी लगभग तय हो गया है । उन्होंने मुख्यमंत्री तथा स्थानीय विधायक संजय अवस्थी को इसका श्रेय दिया है।

## कुश्ती-दंगल भारत का सबसे पुराना व ऐतिहासिक खेल : आर्या


दंगल प्रतियोगिता में मुख्यातिथि पहुंचे समाजसेवी एवं युवा नेता ओम आर्या।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

परमाणु शहर के सेक्टर-5 में ग्राम सुधार कमेटी अम्बोटा द्वारा आयोजित मेले में विशाल दंगल का आयोजन किया गया जिसमें समाजसेवी एवं युवा नेता ओम आर्या ने मुख्यातिथि शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि कुश्ती-दंगल भारत का सबसे पुराना एवं ऐतिहासिक खेल है, जो संयम व ताकत का खेल है।

भारत देश पुराने समय से ही पहलवानों का देश रहा है, जहां पर गामा पहलवान जो कि हमेशा अजय रहे, दारा सिंह जिन्होंने 500 कुश्ती के मैच खेले और सभी में विजय रहे। उन्होंने कहा अब यह एक पेशेवर खेल के रूप में उभरा है। केडी जाधव, अलका तोमर, सुशील कुमार, गीता फोगाट, बजरंग पूनिया ऐसे बहुत से नाम है जिन्होंने कुश्ती में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को पहचान दिलाई है। इस खेल को और आगे ले जाने के लिए ग्रामीण स्तर पर दंगल प्रतियोगिताओं का आयोजन बहुत जरूरी है। इस मौके पर शहर के कई गणमान्य व्यक्ति और मेला कमेटी के सदस्य, बलदेव ठाकुर, हैप्पी ठाकुर, रमेश ठाकुर, निर्मल ठाकुर एवं सभी वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### एमएमयू में अब हृदय रोगों का भी होगा उपचार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महर्षि मार्कंडेश्वर यूनिवर्सिटी कुमारहट्टी, सोलन के रजिस्ट्रार अजय सिंगल ने बताया कि एमएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का कार्डियोलॉजी विभाग सोलन और सिरमौर जिलों के साथ-साथ पूरे देश-प्रदेश में हृदय रोगों के उपचार के क्षेत्र में नई आशा की किरण बनकर उभरा है। लंबे समय तक आसपास के जिलों के मरीजों को हृदय संबंधी बीमारियों के उपचार हेतु चंडीगढ़ या शिमला का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की भारी बर्बादी होती थी तथा कई बार मरीजों की जान भी जोखिम में पड़ जाती थी। अब एमएमयू में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त और विशेषज्ञ चिकित्सकों से सुसज्जित कार्डियोलॉजी विभाग की स्थापना से यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो गई है। विभाग का नेतृत्व डॉ. शशांक पांडे कर रहे हैं, जो संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ से एमडी एवं डीएम कार्डियोलॉजी हैं। उनके साथ डॉ. सीबी पांडे, डीएम कार्डियोलॉजी, भी विभाग को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप विभाग चौबीसों घंटे मरीजों की सेवा में तत्पर है।

### भाजपा की वरिष्ठ पार्षद का बीमारी के बाद निधन

**अनंत ज्ञान नाहन।** शहर की हर दिल अजीज बीजेपी की नगर परिषद में सीनियर पार्षद मधु अत्री का शनिवार तड़के निधन हो गया। मधु अत्री कई सालों से केंसर से पीड़ित थी। शनिवार की सुबह तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। ईलाज के दौरान अत्री ने दम तोड़ दिया। वार्ड नं. 5 से लगातार 5 बार बीजेपी की पार्षद चुनी गईं स्वर्गीय मधु अत्री ने अपने व्यवहार व काम काज के बलबूते पर लोगों के दिलों में जगह बनाई तो शहर के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई।

### शिक्षा मंत्री 29 को सिरमौर जिले के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा मंत्री 29 अक्तूबर को प्रातः 10.30 बजे राजगढ़ की ग्राम पंचायत डिंबर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनोग में नव निर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे तथा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसके उपरांत शिक्षा मंत्री जन समस्याओं का निराकरण करेंगे।

### जिला परिषद सोलन की त्रैमासिक बैठक 29 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला परिषद सोलन की त्रैमासिक बैठक 29 अक्तूबर को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला परिषद सोलन के सचिव जोगिंद्र प्रकाश राणा ने दी। उन्होंने कहा कि यह बैठक 29 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे जिला परिषद भवन सपरुन के बैठक कक्ष में आयोजित होगी।

### संगीत तनाव के लिए सर्वोत्तम औषधि : डॉ. राजिंदर

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** कलगीधर ट्रस्ट बडू साहिब ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य को समर्पित ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यक्रमों और गतिविधियों की एक सप्ताह लंबी श्रृंखला शुरू की। प्रसिद्ध अनुभवी मनोचिकित्सक और अकाल ड्रग डी-एडिक्शन सेंटर के निदेशक डॉ. (कर्नल) राजिंदर सिंह ने आज के कार्यक्रम का उद्घाटन किया, जो मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को कम करने में संगीत की चिकित्सीय भूमिका के लिए समर्पित था। उन्होंने संगीत के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे संगीत तनाव, चिंता और अवसाद से मुक्ति दिलाकर व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. (कर्नल) राजिंदर सिंह ने याद दिलाया कि संगीत इतिहास का अभिन्न अंग है और आध्यात्मिकता के लिए महान संतों और गुरुओं द्वारा इसका अभ्यास और प्रदर्शन सर्वविदित है। उन्होंने कहा कि मानव मस्तिष्क पर रबाब और हारमोनियम के तुलनात्मक लाभकारी प्रभाव का पता लगाने के लिए बडू साहिब में शोध भी चल रहा है। प्रसिद्ध संगीत विशेषज्ञ, पंजाब विश्वविद्यालय के संगीत विभाग की पूर्व अध्यक्षा डॉ. पंकज माला शर्मा और हरियाणा से एक अनुभवी संगीत और ध्वनि अभिव्यक्ति चिकित्सक सुश्री आस्था लूथरा सत्र में शामिल हुए और एक थेरेपी के रूप में मूड और उत्साह के उत्थान के लिए उपयोग किए जाने वाले संगीत के विभिन्न पहलुओं और विशेषताओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों में कलगीधर ट्रस्ट द्वारा संचालित लगभग 120 अकाल अकादमियों के लगभग 15,000 किशोर छात्रों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त चंडीगढ़, हिमाचल, और हरियाणा के विभिन्न स्कूलों के किशोर छात्रों तथा शिक्षक, शिक्षिकाओं ने भी आज के कार्यक्रम मे भाग लिया।

### टैक्सी से जा रहे व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** ईएसआई अस्पताल परमाणु से पुलिस थाना परवाणू में सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस के मुताबिक उक्त व्यक्ति की पहचान कपिल देव पुत्र स्व0 शम्भु सिंह निवासी खेड़ा सीता राम कालका जिला पंचकूला हरियाणा उम्र 65 वर्ष के रूप में हुई। एसपी सोलन गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक मौका पर मौजूद व्यक्ति के सामने मृतक के शव का पुलिस टीम द्वारा गहनता से निरीक्षण किया गया परन्तु निरीक्षण के दौरान उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट/खरोच के निशान न पाए गए। जांच पर पाया गया कि 24 अक्तूबर को मृतक प्रातः के समय कमेटी चौक कालका से टैक्सी वैन में बैठकर परमाणु के लिए आ रहा था जो रास्ता में पुरोलेटर चौक के पास उसके सीने/ छाती में काफी जोर का दर्द होने लगा जिसे टैक्सी चालक उपचार हेतु ईएसआई अस्पताल परवाणू ले गया, लेकिन वहां चिकित्सक द्वारा चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का पोस्टमार्टम ईएसआई अस्पताल परवाणू में करवाकर विसरा प्रीजर्व करवाया गया जिसे रासायनिक परीक्षण हेतू राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला जुन्गा भेजा जा रहा है। अभी तक की जांच व चिकित्सक की राय के अनुसार मृतक की मृत्यु दिल का दौरा पड़ने के कारण हुई है। अभी तक की जांच पर मृतक के परिजनों व अन्य लोगों ने किसी भी प्रकार का शक जुबा जाहिर न किया है फिर भी मामले में जांच जारी है। मृतक के शव को अंतिम दाह संस्कार हेतू उसके परिजनों के हवाले किया गया। मामले में धारा 194 बीएनएसएस, 2023 के अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### धर्मपुर में ड्राइविंग टेस्ट का आयोजन

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** कसौली उपमंडल के तहत वाहन चालकों के लिए शनिवार को ड्राइविंग टेस्ट का आयोजन धर्मपुर स्कूल मैदान में किया गया। एसडीएम कसौली महेंद्र प्रताप विशेष रूप से उपस्थित रहे। जबकि एमवीआई सोलन जतिन ने मोटर अधिनियम के तहत फोर वीलर व टू वीलर चालकों के बारी-बारी टेस्ट लिए।

## भाजपा किसान मोर्चा ग्रामीण मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ग्रामीण मंडल सोलन के अध्यक्ष राजेश कुमार ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोलन से चर्चा उपरांत ग्रामीण मंडल किसान मोर्चा सोलन के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की है। कार्यकारिणी में राजेश ठाकुर, यादविंद्र, जसवंत कंवर, ओम प्रकाश को उपाध्यक्ष, राजेश ठाकुर, तनुज शर्मा को महामंत्री, गणेश सिंह, बलवीर मेहता, विनोद शर्मा, चन्द्रकांत शर्मा को सचिव, प्रवीण ठाकुर को कोषाध्यक्ष, भूपेंद्र शर्मा को प्रवक्ता, देवेंद्र ठाकुर को मीडिया प्रभारी और मृदुल शर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में राकेश कुमार सुरेश कुमार, रमेश शर्मा, सुनील कुमार, बलदेव सिंह, रोहित ठाकुर को शामिल किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि सभी नवनियुक्तियां प्रभाव से लागू की गई है।



## नाहन से माजरा तक सड़कों की मरम्मत जल्द होगी शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन**

**अधीक्षण अभियंता रतन कुमार ने सड़कों की स्थिति की समीक्षा की**

सिरमौर जिले में नाहन से माजरा तक राष्ट्रीय राजमार्ग की जर्जर सड़कों की मरम्मत जल्द शुरू होने जा रही है।

अधीक्षण अभियंता रतन कुमार ने पांवटा साहिब दौरे के दौरान सड़कों की स्थिति की समीक्षा की और मरम्मत कार्य को तेज करने के निर्देश दिए हैं। एनएच अधीक्षण अभियंता रतन कुमार ने बताया कि पांवटा साहिब से बाता पुल तक एनएच की मरम्मत पूरी कर ली गई है, लेकिन नाहन से मारकंडा पुल और धौलाकुआं से माजरा तक की सड़कें अभी भी खस्ताहाल हैं। इन मार्गों पर यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने एक्सेक्यूटिव इंजीनियर राकेश खंडूजा को तुरंत पैचवर्क शुरू करने के निर्देश दिए। खंडूजा ने आश्वासन दिया कि दो से तीन दिनों के भीतर काम शुरू कर दिया जाएगा और सड़क को जल्द दुरुस्त किया जाएगा।

रतन कुमार ने बताया कि मोगीनंद के आसपास लगभग 5 किलोमीटर सड़क की मरम्मत का प्रस्ताव केंद्रीय मंत्रालय को भेजा गया है, जिसकी स्वीकृति मिलते ही नवंबर में काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण मेंटेनेंस में देरी हुई थी, लेकिन अब मौसम स्थिर होने पर राजमार्गों को सुधारने का कार्य तेज गति से किया जाएगा।

## गीत-संगीत से आपदा से निपटने के उपाय बताए

**अनंत ज्ञान, सोलन**

समर्थ कार्यक्रम के तहत आज सोलन ज़िला में सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से सम्बद्ध कलाकारों द्वारा गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को आपदा से निपटने के उपायों के बारे में जागरूक किया गया।

सुनीता सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलन के छात्रों को अवगत करवाया गया कि भूकम्प, भूस्खलन, बाढ़ आदि आपदाएं अचानक से ही आती हैं। इन आपदाओं को रोका तो नहीं जा सकता परन्तु इनसे बचने के इंतजाम पहले से ही किए जा सकते हैं। उपायों के माध्यम से जानो-माल के नुकसान को न्यून किया जा सकता है। कलाकारों ने नया बस अड्डा सोलन में उपस्थित लोगों को जानकारी दी कि हिमाचल आपदा की दृष्टि से एक संवेदनशील राज्य है। जहां पर वर्षा, भूकम्प, बाढ़, जमीन धंसने की घटनाओं की संभावना अधिक रहती है। इससे बचाव के लिए जानकारी होना आवश्यक है।

सप्तक कला मंच के कलाकारों द्वारा कण्डाघाट विकास खण्ड के चायल बाज़ार व कण्डाघाट बाज़ार में गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को आपदा के समय बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवगत करवाया कि किसी भी प्रकार की आपदा में संयम के साथ कार्य करना चाहिए। लोगों को बताया गया कि ऐसी परिस्थिति में घबराहट में भगदड़ न मचाकर एक-दूसरे की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सबसे पहले सहायता के लिए 1077 टोल फ्री नंबर पर जानकारी देनी चाहिए। कलाकारों ने लोगों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं के समय बचाव के उपायों की जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर लोगों को हिमाचल प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई प्रचार सामग्री वितरित की गई।


कलाकार लोगों को आपदा से निपटने के उपायों के बारे में जागरूक करते हुए।

## आंखों के ऑपरेशन के लिए 30 रोगी चायल से चंडीगढ़ रवाना

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**



**कंडाघाट।** समाजसेवी नरेश गांधी ने विगत दिनों चायल में आंखों का निशुल्क चेकअप कैंप लगाया।

इसमें 30 रोगियों को आंखों के ऑपरेशन की सलाह दी गई थी। मौसम अनुकूल होने के बाद शनिवार को यह सभी रोगी चंडीगढ़ को रवाना हुए। इन सभी रोगियों को आने - जाने और ठहरने की निशुल्क व्यवस्था की गई है। इस कैम्प के आयोजक समाज सेवी नरेश गांधी अपने पिता जीआर गांधी की स्मृति में चायल क्षेत्र में जिला सोलन और शिमला के लोगों के लिए कई कैम्प लगा चुके है। इसमें 500 लोगों की जांच की है। सभी को निशुल्क दवाईयां दी गई। आज चंडीगढ़ रवाना हुए रोगियों सहित करीब 80 के ऑपरेशन किए गए और 220 लोगों को नज़र के चश्मे दिए जा चुके हैं। गांधी ने रोगियों के दल को ऑपरेशन के लिए चंडीगढ़ ले जाते समय पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह सामाजिक कार्य वह अपने पिता की स्मृति में करते रहे है। कोई भी व्यक्ति साधनों की कमी के कारण कोई अपनी नज़र ख़राब न करें उनका ऐसा प्रयास रहता है। उन्होंने कहा ज़ेपी अस्पताल मोहाली माहिर डॉक्टर संजय मिश्रा, डॉ जतिन्दर सिंह, हरप्रीत, मुनीश, डॉली, विनोद और उनका सक्षम स्टॉफ रोगियों की जांच और ईलाज करते है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने ने कहा कि चंडीगढ़ में ऑपरेशन के बाद मरीजों को चायल तक छोड़ने की सुविधा भी निशुल्क है। इसके लिए गाड़ी की व्यवस्था पहले ही की जाती है।

## अंडर-17 कबड्डी प्रतियोगिता में हरोली की टीम बनी विजेता

**अनंत ज्ञान, अर्की**



ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग के गांव कोटला में जागृति युवक मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की भांति दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य रूप से अंडर 17 वी अंडर-19 कबड्डी व ओपन वॉलीबॉल के मैच करवाए गए जिसमें लगभग 15-15 टीमों ने भाग लिया अंडर 17 कबड्डी में हरोली की टीम विजेता रही व शीतला माता क्लब बिलासपुर उपविजेता रही। अंडर-19 कबड्डी में विजेता हिम अकैडमी बिलासपुर रही व उपविजेता बसला की टीम रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता दाडला की टीम रही व उपविजेता स्थानीय ढूंढन की टीम रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नया सवेरा जन कल्याण समिति अर्की के अध्यक्ष अधिवक्ता भीम सिंह ठाकुर व विशेष अतिथि के तौर पर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सतीश कुमार शामिल हुए। उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व सम्मान राशि के साथ सम्मानित किया। भीम सिंह ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी व युवाओं को स्थानीय लोगों द्वारा की गई पहल में सहयोग हेतु धन्यवाद किया व कहां की इस तरह के आयोजनों से समाज में एकता व भाईचारे को बढ़ावा मिलता है साथ ही सतीश कुमार ने सभी खिलाड़ियों व युवाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु खेलकूद गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी। इस मौके पर जागृति युवक मंडल पदाधिकारी, पंचायत समिति के सदस्य, पंचायत सदस्य, अधिवक्ता रजत कुमार, आदि शामिल रहे।

## माल रोड पर पार्किंग स्थल पर लगा दिया नो पार्किंग का बोर्ड, एसपी से की शिकायत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर के मॉल रोड पर कुछ अरसे पहले पार्किंग स्लॉट में नो पार्किंग का बोर्ड लगा देने की शिकायत एसपी सिरमौर से की गई है।

शिकायत में कहा गया कि यह बोर्ड पीडब्ल्यूडी महकमे ने बदला था। मॉल रोड पर यह बोर्ड बदलने से भ्रम की स्थिति पैदा हुई कि नो पार्किंग को पार्किंग में बदला गया है। क्योंकि वर्तमान में एक बार फिर पार्किंग का बोर्ड लगाया गया है। गौरतलब है कि वर्ष 2006 में डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट के शहर में घोषित परकी सॉल्ट्स में यहां मॉल रोड़ पर अनुराग स्टूडियो के नजदीक 4-5 लाइट व्हीकल, 10 टू व्हीलर पार्क किए जा सकते हैं। उधर, रोड सेफ्टी क्लब के लीगल एडवाइजर एडवोकेट शकील अहमद ने बताया कि मॉल रोड पर पार्किंग सॉल्ट में पीडब्ल्यूडी महकमे द्वारा नो पार्किंग का बोर्ड लगा देने की शिकायत एसपी सिरमौर को लिखित रूप से की गई है। उन्होंने ने बताया कि वर्ष 2006 में डीएम सिरमौर द्वारा जारी पार्किंग स्लॉट्स की अधिसूचना में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह अधिसूचना यथावत है। उन्होंने में कहा कि आसपास के कुछ लोग इसकी मुद्दा बना रहे हैं, जो कि सही नहीं है। मॉल रोड के इस पार्किंग सॉल्ट् में 4-5 लाइट व्हीकल व 10 टू व्हीलर पार्क करने की अनुमति है।

**सराहनीय** हिमाचल की 30 विभूतियां विभिन्न क्षेत्रों में अविस्मरणीय योगदान के लिए सम्मानित

## गंदगी के खिलाफ जंग लड़ने वाले सौरव ठाकुर को 'हिमाचल आइकॉन अवार्ड'

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**बद्दी।** पिछले 17 सालों से प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन समेत हिमाचल को साफ रखने में अविस्मरणीय योगदान निभाने वाले टारगेट ग्रीन जोन के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरव ठाकुर को हिमाचल आईकॉन अवार्ड से नवाजा गया है।

सोलन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि कर्नल धनीराम शांडिल द्वारा यह सम्मान सौरव ठाकुर को दिया गया। कार्यक्रम में सफाई, शिक्षा, साहित्य, चिकित्सा समेत अन्य क्षेत्रों में अहम योगदान निभाने वाली 30 विभूतियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पदमश्री विद्यानंद सरैक, सिरमौरी संस्कृति को पहचान दिलाने वाले डॉक्टर जोगिंद्र हब्बी, होम्योपैथी डॉक्टर अमित दवास समेत अन्य कई शख्सियतों को सम्मानित किया गया। वर्ष 2008 से औद्योगिक नगरी बीबीएन में टारगेट ग्रीन जोन के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरव ठाकुर ने कदम रखा और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर काम शुरू किया। औद्योगिक नगरी बद्दी को साफ रखना और कूड़े का सही तरीके से निष्पादन करना एक बड़ा चैलेंज था और इस चैलेंज को स्वीकार करते हुए उन्होंने नगर परिषद बद्दी और नालागढ़ में काम शुरू किया। अपनी टीम के साथ सभी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए उन्होंने बीबीएन से शुरुआत करते हुए प्रदेश भर में अपने काम और योजनाओं के दम पर पहचान बनाई। उन्होंने नगर निकायों हमीरपुर, मंडी, सुंदरनगर, अर्की, नाहन, सुन्नी को साफ रखने और इन क्षेत्रों की गंदगी को एकत्रित करवा सही तरीके से निष्पादन में अहम भूमिका निभाई। आम व्यक्ति के लिए अपने घर और अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखना एक चुनौती बन जाता है ऐसे में किसी शहर व प्रदेश की गंदगी को साफ कर उसका सही निष्पादन करना किसी चुनौती से कम नहीं रहता। मौजूद समय में टारगेट ग्रीन जोन के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरव ठाकुर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षा, पौधरोपण अभियान, रक्तदान शिविरों और सामाजिक कार्यों में अपना अहम योगदान दे रहे हैं। सौरव ठाकुर को हिमाचल आईकॉन अवार्ड से सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल व पदमश्री विद्यानंद सरैक ने उनकी पीठ थपथपाई और उन्होंने भविष्य में इसी शिदत के साथ काम करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।


टारगेट ग्रीन जोन के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरव ठाकुर को हिमाचल आईकॉन अवॉर्ड से सम्मानित करते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल व अन्य।

## अंबुजा फाउंडेशन की प्रदेश में सतत कृषि, जल सुरक्षा में उल्लेखनीय उपलब्धियां

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

नाबार्ड के सहयोग से कार्यरत स्वतंत्र सामाजिक विकास संगठन अंबुजा फाउंडेशन ने हिमाचल प्रदेश में सतत कृषि, जल सुरक्षा और ग्रामीण आर्थिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2012 से फाउंडेशन की पहलों से दाड़लाघाट और नालागढ़ क्षेत्र के 167 गांवों के लगभग 9700 किसान लाभान्वित हुए हैं, जिससे सीमांत कृषकों और ग्रामीण परिवारों की आजीविका में सुधार हुआ है।

हिमाचल प्रदेश के सोलन में नाबार्ड के सहयोग से चल रही जलधाम और जलवायु परिवर्तन परियोजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन डेलॉइट द्वारा किया गया। अध्ययन में पाया गया कि परियोजना क्षेत्र में 8200 वर्ग मीटर से अधिक जल सतह का विस्तार हुआ है। जल संचयन संरचनाओं के कारण जल सुरक्षा, मिट्टी की नमी और जल विज्ञान में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। अंबुजा फाउंडेशन की सीईओ पर्ल तिवारी ने कहा कि फाउंडेशन की सफलता का आधार सामुदायिक सहभागिता दृष्टिकोण है, जिसमें स्थानीय लोगों को निर्णय लेने और परियोजना प्रबंधन में शामिल किया जाता है। यह सक्रिय भागीदारी इन पहलों की दीर्घकालिक सफलता की कुंजी है। जलधाम परियोजनाओं से किसानों की सकल आय में 59 से 137 प्रतिशत तक और जलवायु परिवर्तन पहलों से 54 से 84 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। पारंपरिक सिंचाई चैनलों (कुहलों) की बहाली और 27 सूखे झरनों के पुनर्जीवन से जल प्रबंधन में सुधार आया है। वर्ष 2012 से अब तक फाउंडेशन ने 55 चेकडैम, 90 रिसाव तालाब, 183 वर्षा जल संचयन संरचनाएं, 152 कृषि तालाब और 52 जल भंडारण टैंक तैयार किए हैं, जिनसे 9055 कृषक परिवारों सहित 41571 व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं। फसल विविधीकरण को बढ़ावा देते हुए किसान अब सेब और उच्च मूल्य वाली सब्जियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस दिशा में गठित 3 किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) और 2 डेयरी सहकारी समितियां अहम भूमिका निभा रही हैं, जिनसे 1714 किसान, जिनमें 823 महिलाएं शामिल हैं, जुड़े हैं। वर्ष 2015 में 60 सदस्यों से शुरू हुए ये एफपीओ अब 376.50 लाख रुपये के वार्षिक कारोबार तक पहुंच चुके हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने पकड़ा लाखों का नशीला पदार्थ

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने शनिवार को एक नशा तस्कर को काबू करके उसके कब्जे से लाखों रुपए का नशीला पदार्थ एमडीएमए पकड़ा। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने शनिवार को बताया कि आरोपी को द्वारका एक्सप्रेस-वे पर हरसरू चौक के पास से काबू किया गया है। थाना सेक्टर-10 क्षेत्र में गश्त के दौरान एसआई सुरेंद्र और उनकी टीम को मुखबिर से तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने रणनीतिक ढंग से संदिग्ध को पकड़ने की तैयारी की। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हरसरू चौक के निकट से काबू किया। आरोपी की पहचान सचिन पुत्र नरेश के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 13.05 ग्राम नशीला पदार्थ एमडीएमए और एक कार को बरामद किया गया है। यह कार्रवाई निरीक्षक संदीप की टीम द्वारा की गई। कानूनी औपचारिकता पूरी करते हुए आरोपी की तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से 13.05 ग्राम एमडीएमए बरामद हुआ जिसकी कीमत अवैध मार्केट मे कई लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी के पास से मिली कार को पुलिस द्वारा कब्जे में ले लिया गया है। उसके खिलाफ थाना सेक्टर-10 गुरुग्राम में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ करके नशा तस्करी नेटवर्क और उससे जुड़े अन्य अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### पानीपत में कंटेनर से टकराया कैंटर चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत के समालखा में शनिवार सुबह हुए सड़क हादसे में कैंटर चालक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब एक कैंटर जीटी रोड के किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के बरका गांव निवासी 37 वर्षीय हरिशंकर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, हरिशंकर कैंटर लेकर मथुरा से समालखा आ रहा था। शनिवार की सुबह जब वह समालखा स्थित डायमंड होटल के सामने पहुंचा, तो उसका कैंटर जीटी रोड किनारे खड़े एक कंटेनर के पीछे से टकरा गया। इस टक्कर में हरिशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे तुरंत सामान्य अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई सीलू ने कंटेनर ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कैंटर ड्राइवर के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने कंटेनर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सोनीपत में अफीम तस्करी के दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** जिले की अपराध जांच इकाई कुंडली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में दो आरोपियों को अफीम सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी सुशील और हरिओम, दोनों गांव बिरौली, जिला जींद के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, सहायक उपनिरीक्षक सुरेश अपनी टीम के साथ सब्जी मंडी गोहाना के पास गश्त कर रहे थे, तभी सूचना मिली कि सुशील अपने साथी के साथ कार में अफीम लेकर सोनीपत से जींद की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बड़ौता फ्लाईओवर के पास नाकाबंदी की। कुछ देर बाद संदिग्ध कार दिखाई दी, जिसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान सुशील की पैंट की जेब से पीले रंग की पॉलिथीन बरामद हुई, जिसमें 453 ग्राम अफीम पाई गई। हरिओम या कार से कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। दोनों के खिलाफ थाना सदर गोहाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। शनिवार को दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से हरिओम को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया, जबकि सुशील को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### सिरसा में एसपी ने थाना प्रभारी किया निलंबित

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कार्यभार संभालते ही नशा तस्करों पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने चेतावनी दी कि या तो तस्कर नशे का धंधा छोड़ दें या सिरसा जिला छोड़ दें, अन्यथा पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। एसपी ने कहा कि नशा तस्करों के साथ-साथ लापरवाह पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई होगी। ओटू गांव में नशे की ओवरडोज से दो युवकों की मौत के बाद एसपी ने रानियां थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि सिरसा को नशामुक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है और इस अभियान में जनता व सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा।

# धान-बाजरा खरीद में धोखाधड़ी पर होगी एफआईआर : सीएम सैनी

## दूसरे राज्य से धान की अवैध एंट्री पर सरकार सख्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में इन दिनों धान और बाजरे की फसल की खरीद का कार्य चल रहा है, लेकिन खरीद की आड़ में सरकार के साथ धोखाधड़ी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को चंडीगढ़ में धान और बाजरा खरीद प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक भी ऑनलाइन जुड़े। बैठक में धान,बाजरा खरीद से जुड़ी व्यवस्थाओं, मंडियों की स्थिति, किसानों की शिकायतों और ई-खरीद प्रणाली की समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि नई अनाज मंडी, कनीना और अनाज मंडी, कोसली में ई-खरीद पोर्टल और मार्केट कमेटी के एच-रजिस्टर की ऑक्शन में अंतर पाए जाने तथा गेट पास जारी करने की प्रक्रिया में अनियमितताएं मिलने के मामले में जिन कर्मचारियों और अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है, उन पर एफआईआर भी करवाई जाएं।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश में धान की खरीद 22 अक्तूबर से प्रारंभ हुई है और अब तक अधिकांश मंडियों में खरीद सुचारु रूप से जारी है। अब तक राज्य की खरीद संस्थाओं द्वारा 2.66 लाख किसानों से लगभग 52.18 लाख मीट्रिक टन की खरीद हो चुकी है। किसानों के खाते में 10,204.98 करोड़ रुपए ट्रांसफर भी कर दिए गए है। राज्य की खरीद संस्थाओं द्वारा 291.10 मीट्रिक टन तथा निजी व्यापारियों द्वारा 3.99 लाख मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की गई है।

सैनी ने कहा कि मंडियों में तकनीकी स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि गेट पास स्कैनिंग और फिजिकल वेरिफिकेशन की प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि केवल मंडी के निर्धारित दायरे में ही गेट पास स्कैन किया जाएगा। जिन मंडियों में गेट पास स्कैन सिस्टम का दुरुपयोग हुआ है, वहां संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों की पहचान करके विस्तृत रिपोर्ट दी जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ एफआईआर भी दर्ज की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दूसरे राज्यों से आने वाले धान की अवैध एंट्री को हर कीमत पर रोका जाए। इसके लिए सभी सीमावर्ती जिलों में पुलिस को नाकेबंदी के सख्त निर्देश जारी किए गए।

# यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका खारिज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के हिसार सेशन कोर्ट ने पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार की गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने फैसले के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा कि आरोपी की जमानत पर रिहाई से जांच में बाधा आ सकती है।

बता दें कि हिसार पुलिस ने यूट्यूब चैनल 'ट्रैवल विद जो' चलाने वाली 34 वर्षीय ज्योति को 16 मई को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के कानून के तहत गिरफ्तार किया था। ज्योति फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। एडिशनल सेशन जज डॉ. परमिंदर कौर की अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड में प्रथम दृष्टया सरकारी गोपनीयता अधिनियम और बीएनएस प्रावधानों के तहत काफी गंभीर मामला मौजूद है। अभियुक्त के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट से बरामद फोरेंसिक मटेरियल, एसएमएसी (मल्टी-एजेंसी सेंटर) खुफिया इनपुट और एक विदेशी अधिकारी के साथ संपर्कों की गतिविधियां आशंका पैदा करती हैं कि आरोपी को जमानत पर रिहाई जांच में बाधा डाल सकती है। कोर्ट ने कहा- आरोपी डिजिटल एविडेंस के साथ छेड़छाड़ में मदद कर सकती है या सार्वजनिक हित और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। सार्वजनिक हित और राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी विचार विशेष महत्व रखते हैं। ये आरोप यदि सिद्ध हो जाएं तो राज्य के संप्रभु हित को नुकसान पहुंचाएंगे।

कोर्ट ने कहा कि अदालतों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यदि आरोपी को जमानत देने से सार्वजनिक व्यवस्था या सुरक्षा को खतरा हो या आरोपी न्याय प्रक्रिया को प्रभावित करने की स्थिति में हो तो उसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए।

कोर्ट में ज्योति के वकील ने दलील दी कि जांच में जिन खुफिया जानकारियों पर भरोसा किया गया है, उनकी जांच नहीं की गई है और अभियोजन पक्ष विदेशी एजेंटों के साथ संवेदनशील सामग्री शेयर करने के सबूत अदालत में पेश नहीं कर पाया है। इस पर अदालत ने कहा कि यह सच है कि ऐसे मामलों का अंततः परीक्षण किया जाना चाहिए और अभियुक्त को आरोपों का विरोध करने का अधिकार है। इसमें यह भी कहा गया कि जमानत पर विचार करते समय न्यायालय को उस स्तर पर उपलब्ध सबूतों की समग्रता पर विचार करना चाहिए।

# सिरसा में पेयजल संकट से त्रस्त ग्रामीणों ने जलघर पर जड़ा ताला

**अनंत ज्ञान, सिरसा**

सिरसा जिले के गांव कागदाना में पेयजल किल्लत गंभीर बनी हुई है। पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने शनिवार को जलघर के मेन गेट पर ताला जड़ दिया और गेट के सामने धरने पर बैठे गए। बाद दोपहर जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ संदीप कुमार और जेई अश्विनी कुमार मौके पर पहुंचे और ठोस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने ताला खोला और धरना स्थगित किया।

धरने पर बैठे गांव कागदाना के सरपंच प्रतिनिधि मांगेराम बैनीवाल, भूपेंद्र बैनीवाल जिला पार्षद प्रतिनिधि, डॉ. धर्मपाल गढ़वाल, नरसी घोटड, कालू खान, चंद्रभान शर्मा, राजकुमार गैदर, विकास बैनीवाल, ओमप्रकाश बैनीवाल, अकबर खान, राकेश शर्मा, सुरजीत कूकना, राजपाल सोनी, तुलसीराम शर्मा, रवींद्र बैनीवाल, लीलाधर गढ़वाल आदि ने बताया कि गांव के जलघर की डिग्गियां खाली पड़ी हैं और पानी की मोटर भी खराब हैं। घरों में पेयजल सप्लाई ठप है। खेतों में काम का समय चल रहा है। ऐसे में गांव में महिलाओं को पहले पीने के पानी का प्रबंध करना पड़ता है और फिर खेतों में काम पर जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि रोष स्वरूप ग्रामीण एकत्रित हुए और जलघर के मेन गेट पर ताला लगा दिया और धरना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ संदीप कुमार और जेई अश्विनी कुमार मौके पर पहुंचे तथा मोटर ठीक करवाने व पीने के पानी की समस्या का जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

# खेत में करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** जिले के जांटी कलां गांव में शनिवार को दर्दनाक हादसे में पिता-पुत्र की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, 47 वर्षीय प्रेम सिंह अपने 26 वर्षीय पुत्र मनोज उर्फ भोला के साथ खेत में गेहूं की बुआई की तैयारी कर रहे थे। बिजली आने पर दोनों ट्यूबवेल चलाने पहुंचे, लेकिन खेत में लगे ट्रांसफार्मर के नीचे मिट्टी गीली थी और एक खुला बिजली तार पड़ा था। जैसे ही मनोज ने तार जोड़ा, उसे करंट लग गया। प्रेम सिंह बेटे को बचाने दौड़े, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गए। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रेम सिंह तीन भाइयों में से एक थे और मनोज परिवार का इकलौता पुत्र था। उसकी शादी चार साल पहले हुई थी और उसका दो साल का बेटा है। हादसे के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बिजली निगम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि खेतों में लगे ट्रांसफार्मरों की देखरेख लंबे समय से नहीं हुई। उन्होंने सभी ट्रांसफार्मरों की तकनीकी जांच की मांग की। कुंडली थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को नागरिक अस्पताल भेजा और मृतक के भाई के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है।

# सीईटी आवेदन फॉर्म संशोधन के लिए अंतिम तिथि बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने सीईटी आवेदन फॉर्म संशोधन के लिए अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 28 अक्तूबर तक अपने आवेदन में ऑनलाइन सुधार कर सकेंगे। पहले यह अंतिम तिथि 24 अक्तूबर रात 11.59 बजे तक निर्धारित की गई थी। आयोग ने उम्मीदवारों की मांग व सुविधा को देखते हुए शनिवार को यह निर्णय लिया है।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा यह परीक्षा 26 और 27 जुलाई को आयोजित की गई थी। परीक्षा के लिए कुल 13.48 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 12.46 लाख उम्मीदवारों ने इसमें भाग लिया। आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने स्पष्ट किया है कि सीईटी करेक्शन पोर्टल पर केवल 14 जून 2024 या उससे पहले जारी किए गए प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। जिन अभ्यर्थियों ने अपने दस्तावेज पोर्टल पर अपडेट किए हैं, उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके सभी प्रमाण पत्र इस निर्धारित तिथि से पहले के हो। 14 जून 2024 के बाद जारी किए गए किसी भी प्रमाण पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इस बीच आयोग के सदस्य भूपेंद्र सिंह चौहान ने शनिवार को एक वीडियो जारी कर कहा कि कुछ लोग करेक्शन पोर्टल तथा इसमें होने वाले संशोधन को लेकर युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा यह पोर्टल हाईकोर्ट के आदेशानुसार खोला गया है। सीईटी में भाग लेने वाले एससी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस कैटगरी के वह अभ्यर्थी जो अपने सर्टीफिकेट अपलोड नहीं कर पाए और उन्होंने मजबूरन सामान्य श्रेणी में आवेदन कर दिया।

## देश-विदेश

# पंचत्व में विलीन हुए पीयूष पांडे, अमिताभ बच्चन ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**एजेंसी, मुंबई**



विज्ञापन जगत की दुनिया में अपनी क्रिएटिविटी से अमिट छाप छोड़ने वाले पीयूष पांडे का 24 अक्तूबर को निधन हो गया। 70 वर्षीय पीयूष ने मुंबई में अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से किसी संक्रमण से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर ने न केवल विज्ञापन जगत, बल्कि पूरे फिल्म उद्योग को भी गहरे शोक में डूबा दिया है।

दरअसल, मुंबई में आयोजित उनके अंतिम संस्कार में सिनेमा और विज्ञापन जगत के कई दिग्गज शामिल हुए। अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन, और फिल्ममेकर आर. बाल्की जैसे सितारों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें अमिताभ और अभिषेक हाथ जोड़कर सभी को प्रणाम करते नजर आ रहे हैं। वहीं, पीयूष की भतीजी और अभिनेत्री-लेखिका इशिता अरुण भी परिवार और दोस्तों संग शोक व्यक्त करती दिखाई दीं। पीयूष पांडे भारतीय विज्ञापन जगत के ऐसे शख्स थे जिन्होंने ब्रांड्स को एक नई पहचान दी। उन्होंने फेविकोल, कैडबरी, और अबकी बार मोदी सरकार जैसे यादगार कैंपेन लिखे, जो आज भी लोगों की जुबान पर हैं। यही नहीं, उनके आवाज में बना देशभक्ति गीत 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' आज भी लोगों के दिलों को छूता है। (अनंत ज्ञान)

# सीजेआई गवई ने भूटान के राजा और पीएम से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई ने भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री शेरिंग तोब्गे से मुलाकात की और दोनों देशों की न्यायिक प्रणालियों के बीच सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। सीजेआई भूटान के आधिकारिक दौरे पर हैं। उन्होंने शनिवार को राजा वांगचुक और शुक्रवार को प्रधानमंत्री तोब्गे से मुलाकात की। बयान में कहा गया कि इन बैठकों के दौरान सीजेआई ने भारत और भूटान की न्यायपालिका के बीच सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की और भारत-भूटान संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। गवई ने कहा कि भारतीय न्यायपालिका तकनीकी सहयोग, क्षमता निर्माण और ज्ञान साझा करने के क्षेत्रों में भूटानी न्यायपालिका का समर्थन करने के लिए तैयार है। (अनंत ज्ञान)

# बिहार चुनाव : खगड़िया में तेजस्वी यादव की सभा रद्द, बोले- यह तानाशाही

**पटना/नई दिल्ली**



- शाह के हेलिकॉप्टर की लैंडिंग के चलते नहीं मिली परमिशन
- पैसे बांटने को लेकर पप्पू यादव को आईटी का नोटिस

आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की शनिवार को खगड़िया में होने वाली रैली रद्द हो गई। तेजस्वी ने इसे तानाशाही करार दिया है। दरअसल, जिला प्रशासन ने गृह मंत्री अमित शाह के दौरे की वजह से उनके हेलिकॉप्टर को उतरने की परमिशन नहीं दी।

शाह की भी शनिवार को खगड़िया, मुंगेर और बिहारशरीफ में आम सभाएं होनी हैं। उधर, आरजेडी ने तेजस्वी के पोस्टर लगाए। इनमें उन्हें बिहार का नायक बताया। इस पर पप्पू यादव ने बताया कि मैं बिहार का बेटा हूं। एक सेवक हूं। हमेशा बेटा और सेवक ही बना रहूंगा। मुझे नायक बनने की कोई इच्छा नहीं है।

इस बीच तेजस्वी की खगड़िया में होने वाली रैली रद्द कर दी है। जिला प्रशासन ने गृह मंत्री अमित शाह के दौरे की वजह से उनके हेलिकॉप्टर को उतरने की परमिशन नहीं दी। उधर, पैसे बांटने को लेकर पप्पू यादव को इनकम टैक्स ने नोटिस भेजा है। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली एयरपोर्ट का टर्मिनल-2 यात्रियों के लिए खुलेगा आज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नया टर्मिनल-2 रविवार रात से यात्रियों के लिए खुल जाएगा। नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने शनिवार को इसका उद्घाटन किया। यह अपग्रेड विंटर शेड्यूल के साथ शुरू हो रहा। टर्मिनल में सेल्फ बैग ड्रॉप, वर्चुअल इंफो डेस्क और छह नए बोर्डिंग ब्रिज लगे हैं। ये सुविधाएं यात्रियों को तेज और आसान सफर देंगी। 2 को अप्रैल 2025 में अपग्रेड करने के लिए बंद कर दिया गया था। अपग्रेडेशन के बाद यात्रियों को कई नई और अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। टर्मिनल-2 से हर दिन 120 घरेलू फ्लाइट्स उड़ान भरेंगीं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने कहा कि टर्मिनल-2 सालाना 1.5 करोड़ यात्रियों को संभालेगा। इसमें एयर कंडीशनिंग, एचवीएसी सिस्टम और फायर सेफ्टी बेहतर की गई है। इंडिगो की 6ई 2000-2999 नंबर वाली घरेलू उड़ानें यहां आएंगी। एयर इंडिया की 60 घरेलू उड़ानें टी-3 से टी-2 शिफ्ट होंगी। मंत्री ने कहा कि भारत के हवाई अड्डे विश्व स्तरीय बन रहे। दिल्ली उत्तरी भारत के आधे यात्रियों को संभालता है। रोज 50 हजार ट्रांसफर होते हैं। डीआईएएल के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार ने बताया कि यह टर्मिनल आधुनिक तकनीक और स्मार्ट ढांचे से बना है। व्हीलचेयर यात्रियों के लिए रैंप और एयर क्वालिटी सुधारी गई है। (अनंत ज्ञान)

# कुर्नूल बस हादसा: ड्राइवर, क्लीनर गिरफ्तार

**एजेंसी, कुर्नूल।** आंध्र प्रदेश के कुर्नूल में हुए बस हादसे में कुर्नूल पुलिस ने हादसे के बाद भागे ड्राइवर मिरियाला लक्ष्मैया और क्लीनर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आग लगने के बाद जब बस रुकी, तो दोनों पैसेंजर डोर से बाहर कूद गए। उन्हें हादसे की गंभीरता का अंदाजा नहीं था। टक्कर मारने वाले बाइक सवार का वीडियो सामने आया है। इसमें वह पेट्रोल पंप के पास दिख रहा है। दावा किया जा रहा है कि बाइक सवार नशे में था। वहीं, केस में एक नया खुलासा हुआ है। शुक्रवार सुबह जिस बस में आग लगने से 20 यात्रियों की जलकर मौत हुई, उसमें 234 स्मार्टफोन रखे हुए थे। फोरेंसिक टीम का कहना है कि इन फोन की बैटरी में ब्लास्ट के कारण ही आग तेजी से भड़की, जिससे यात्रियों को बचने का मौका नहीं मिला। (अनंत ज्ञान)

# रेलवे टिकट बुकिंग वेबसाइट और एप फिर से डाउन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** छठ पर्व के पहले दिन आज यानी, 25 अक्टूबर को आईआरसीटीसी की वेबसाइट और एप डाउन हो गए। लोगों को सुबह 10 बजे से रेल टिकट बुक करने में परेशानी हो रही है। इससे पहले दिवाली पर भी आईआरसीटीसी की वेबसाइट और एप डाउन हो चुके हैं। आउटेज ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म डाउन डिटेक्टर के मुताबिक सुबह 9:00 बजे से लोगों ने साइट और एप डाउन होने की शिकायत दर्ज करानी शुरू कर दी थी। सुबह 10 बजे करीब 180 लोगों ने इसे रिपोर्ट किया था। सोशल मीडिया पर भी लोग वेबसाइट डाउन होने की शिकायत करते रहे। डाउन डिटेक्टर के मुताबिक वेबसाइट पर 45 प्रतिशत, एप पर 51 प्रतिशत लोगों ने शिकायतें की हैं। हालांकि अभी डाउन डिटेक्टर पर वेबसाइट और एप डाउन होने की शिकायतें घट गई हैं। (अनंत ज्ञान)

# महाराष्ट्र डॉक्टर आत्महत्या केस : मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

**एजेंसी, सातारा**

महाराष्ट्र के सातारा में फलटण के होटल में सुसाइड करने वाली डॉक्टर का सुसाइड केस में पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस ने डॉक्टर के मकान मालिक के बेटे प्रशांत को हिरासत में लिया है। प्रशांत बांकर पर रेप और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज है।

डॉक्टर ने 23 अक्तूबर को सुसाइड किया था। उसने अपने हाथ पर लिखे नोट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत बांकर पर मेंटली हैरैस करने का आरोप लगाया है। हथेली पर सब-इंस्पेक्टर गोपाल बदने का नाम भी लिखा था। आरोप है कि बदने ने पिछले 5 महीने में 4 बार डॉक्टर का रेप किया। बदने भी आरोपियों के फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट बनाने का दबाव बना रहा था। गोपाल बदने भी रेप और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है।

### 4 पेज का सुसाइड नोट मिला, इसमें सांसद और उनके 2 पीए के भी नाम

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सतारा के एसपी को आरोपी सब-इंस्पेक्टर को सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। महिला डॉक्टर बीड जिले की रहने वाली थी और फलटण तहसील के सरकारी अस्पताल में काम करती थी। पुलिस को 4 पेज का एक और सुसाइड नोट मिला है। जिसमें एक सांसद और उसके दो पीए का नाम है। आरोप है कि ये लोग डॉक्टर पर आरोपियों के फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट बनाने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर सांसद ने महिला डॉक्टर को फोन किया था।

डॉक्टर ने सुसाइड नोट में लिखा है कि सांसद के दो पर्सनल असिस्टेंट अस्पताल आए थे। दोनों ने उस पर अन्य केस से जुड़े आरोपियों के फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने का दबाव बनाया, जो आरोपी अस्पताल नहीं आए उनके भी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने का बोलते थे। मैंने ऐसा करने से मना किया तो मेरी सांसद से फोन पर बात कराई थी। (अनंत ज्ञान)

# पाक ने 2 दिन के लिए बंद किया एयरस्पेस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान बॉर्डर पर जुटेंगे 30 हजार सैनिक

पाकिस्तान ने भारत के सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' के पहले मध्य और दक्षिणी एयरस्पेस (राजस्थान-गुजरात से सटे इलाके) को 28 और 29 अक्तूबर को बंद करने का फैसला किया। शनिवार को जारी नोटाम (नोटिस टू एयरमैन) के अनुसार, दो दिन इन इलाकों में हवाई मार्ग उपलब्ध नहीं रहेगा और उड़ानों पर रोक रहेगी।

हालांकि, पाकिस्तान ने इस कदम के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह किसी सैन्य अभ्यास या हथियार परीक्षण से जुड़ा हो सकता है। वहीं, जानकार इसे सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' से जोड़कर देख रहे हैं। यह अभ्यास सर क्रीक के पास, यानी पाकिस्तान की सीमा से सटे इलाके में होगा। रक्षा विश्लेषक डेमियन सायमोन ने सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से बताया कि इस अभ्यास का दायरा 28 हजार फीट ऊंचाई तक फैला होगा, जो हाल के वर्षों में सबसे बड़े सैन्य अभियानों में से एक है। राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 12 दिन अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा। आर्मी, एयरफोर्स और नौसेना के 30 हजार जवान थार में ज्वॉइंट एक्सरसाइज करेंगे। एक्सरसाइज की शुरुआत 30 अक्तूबर से होगी, जो 10 नवंबर तक चलेगी। इस युद्धाभ्यास के दौरान बॉर्डर कुछ एरिया में कॉमर्शियल फ्लाइट्स के रूट में बदलाव भी हो सकता है। एक्सरसाइज जैसलमेर के एरिया से लेकर गुजरात के सर क्रीक इलाके तक होगी। (अनंत ज्ञान)

# वेनेजुएला पर हमला कर सकता है अमेरिका

## सबसे बड़ा जहाजी बेड़ा भेजा; वेनेजुएला ने भी 5000 मिसाइलें कीं तैनात

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**



अमेरिका जल्द ही वेनेजुएला पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप वेनेजुएला के भीतर ड्रग ठिकानों और उनके तस्करी रूट्स पर हमला करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि अभी इस पर आखिरी फैसला नहीं लिया गया। यह जानकारी अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन ने व्हाइट हाउस के 3 अधिकारियों के हवाले से दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला में संभावित हमले के लिए जगहों को लेकर बातचीत बढ़ाई है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने अमेरिकी नौसेना के सबसे बड़े और एडवांस एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप यूएसएस जेराल्ड आर फोर्ड को यूरोप से कैरिबियाई क्षेत्र में भेजने का आदेश दिया है। इसके अलावा, ट्रम्प ने सीआईए को वेनेजुएला में सीक्रेट ऑपरेशंस करने की अनुमति भी दी है।

हालांकि, ट्रंप ने यह भी कहा है कि वेनेजुएला के साथ कूटनीतिक बातचीत का विकल्प भी खुला है ताकि अमेरिका में ड्रग्स की आवाजाही को रोका जा सके। (अनंत ज्ञान)

# नेपाल में जीप खाई में गिरी 8 लोगों की मौत, 10 घायल

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल के कर्णाली प्रांत में 18 यात्रियों को लेकर जा रही एक जीप करीब 700 फुट गहरी खाई में गिर गई, जिससे उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार रात को रुकुम पश्चिम जिले के बाफिकोट स्थित झरमारे इलाके में हुई है। यह वाहन मुसिकोट के खलंगा से आठबिसकोट नगरपालिका के स्यालिखाड़ी क्षेत्र की ओर जा रहा था। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि घटना अधिक गति से गाड़ी चलाने के कारण हुई है। पुलिस के अनुसार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल ने उपचार के दौरान स्थानीय अस्पताल में दम तोड़ दिया। पीड़ितों की उम्र 15 से 30 साल के बीच थी। इस दुर्घटना में घायल हुए 10 अन्य लोगों का उपचार रुकुम जिला अस्पताल में जारी है। (अनंत ज्ञान)

## प्रदूषण

### अस्थमा-एलर्जी के बढ़े मरीज, डॉक्टर्स बोले- मास्क लगाकर निकलें

# दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआई लेवल 400 पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दीवाली के बाद से दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई लेवल 412 दर्ज किया गया। जिससे प्रदूषण गंभीर कैटेगरी में पहुंच गया है।

कई इलाकों में हवा की क्वालिटी खराब है, इसलिए जनपथ रोड पर पार्टिकुलेट मैटर के हाईलेवल से निपटने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। दिवाली के बाद केवल दो दिनों के भीतर सांस लेने में कठिनाई, अस्थमा के दौरे और एलर्जिक ब्रोंकाइटिस के रोगियों में लगभग 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। डॉक्टरों ने मास्क लगाने की सलाह दी है।

### आंध्र प्रदेश में साइक्लोन मोंथा को लेकर हाई अलर्ट

उधर, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनता नजर आ रहा है। 27 अक्तूबर को इसके चक्रवात में तबदील होने की संभावना है। तूफान का नाम मोन्था रखा जा सकता है, जो थाईलैंड ने दिया है, जिसका अर्थ है सुगंधित फूल या सुंदर फूल।

## स्पोर्ट्स विंडो

### गोल्फर भुल्लर मनीला में तीसरे दौर के बाद सातवें स्थान पर

**एजेंसी, मनीला (फिलीपींस)।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज फिलीपींस के तीसरे दौर में 18वें होल पर बोगी करने के बावजूद खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। भुल्लर 67-69-67 के स्कोर के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं और उनका कुल स्कोर 13 अंडर है। वह सैम्पसन झेंग (62), मिगुएल तबुएना (65) और सरित सुवन्नारुत (69) से चार शॉट पीछे हैं। उन्होंने स्टा एलेना गोल्फ क्लब के पहले नौ होल में तीन बार बर्डी लगाई और फिर 13वें, 16वें और 17वें होल में तीन और बर्डी लगाकर दिन का स्कोर छह अंडर तक पहुंचा दिया, लेकिन 18वें होल में एक बोगी ने उन्हें थोड़ा पीछे धकेल दिया। भारत के अन्य खिलाड़ियों में करणदीप कोचर (67) 19वें स्थान तथा अजीतेश संधू (72) 50वें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)



### पुरुष हॉकी इंडिया लीग अगले साल तीन जनवरी से

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पुरुष हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) का दूसरा सत्र तीन जनवरी को चेन्नई में तमिलनाडु ड्रैगंस और हैदराबाद तूफांस के बीच मुकाबले के साथ शुरू होगा। आयोजकों ने शनिवार को यह घोषणा की। यह टूर्नामेंट तीन अलग-अलग शहरों में तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसका समापन 26 जनवरी को भुवनेश्वर में होगा। महिला एचआईएल इस वर्ष 28 दिसंबर को रांची में शुरू होगी और इसका फाइनल अगले वर्ष 10 जनवरी को होगा। हॉकी इंडिया ने कहा कि पुरुष हॉकी लीग में आठ टीमें भाग लेंगी। इसका पहला चरण चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में तीन से नौ जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण का आयोजन रांची में होगा, जो 11 से 16 जनवरी तक मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में खेला जाएगा। अंतिम चरण के मैच भुवनेश्वर के कालिंग स्टेडियम में खेले जाएंगे। प्रारूप के अनुसार, प्रत्येक टीम एकल राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक बार अन्य टीमों से भिड़ेगी, जिसमें शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी। नॉकआउट चरण के सभी मैच भुवनेश्वर में खेले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### पीठ दर्द के कारण पैन पैसिफिक ओपन से हटीं रायबाकिना

**एजेंसी, टोक्यो।** कजाखस्तान की एलेना रायबाकिना ने पीठ की समस्या के चलते सेमीफाइनल से पहले शनिवार को पैन पैसिफिक ओपन से हटने का फैसल किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जीत के एक दिन बाद पीठ की समस्या का हवाला दिया। क्वार्टरफाइनल में उनकी जीत के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए आखिरी बची जगह पक्की हो गई थी। 2022 विम्बलडन चैंपियन को तोक्यो टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में लिंडा नोस्कोवा का सामना करना था। रायबाकिना ने एक बयान में कहा, ''मुझे बहुत दुख है कि मैं आज नहीं खेल सकती। मेरी पीठ में समस्या हो रही है। ''रायबाकिना ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में विक्टोरिया म्बोको को 6-3, 7-6 (4) से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए आठवां और आखिरी स्थान हासिल कर लिया। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में पोपी पैटिंसन

**अमेरिका।** इंग्लैंड की पोपी पैटिंसन 2025 में सुंदर महिला फुटबॉलरों की सूची में है। वह ब्राइटन एंड होव एल्बियन के लिए खेलती हैं और उनकी कुल संपत्ति 800k डॉलर है।



## रोहित शर्मा के बल्ले से 259 दिन बाद निकली सेंचुरी

# सिडनी वनडे में टीम इंडिया की धमाकेदार जीत

**एजेंसी, सिडनी**





भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे वनडे में 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करने वाली भारतीय टीम ने सिडनी में खेले गए मुकाबले में दमदार प्रदर्शन किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम 46.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 236 रन ही बना सकी। इसके जवाब में भारत ने रोहित शर्मा (121) और विराट कोहली (74) की शतकीय साझेदारी की बदौलत 69 गेंद शेष रहते मैच अपने नाम किया। भारत ने 38.3 ओवर में एक विकेट खोकर 237 रन बनाए।

**ऑस्ट्रेलिया ने जीती वनडे सीरीज**

ऑस्ट्रेलिया के 237 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए भारत को पहला झटका 69 के स्कोर पर लगा। जोश हेजलवुड ने शुभमन गिल को आउट किया। इसके बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली ने विकेट नहीं गिरने दिया। दोनों के बीच 168 रन की साझेदारी हुई। रोहित शर्मा ने 125 गेंद में 13 चौके और तीन छक्के की मदद से 121 रन बनाए। विराट कोहली ने 81 गेंद में 74 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके लगाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड ने एक विकेट लिया। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल पाई। भारतीय गेंदबाजों की कहर बरपाती बॉलिंग के आगे पूरी टीम 236 रनों पर ही सिमट गई। भारत के लिए हर्षित राणा ने सर्वाधिक 4 विकेट चटकाए, वहीं वॉशिंगटन सुंदर को 2 और कुलदीप यादव, मोहम्मद

**कोहली ने भी खेली शानदार पारी**

सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और अक्षर पटेल को 1-1 सफलता मिली। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैट रेनशॉ एकमात्र ऐसे बल्लेबाज रहे जो 50 रन का आंकड़ा पार करने में कामयाब रहे। उन्होंने 56 रनों की शानदार पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया 46.4 ओवर में ही ऑलआउट हो गया। (अनंत ज्ञान)

# इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर से बाइक सवार युवक ने की छेड़छाड़

**एजेंसी, इंदौर**

इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। महिला वनडे वर्ल्ड कप के लिए आई ऑस्ट्रेलियाई टीम की दो महिला क्रिकेटरों के साथ बाइक सवार युवक ने छेड़छाड़ की। यह घटना तब हुई, जब दोनों खिलाड़ी होटल रेडिसन ब्लू से पैदल पास के एक कैफे की ओर जा रही थीं। इस घटना ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**पैडल कैफे जा रही थी दो खिलाड़ी**



जानकारी के अनुसार, 24 अक्तूबर की शाम को दोनों महिला क्रिकेटर होटल से कुछ दूरी पर स्थित कैफे की ओर जा रही थीं, तभी एक बाइक सवार युवक ने उनके साथ छेड़छाड़ की। घटना से घबराईं खिलाड़ियों ने तुरंत अपने सुरक्षा उपकरण के जरिए एसओएस नोटिफिकेशन भेजा। यह अलर्ट तुरंत सुरक्षा अधिकारियों तक पहुंचा। सूचना मिलते ही सुरक्षा अधिकारी डेनी सिमंस और उनकी टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने स्थिति को संभाला और तुरंत एमआईजी पुलिस को सूचित किया।

पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए छेड़छाड़ के आरोपी युवक अकील को गिरफ्तार कर लिया। डेनी सिमंस की शिकायत के आधार पर एमआईजी थाने में अकील के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि अकील स्थानीय निवासी है और उसने मौके का फायदा उठाकर यह हरकत की। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि क्या यह कोई सुनियोजित घटना थी या अचानक हुई वारदात।

इस घटना ने इंदौर में मेहमाननवाजी की छवि को धक्का पहुंचाया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए खास सुरक्षा इंतजाम किए गए थे, लेकिन इस चूक ने व्यवस्था की पोल खोल दी। स्थानीय लोग और क्रिकेट प्रशंसक इस घटना से नाराज हैं और मांग कर रहे हैं कि विदेशी मेहमानों की सुरक्षा में कोई कोताही न बरती जाए। पुलिस ने कहा कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन ने भी इस मामले में स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग की बात कही है। यह घटना शहर के लिए शर्मिंदगी का कारण बनी है और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। (अनंत ज्ञान)

**एशियाई जूनियर बैडमिंटन**

# लक्ष्य राजेश सहित चार भारतीय सेमीफाइनल में

**एजेंसी, चेंगदू (चीन)**

लक्ष्य राजेश ने शीर्ष वरीयता प्राप्त ललिता सत्तयाथाडाकून को हराकर बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत के कुल चार खिलाड़ियों ने एकल वर्ग के अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की।

दिन का मुख्य आकर्षण लक्ष्य रही, जिन्होंने अंडर-17 बालिका एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त ललिता को 11-21, 21-16, 21-19 से हराया। भारत की एक अन्य खिलाड़ी छठी वरीयता प्राप्त दीक्षा सुधाकर भी अंतिम चार में पहुंच गई है। उन्होंने इंडोनेशिया की रईस्या अफ्फातुनिसा को 21-17, 21-8 से हराया। लड़कों के एकल वर्ग में जगशेर सिंह खंगुरा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हांगकांग चीन के झान शिंग युई को सीधे गेम में 21-13, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत के जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश अपने चीनी प्रतिद्वंद्वियों के रिटायर होने के बाद अंडर-17 मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंच गए। इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त शाइना मणिमुथु ने जापान की युबुकी अजुमाया को 21-14, 21-16 से हराकर अंडर-15 बालिका एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। (अनंत ज्ञान)

# ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया

**एजेंसी, इंदौर**



मैच जीतने के बाद खुशी मनाती ऑट्रेलियाई खिलाड़ी।

महिला वनडे में ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर अलाना किंग ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए सात विकेट लेकर टीम को दक्षिण अफ्रीका पर सात विकेट से शानदार जीत दिलाई। किंग ने सात ओवर में सिर्फ 18 रन देकर दक्षिण अफ्रीका की पूरी बल्लेबाजी लाइन को तहस-नहस कर दिया। दक्षिण अफ्रीका की टीम 24 ओवर में मात्र 97 रन पर ऑल आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया ने मामूली लक्ष्य का पीछा आसानी से किया। बेथ मूनी (42) और जॉर्जिया वोल (नाबाद 38) ने तीसरे विकेट के लिए 76 रन जोड़कर टीम को जीत दिलाई। शुरुआत में फोबे लिचफील्ड (5) और एलिस पेरी (0) जल्दी आउट हुईं, लेकिन किंग की फिरकी ने बाकी बल्लेबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। उन्होंने सुने लुस, एनेरी डर्कसन, मारियान काप और क्लो ट्रायोन सहित कई प्रमुख बल्लेबाजों को चलता किया। किंग का यह प्रदर्शन महिला वनडे में किसी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन माना जा रहा है। लौरा वोल्वार्ड्ट (31) ने शुरुआत में कुछ रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति दी, लेकिन किंग ने उनके प्रयासों को भी रोका। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजें किंग की स्पिन और रणनीति के सामने पूरी तरह असहज दिखीं।

इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने लीग चरण में शीर्ष स्थान पक्का कर लिया और अब 30 अक्तूबर को नवी मुंबई में सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ खेलने के लिए क्वालीफाई कर लिया। भारत का अंतिम लीग मैच बांग्लादेश के खिलाफ होने के बावजूद तालिका में उनका स्थान ऊपर नहीं बढ़ सकता। किंग की शानदार गेंदबाजी और ऑस्ट्रेलिया का आक्रमक खेल इस मैच का प्रमुख आकर्षण रहा, जिसने टीम को सेमीफाइनल की ओर मजबूती से आगे बढ़ाया। (अनंत ज्ञान)

# न्यूजीलैंड के खिलाफ लय हासिल करने उतरेंगे इंग्लैंड के बल्लेबाज

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**



इंग्लैंड की टीम पहले ही महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी है लेकिन उसके बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है और इसलिए वह न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले अपने अंतिम लीग मैच में इस विभाग की कमजोरी को दूर करने की कोशिश करेंगे।

गुवाहाटी में विश्व कप के अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार बार की विजेता टीम की 10 विकेट से जीत इस बात की पुष्टि थी कि अनुभवी नैट स्किवर ब्रंट के नेतृत्व वाली टीम गत विजेता ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने के लिए तैयार है, लेकिन बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ मैच में संघर्ष ने टीम की कमियों को उजागर कर दिया। बांग्लादेश के खिलाफ उसकी टीम चार विकेट से जीत हासिल करने में सफल रही थी, लेकिन इनस्विंगर के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजों की कमजोरी को पाकिस्तान की तेज गेंदबाज फातिमा सना ने उजागर कर दिया था। इंग्लैंड की टीम इस मैच में नौ विकेट पर 133 रन ही बना पाई थी और अगर बारिश नहीं आती तो उसे हार का सामना करना पड़ सकता था। उसकी सलामी बल्लेबाज एमी जोंस और मध्यक्रम की बल्लेबाज सोफिया डंकली जैसी बल्लेबाजें ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाई हैं, जबकि कप्तान स्किवर-ब्रंट और टैमी ब्यूमोंट भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। हालांकि, हीथर नाइट ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार पारियों के साथ निरंतरता दिखाई है। न्यूजीलैंड की टीम गुरुवार को भारत के हाथों मिली 53 रन की हार से सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई और अब वह बिना किसी दबाव के खेलने के लिए उतरेगी और जीत के साथ अपने अभियान का समापन करना चाहेगी।

न्यूजीलैंड की टीम वास्तव में एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसके शीर्ष और निचले क्रम के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है और कप्तान सोफी डिवाइन को अधिकांश रन बनाने पड़े हैं, हालांकि उपमहाद्वीप में स्पिन के अनुकूल विकेटों के कारण इस ऑलराउंडर ने गेंद से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। (अनंत ज्ञान)

# सोनिया रमन डब्ल्यूएनबीए में बनी पहली भारतीय मुख्य कोच

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

भारतीय मूल की सोनिया रमन ने सिएटल स्टॉर्म का मुख्य कोच बनकर डब्ल्यूएनबीए (महिला नेशनल बास्केटबॉल लीग) में नया इतिहास रच दिया है। वह इस प्रतियोगिता में किसी टीम की मुख्य कोच बनने वाली भारतीय मूल की पहली महिला हैं।

इस घटनाक्रम से अवगत एक व्यक्ति ने गोपनीयता की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी। इसकी अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रमन पिछले सत्र में न्यूयॉर्क लिबर्टी में सहायक कोच बनने से पहले चार साल तक एनबीए के मेम्फिस ग्रिजलीज में सहायक कोच थीं। वह डब्ल्यूएनबीए में मुख्य कोच बनने वाली भारतीय मूल की पहली कोच होंगी। सिएटल ने पिछले महीने कोच नोएल क्विन को बर्खास्त कर दिया था। ईएसपीएन ने सबसे पहले इस नियुक्ति की सूचना दी। इस नियुक्ति के साथ न्यूयॉर्क एकमात्र ऐसी टीम है जिसके पास अभी भी कोई मुख्य कोच नहीं है।

रमन का कोचिंग करियर एमआईटी से शुरू हुआ, जहां वह 2008 से 2020 तक मुख्य कोच रहीं। उन्होंने इस स्कूल को दो बार डिवीज़न तीन एनसीएए टूर्नामेंट में पहुंचाया और प्रतियोगिता के इतिहास में सबसे सफल कोच बनी। (अनंत ज्ञान)

### अर्जेंटीना का कोच्चि में मैत्री मैच स्थगित, केरल नहीं आएंगे मेसी

**एजेंसी, कोच्चि।** अर्जेंटीना फुटबॉल टीम और स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी अगले महीने केरल का दौरा नहीं करेंगे। इस दौरे के प्रायोजक ने शनिवार को यह घोषणा की। इससे पहले इस प्रस्तावित फुटबॉल मैच के प्रायोजक एंटो ऑगस्टीन ने केरल के खेल विभाग के साथ मिलकर घोषणा की थी कि मेसी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना की टीम 17 नवंबर को कोच्चि में एक मैत्री मैच खेलेगी। ऑगस्टीन ने अब अपने फेसबुक पेज पर घोषणा की कि यह मैच अगले महीने नहीं होगा। ऑगस्टीन ने लिखा, ''फीफा की अनुमति मिलने में देरी को देखते हुए, अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के साथ चर्चा के बाद इस मैच को नवंबर की विंडो से स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।'' उन्होंने कहा कि केरल में यह मैच अगले अंतरराष्ट्रीय सत्र के दौरान आयोजित किया जाएगा और नई तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# मेसी ने गोल्डन बूट ट्रॉफी हासिल करने के बाद दागे दो गोल

**एजेंसी, फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)**



स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में सर्वाधिक गोल करने के लिए गोल्डन बूट ट्रॉफी हासिल करने के बाद भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

अर्जेंटीना के इस दिग्गज स्ट्राइकर ने दो गोल किए जिससे उनकी टीम इंटर मियामी में नैशविले एससी पर 3-1 से जीत के साथ मेजर लीग सॉकर प्लेऑफ में अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। मेसी ने पहले हाफ में डाइविंग हेडर के साथ स्कोरिंग की शुरुआत की और फिर 96वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। इंटर मियामी ने गुरुवार को मेसी का तीन साल का अनुबंध बढ़ाने की घोषणा की थी। (अनंत ज्ञान)

# ऑस्ट्रेलियाई पैरा बैडमिंटन में भारत के भगत ने जीते दो स्वर्ण पदक

**एजेंसी, विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया)**




पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत ने दो स्वर्ण पदक जबकि सुकांत कदम ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलियाई पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता-2025 में अपना दबदबा बनाते हुए पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

भगत ने फाइनल में हमवतन मनोज सरकार को 21-15, 21-17 से हराकर पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। इसके बाद उन्होंने कदम के साथ जोड़ी बनाकर पुरुष युगल एसएल3-एसएल4 का खिताब अपने नाम किया। फाइनल में उन्होंने उमेश विक्रम कुमार और सूर्यकांत यादव की हमवतन भारतीय जोड़ी को 21-11, 19-21, 21-18 से हराया।

भगत ने कहा, ''मैं ऑस्ट्रेलिया में दो स्वर्ण पदक जीतकर बहुत खुश हूं। मनोज के खिलाफ मुकाबला कड़ा था, हम एक-दूसरे के खेल को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं और जब हम आमने-सामने होते हैं तो यह हमेशा एक चुनौती होती है।'' कदम को पुरुष एकल एसएल4 में सूर्यकांत से 21-23, 21-14, 19-21 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत का शानदार प्रदर्शन जारी रहा और मानसी जोशी ने महिला एकल और रुथिक रघुपति के साथ मिलकर मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीते। रूथिक ने चिराग बरेठा के साथ मिलकर पुरुष युगल का खिताब भी जीता।

**महिला विश्व कप** | **सेमीफाइनल से पहले कमियों को दूर करने की कोशिश करने उतरेगा भारत**

# टीम इंडिया का बांग्लादेश से अंतिम लीग मुकाबला आज

**एजेंसी, मुंबई**



कुछ उतार-चढ़ाव झेलने के बाद महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका भारत रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपने अंतिम लीग मुकाबले में कमजोरियों को सुधारने पर ध्यान देगा। इंदौर में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मुकाबले का विजेता अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहेगा और 30 अक्तूबर को सेमीफाइनल में भारत से भिड़ेगा। भारत बांग्लादेश को हराकर भी चौथे स्थान पर ही रहेगा, जबकि इंग्लैंड तीसरे स्थान पर बना रहेगा।

भारत पर एक समय सेमीफाइनल से बाहर होने का खतरा था, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षा-प्रभावित मुकाबले में 53 रन की जीत से उसने शीर्ष चार में जगह पक्की कर ली। स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल के शतक तथा जेमिमा रोड्रिग्स की नाबाद 76 रन की पारी ने टीम को 340 रन तक पहुंचाया। बारिश के कारण न्यूजीलैंड को 44 ओवर में 325 रन का लक्ष्य मिला, लेकिन वह 271 रन पर रुक गया। रेणुका सिंह ठाकुर ने शुरुआती झटके देकर भारत को मजबूत स्थिति दिलाई।

रविवार को भी बारिश की संभावना है। भारत यदि पहले बल्लेबाजी करता है, तो उसका लक्ष्य बड़ा स्कोर बनाना और शीर्ष क्रम से निरंतरता हासिल करना रहेगा। कप्तान हरमनप्रीत कौर से भी इस मैच में बड़ी पारी की उम्मीद होगी, जो अब तक सिर्फ इंग्लैंड के खिलाफ 70 रन की एक उल्लेखनीय पारी खेल पाई हैं। बांग्लादेश का सफर श्रीलंका से हार के साथ पहले ही समाप्त हो चुका है। एक जीत के साथ वह निचले पायदान पर है और भारत से हारने पर वहीं रहेगा। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 3 : 00 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), उमा छेत्री (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतिका रावल, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, श्री चरणी, राधा यादव।

**बांग्लादेशः** निगार सुल्ताना (कप्तान और विकेटकीपर), फरगना हक, शोभना मोस्तरी, रुब्या हैदर, शर्मिन अख्तर, राबेया खान, रितु मोनी, शोर्ना अख्तर, सुमैया अख्तर, फाहिमा खातून, फरिहा त्रिशा, मारुफा अख्तर, नाहिदा अख्तर, निशिता अख्तर निशि, संजीदा अख्तर मेघला।